सूर्योदय : 6:47
सूर्यास्त : 5:15
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 6.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-181 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 22 दिसम्बर 2024
19 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# केजीएमयू का 120वां स्थापना दिवस

# कोई भी मरीज़ निराश होकर न जाए : योगी

- केजीएमयू के छात्रों ने बढ़ाया है गौरव
- सेवाओं को बेहतर करने के बारे में सोचें
- तकनीक और चिकित्सा विभाग को मिलकर काम करना होगा : मुख्यमंत्री



### डाटा सेंटर की स्थापना होगी

सीएम ने कहा कि सेंटर फॉर एक्सीलेंस विभाग पैसा ले लेता है। समय पर खर्च नहीं कर पाते हैं। पीएलए का पैसा निकलवाकर प्रदेश के कार्मिकों का वेतन दिया। 31 मार्च तक स्वीकृत पैसा न खर्च न कर पाने वाले विभाग का पैसा वापस ले लें। अगले साल फिर आवंटन हो। यहां पर डाटा सेंटर की स्थापना होगी। इसके लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर काम करना होगा।

### 66 मेधावियों को मिले पदक

केजीएमयू के स्थापना दिवस पर कुल 66 मेधावियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदक देकर सम्मानित किया। कुल 132 गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल का वितरण किया गया। इनमें 53 छात्रों के खाते में गए, जबकि पदक पाने वालों में महज 13 छात्र ही अपनी जगह बना सके।

### चिकित्सा क्षेत्र में बजट की कमी नहीं : ब्रजेश पाठक

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में इलाज व मेडिकल की पढ़ाई में तेजी से सुधार किया जा रहा है। बजट की कोई कमी नहीं है। अकेले केजीएमयू में मशीनों की खरीद के लिए 300 करोड़ रुपए का बजट जारी किया है। इससे पहले मशीनों के लिए 50 करोड़ रुपए का बजट था। इससे मरीजों की जांच व इलाज बदलाव आएगा। यहां के चिकित्सक देश दिनिया में केजीएमयू का नाम रोशन कर रहे हैं।

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को केजीएमयू के 120वां स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस मौके पर सीएम ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया।

सीएम ने कहा कि केजीएमयू से पढ़कर निकले छात्रों ने गौरव बढ़ाया। काल का प्रवाह किसी का इंतजार नहीं करता है। 1905 में जब इसकी स्थापना की बात हुई तो उस समय 10 लाख रुपये में शुरू हो गया था। कहा कि आज इसका दायरा डेढ़ सौ एकड़ के क्षेत्र में होने जा रहा है। देश में बहुत कम संस्थानों में इतनी सीटें हैं। सीएम ने कहा कि व्यक्ति और संस्थान की पहचान संकट के समय होती है। चुनौती आने पर बहुत लोग मैदान छोड़ देते हैं। वह समय होता है, जब व्यक्ति को निर्णय लेना होता है। उस समय चुनौती को स्वीकार करने वाला निखरता है। भागने वाला बिखर जाता है। हमें संस्थान और स्वयं के गौरव को बढ़ाना है। ध्यान रखें कि कोई भी मरीज निराश होकर न जाए। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि शासन ने सब कुछ दिया है। आज ही नहीं आगे के 100 सालों की कार्य योजना को देखा है। सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना के दैरान में केजीएमयू ने मिसाल पेश की है। एक मेडिकल कॉलेज के कुछ डॉक्टरों ने खुद को क्वारेंटीन कर लिया। लेकिन, जांच में निगेटिव मिले। मैंने उनको निलंबित किया।

सीएम ने कहा कि केजीएमयू के डॉक्टरों ने काम किया। मिशाल पेश की। कहा कि सर्जरी के लिए 377 करोड़ रुपये के नए भवन के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। फायर सिक्योरिटी के लिए लारी का विस्तार 70 करोड़ रुपये से हो रहा है। कहा कि आपसी सहयोग में और तेजी लाएं। तकनीक और चिकित्सा विभाग को मिलकर काम करना होगा। सीएम ने आगे कहा कि कोविड महामारी के दौरान अमेरिका से दिल के डॉक्टर आए थे। वह कानपुर से पढ़े थे। बीटेक के बाद अमेरिका में जाकर डॉक्टर बन गए। 25 साल पहले अमेरिका में यह सुविधा थी। हमें आगे आने के लिए प्रयास करना होगा। पैसे की कमी नहीं है। काम समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना होगा। सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रहार किया है।

कुवैत में भारतीय प्रवासियों को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# भारतीय पीएम को कुवैत आने में चार दशक लगे

- आप सभी को देख कर ऐसा लग रहा है जैसे मेरे सामने मिनी हिंदुस्तान उमड़ आया



**कुवैत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कुवैत में सामुदायिक कार्यक्रम हाला मोदी को संबोधित किया। उन्होंने कहा, अभी दो ढाई घंटे पहले ही मैं कुवैत पहुंचा हूं, जब से मैंने यहां कदम रखा है तब से चारों तरफ एक अलग ही अपनापन, एक अलग ही गर्मजोशी महसूस कर रहा हूं। आप सब भारत के अलग- अलग राज्यों से आए हैं लेकिन आप सभी को देख कर ऐसा लग रहा है जैसे मेरे सामने मिनी हिंदुस्तान उमड़ आया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए ये पल बहुत खास है। चार दशक से भी ज्यादा समय यानी 43 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री कुवैत आया है। हिंदुस्तान से यहां आने में 4 घंटे लगते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को यहां आने में 4 दशक लग गए। पीएम मोदी ने कहा, भारत दुनिया के उन पहले देशों में से एक है, जिसने कुवैत की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता दी थी। इसलिए जिस देश से, जिस समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं, वहां आना मेरे लिए बहुत यादगार है। मैं कुवैत के लोगों और यहां की सरकार का बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का है, सागर का है और व्यापार-कारोबार का है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक

# बीमा पर कर कटौती नहीं

### जीन थेरेपी में छूट

- पुरानी गाड़ियों के मार्जिन मूल्य पर 18 प्रतिशत
- एसीसी ब्लॉकों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा

### नमकीन पॉपकॉर्न पर पांच प्रतिशत टैक्स

#### एटीएफ को जीएसटी में लाने पर नहीं बनी सहमति



निर्मला सीतारमण ने आगे कहा, एजेंडे में यह अनुरोध रखा गया था कि क्या एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) को जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए। इस पर सहमति नहीं बन पाई है क्योंकि राज्य इससे सहमत नहीं हैं और यह अभी भी वहीं है जहां यह आज है। स्वास्थ्य बीमा से संबंधित निर्णयों के लिए अधिक समय की आवश्यकता है। आईआरडीएआई से इनपुट की प्रतीक्षा है।

**जैसलमेर।** जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, फोर्टिफाइड चावल की गुठली की दर में 5 प्रतिशत की कमी जीन थेरेपी जो जीवन रक्षक बीमारियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, को छूट दी गई है। लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एलआर-एसएएम) प्रणाली रक्षा में बहुत महत्वपूर्ण है। हमने सिस्टम, सब-सिस्टम, उपकरण, टूल, सॉफ्टवेयर को दी जाने वाली जीएसटी छूट को बढ़ाने का फैसला किया है। छूट को और आगे बढ़ाया गया है। व्यापारी निर्यातकों को आपूर्ति पर क्षतिपूर्ति उपकर की दर को घटाकर 0.1 प्रतिशत कर दिया गया है, जो ऐसी आपूर्ति पर जीएसटी दर के बराबर है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 50 प्रतिशत से अधिक फ्लाई ऐश वाले एसीसी ब्लॉकों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। काली मिर्च चाहे ताजी हरी काली मिर्च हो या सूखी काली मिर्च और किशमिश जब किसी किसान की तरफ से आपूर्ति की जाती है तो उस पर जीएसटी नहीं लगेगा। ऋण शर्तों का पालन न करने पर बैंकों और एनबीएफसी की तरफ से वसूले गए दंडात्मक शुल्क या लेवी पर कोई जीएसटी देय नहीं है। वित्त मंत्री ने आगे बताया कि, बीमा प्रीमियम पर टैक्स घटाने का फैसला भी टाल दिया गया है क्योंकि इस पर कई जानकारियां, जैसे आईआरडीएआई की टिप्पणियां, अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं। वहीं बैंकों या वित्तीय संस्थानों की तरफ से उधारकर्ताओं पर लगाए गए दंड शुल्क पर कोई जीएसटी नहीं लिया जाएगा। जीएसटी काउंसिल ने प्री-पैकेज्ड और लेबल्ड आइटम्स की परिभाषा में बदलाव की सिफारिश की है। जब 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू किया गया था, जिसमें एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को शामिल किया गया था, तो पांच वस्तुओं- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) को जीएसटी कानून में शामिल किया गया था, लेकिन यह निर्णय लिया गया था कि बाद में इन पर जीएसटी के तहत कर लगाया जाएगा। इसके साथ ही जीएसटी काउंसिल ने आंध्र प्रदेश की 1त्न आपदा उपकर लगाने की मांग पर विचार करने के लिए मंत्रियों का एक समूह बनाने का फैसला किया है। यह उपकर कुछ लग्जरी सामानों पर लगाया जाएगा ताकि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए संसाधन जुटाए जा सकें। आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पय्यावुला केशव ने कहा कि इस पर सहमति बनी है कि एक त्नशरू बनाया जाए। यह उपकर केवल लग्जरी सामानों पर और राज्य विशेष के लिए लागू होगा। सितंबर-अक्तूबर में आंध्र प्रदेश बाढ़ से प्रभावित हुआ था।

### महाराष्ट्र सरकार में विभागों का बंटवारा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हुआ। सीएम फडणवीस के पास गृह विभाग रहेगा। वहीं, उनके पास कानून न्याय विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग और सूचना एवं प्रभार विभाग की जिम्मेदारी भी रहेगी। वहीं, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को शहरी विकास, आवास और लोक निर्माण जैसे विभाग सौंपे गए हैं। अजित पवार को वित्त विभाग और योजना विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा चंद्रशेखर बावनकुले को राजस्व विभाग सौंपा गया है।

### राहुल गांधी हाजिर हों : एमपी एमएलए कोर्ट ने पेश होने का दिया आदेश

**बरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से दिए गए बयान को लेकर एमपी एमएलए कोर्ट ने उनके खिलाफ वाद दायर कर लिया है। साथ ही नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 को न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए हैं। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान बयान दिया था कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने पर आर्थिक सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके आधार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों में संपत्तियों को बांटा जाएगा। इस बयान का लंबे समय तक विरोध भी किया गया था।






### इसरो-ईएसए के बीच बड़ा समझौता



**बंगलूरू।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, मिशन क्रियान्वयन और अनुसंधान प्रयोगों से जुड़ी गतिविधियों पर सहयोग किया जाएगा। समझौते पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ और ईएसए के निदेशक जोसफ एशबैचर ने हस्ताक्षर किए। इसरो ने एक बयान में कहा, इस समझौते के तहत दोनों एजेंसियां मानव अन्वेषण और अनुसंधान में सहयोग करेंगी। खासकर अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, प्रयोग, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ईएसए की सुविधाओं का उपयोग, मानव और जैव चिकित्सा अनुसंधान प्रयोगों का क्रियान्वयन, साथ ही शिक्षा और जन जागरूकता की गतिविधियों पर मिलकर काम किया जाएगा। बयान में आगे कहा गया कि एक्सिओम-4 मिशन में इसरो के गगनयात्री और ईएसए के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। इस मिशन में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कुछ अन्वेषण का प्रयोग अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए जाएंगे।

# रूस के कजान में 9/11 जैसा अटैक

- यूक्रेन ने 8 ड्रोन दागे
- छह रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया
- कजान एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें रोकी गईं



**मॉस्को।** रूस के कजान शहर में शनिवार सुबह अमेरिका के 9/11 जैसा हमला हुआ। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेन ने कजान पर 8 ड्रोन अटैक किए। इनमें से 6 अटैक रिहायशी इमारतों पर हुए। कजान शहर रूस की राजधानी मॉस्को से 720 किलोमीटर दूर है। अभी तक हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है।

सोशल मीडिया पर हमले के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कई ड्रोन इमारतों से टकराते नजर आ रहे हैं। इन हमलों के बाद कजान समेत रूस के दो एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। अमेरिका में 2001 में आतंकियों ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर इसी तरह से 4 प्लेन हाईजैक कर हमला किया था। इनमें से 3 प्लेन एक-एक कर अमेरिका की 3 अहम इमारतों में क्रैश कराए गए। पहला क्रैश 8 बजकर 45 मिनट पर हुआ। बोइंग 767 तेज रफ्तार से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर से जा टकराया। 18 मिनट बाद एक दूसरा बोइंग 767 बिल्डिंग के साउथ टॉवर से जा टकराया था। इन हमलों में लगभग 3000 लोग मारे गए थे। 4 दिन पहले ही रूस के न्यूक्लियर चीफ इगोर किरिलोव की मॉस्को में हुए एक ब्लास्ट में मौत हो गई थी। हमले के वक्त किरिलोव अपार्टमेंट से बाहर निकल रहे थे, उसी वक्त नजदीक खड़े स्कूटर में ब्लास्ट हो गया। इसमें किरिलोव के साथ-साथ उनका अस्टिटेंट भी मारा गया था।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने यूक्रेन के अधिकारियों के हवाले बताया था कि किरिलोव की हत्या यूक्रेन ने ही कराई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस एजेंसी से जुड़े एक सूत्र ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। यूक्रेन सिक्योरिटी सर्विसेज का आरोप था कि किरिलोव की लीडरशिप में रूस ने लगभग 5,000 बार रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था।

# अवैध प्लाटिंग पर डीएम खफा, कसेगा शिकंजा

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिले में अनियोजित विकास पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर भू-खण्ड/भूमि पर अनियोजित तरीके से कृषि भूमि पर अवैध भू-खण्ड विभाजन करते हुए प्लाटिंग का कार्य करने वालों पर एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।



ऐसे 20 प्रॉपर्टी डीलर को चिन्हित करते हुए नियत प्राधिकारी एसडीएम (सदर) की ओर से आर0बी0ओ0 एक्ट 1958 की धारा-10 के अन्तर्गत नोटिस भेजे गए है। वही 30 स्थलों पर आमजन की जागरूकता वाले फ्लेक्सी भी लगाए गए है एसडीएम (सदर)/ नियत प्राधिकारी (विनियमित क्षेत्र लखीमपुर) अश्विनी कुमार सिंह ने प्रॉपर्टी डीलर्स को भेजी नोटिस में उल्लेख किया है कि कृषि भूमि को बिना अकृषक घोषित कराये तथा सक्षम स्तर से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये किये जा रहें अवैध प्लाटिंग को रोक कर तत्काल हटा ले, अन्यथा की दशा में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, 15 दिवस में पक्ष प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में यह माना जायेगा कि उनके द्वारा कुछ नहीं कहा जाना है। ऐसी स्थिति में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को बलपूर्वक नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

भू-खण्डों को क्रय करने वाले स्वामियों को जन सामान्य के अनुरूप मूलभूत सुविधायें न उपलब्ध कराने पर प्रॉपर्टी डीलर्स पर सख्त कार्रवाई की जाएगी एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजा गया है जहां कृषि भूमियां जो कि अकृषक घोषित नहीं है, पर आवासीय कालोनी बनाने के उद्देश्य से अवैध प्लाटिंग कर व्यवसायिक कार्य किया जा रहा है। सम्बन्धित विभाग से बगैर मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। भू-खण्ड क्रेता को मूलभूत सुविधायें यथा सम्पर्क मार्ग, रास्ता, नाली, विद्युत व्यवस्था, पीने का पानी, पार्क इत्यादि मानक के अनुरूप नहीं बनाया गया है। रेरा अधिनियम (विनिमय एवं विकास) के अन्तर्गत पंजीकरण कराये बिना प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। स्थल पर जनमानस को भ्रमित करते हुए क्रय-विक्रय का बोर्ड लगाकर अवैध ढंग से प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि विनियमित

■ एसडीएम ने 20 को थमाया नोटिस

क्षेत्र सीमान्तर्गत किसी भी प्रकार का आवासीय/व्यवसायिक एवं अन्य प्रकार के भवन निर्माण किये जाने से पूर्व कार्यालय, नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र से मानचित्र अनुमोदित करवाना जरूरी है।

बिना अनुमति प्राप्त किये निर्माण करना पूर्णतया अवैध है, जिसके विरूद्ध आरवीओ एक्ट-1958 की धारा-10 के तहत कार्यवाही करते हुए ध्वस्तीकरण कर दिया जायेगा। विनियमित क्षेत्र सीमान्तर्गत प्लॉट/भूखण्ड क्रय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उस क्षेत्र का तलपट मानचित्र स्वीकृत है अथवा नहीं। तलपट मानचित्र स्वीकृत न होने की स्थिति में पृथक-पृथक भवन का मानचित्र स्वीकृत किया जाना सम्भव नहीं होगा। अवैध रूप से विकसित कालोनी में भू-खण्ड क्रय किये जाने के उपरान्त सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधायें यथा विद्युत कनेक्शन, जल निकासी हेतु नाली, सड़कें, सम्पर्क मार्ग, पीने का पानी आदि प्रदान नहीं की जायेगी। भू-खण्ड क्रय करने से क्रेता यह सुनिश्चित कर लें कि स्थल पर विकास कार्य यथा पार्क, सड़क, नाली, विद्युतीकरण आदि का कार्य विक्रेता/ विकासकर्ता द्वारा स्थल पर किया जायेगा।

### यह एरिया घोषित है विनियमित क्षेत्र

एसडीएम ने बताया कि शासनादेश के माध्यम से नगर पालिका परिषद लखीमपुर, टाउन एरिया खीरी एवं आसपास के 27 गांवों (बांसखेड़ा, राजापुर, मुड़ियाखेड़ा, अर्नीखाना, भंसड़िया, छाउछ, उदयपुर महेवा, मिदनियां, सैधरी, लखीमपुर देहात, प्यारेपुर, सलेमपुर, मीरपुर, रामापुर, पहाड़ापुर, लाहौरी नगर, बाँसताली, कुवंरपुर, सरॉय, सरॉय सकनट, सरॉय रत्ता, महावत कैमहरा, पनगी कलां, जयदरथ, पट्टी विजयी, बरखेरवा, नौरंगाबाद) विनियमित क्षेत्र घोषित है।

# डीएम-एसपी ने जांचे परीक्षा केंद्र : पीसीएस परीक्षा की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित सम्मिलित पीसीएस प्री परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह, उप्र लोक सेवा आयोग से नियुक्त जनपदीय समन्वयी पर्यवेक्षक अनिल कुमार के साथ नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या महाविद्यालय सहित अन्य केंद्रों की व्यवस्थाओं की जांच की। डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, कक्ष निरीक्षण और स्ट्रॉन्ग रूम की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने केंद्रों में नियुक्त कक्ष निरीक्षकों की जानकारी ली और लोक सेवा आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को परिचय पत्र जारी करने पर विशेष जोर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग और अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों से निर्धारित दूरी पर ही वाहन खड़े हों, यह सुनिश्चित किया जाए।



■ सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम देखा

# समाधान दिवस में 54 शिकायती आयीं मात्र सात का मौके पर हुआ निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील सदर के लोकसभागार में 'संपूर्ण समाधान दिवस' आयोजित हुआ।

इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 22, पुलिस 14, विकास 05, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 04, कृषि के 02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीएफओ संजय विश्वाल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## गणपति इंफ्रा और गणपति लीजिंग इंफ्रा पर मुकदमा

**आगरा।** हड़बड़ी में गड़बड़ी करने वाले गणपति इन्फ्रास्ट्रचर डेवलपमेंट कंपनी और गणपति लीजिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के कर्ता-धर्ता अब मुसीबत में फंस गए हैं। इन्हें रेल लैंड डेवलपमेंट अथारिटी ने केवल गधापाड़ा मालगोदाम की जमीन का आवंटन लेटर ही दिया था। भूमि हस्तांतरण से पहले ही मालगोदाम के अंदर एंट्री कर ली। लीज आवंटन के बाद जमीन पर भौतिक कब्जे की प्रक्रिया पूरी होनी थी, लेकिन बिल्डर्स को इतनी हड़बड़ी थी कि सीधे अपने स्तर से ही जमीन पर कब्जा लेकर वहां हरे पेड़ों पर आरी चलवा दी। पेड़ों की टहनियां वहां जलाई भी गईं। बिल्डर की ओर से सब कुछ इस तरह किया जा रहा था मानो उसे किसी का खौफ ही नहीं था। हड़बड़ी इतनी ज्यादा थी कि मालगोदाम की बाउंड्री पर आवासीय प्रोजेक्ट के होर्डिंग भी लग गए। जानकार सूत्रों की मानें तो रेलवे मालगोदाम पर रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स की भी तैनाती रहती है।

# गृहमंत्री की टिप्पणी अशोभनीय : समाजवादी पार्टी

## सपा ने धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी ने लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता दबे कुचले दलितों पिछडों के मसीहा बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर साहब के लिए अपमान जनक टिप्पणी करने के विरोध में स्थानीय विलोबी मेमोरियल मैदान में धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन में मांग की गई है कि बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर के प्रति अपमान जनक टिप्पणी देश के गृहमंत्री अमित शाह ने की है जो बहुत ही निन्दनीय है ऐसी अशोभनीय टिप्पणी से पूरे देश में विरोध हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान देश की आत्मा है और पूरे देश को संविधान से ही न्याय मिलता है।

बाबा साहब को पीडित, शोषित, वंचित व संविधान को मानने वाले लोग उन्हे भगवान की तरह मानते है। गृहमंत्री की अशोभनीय टिप्पणी से करोडों लोगों की भावनाएं आहत हुई है। गृहमंत्री की इस टिप्पणी से दलित, पिछडों के प्रति भाजपा के संविधान विरोधी मांसिकता प्रकट होती है। स्माजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान को मजबूत बनाना है जिससे दलित, पिछडे समाज में खुशहाली आए। समाजवादी पार्टी इस ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति से मांग करती है कि देश के गृहमंत्री अपनी अशोभनीय टिप्पणी के लिए देश की जनता से मांफी मांगे तथा बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर जी पर की गई अपमान जनक टिप्पणी पर गृहमंत्री को मंत्रिमंडल से अति शीघ्र हटाया जाए।



धरना प्रदर्शन ज्ञापन देने के समय पार्टी के रामपाल सिंह यादव, अंसार महलूद, शशांक यादव, विनय तिवारी, रामसरन, सुनील लाला, अनुराग पटेल, मो0 कयूम खां, श्री कृष्ण राज, अशोक वर्मा, आरपी चौधरी, विजय पाठक, अशोक कश्यप, हिमांशू पटेल, नरेश यादव, वीरेन्द्र वर्मा , सुरेन्द्र भण्डारी, इसरार अहमद, अमित वर्मा, यशमोहन पटेल, प्रवीन यादव, प्रख्याति खरे, मो0 अफजाल, उमेश गिरि, शेर सिंह यादव, उदय भान यादव, अशोक वर्मा, आकाश गुप्ता, हेमंत भार्गव, भूपेन्द्र सिंह वर्मा, अजय सिंह, मो. जुबेर, मो. आरिफ, सुभाष कश्यप, मुन्ना यादव, रामजीवन यादव, जितेन्द्र वर्मा, आरती जनवार, बिटोला बेगम, मिर्जा शेखू, अक्षय राज, सुधीर यादव, राघवेन्द्र गौतम, दानिश अब्दुल्ला, दीपू तिवारी, नेत्र प्रकाश मिश्रा, भरत लाल कश्यप, अनुराग त्रिवेदी, धर्मदत्त कुनाल, शहनवाज, अरशद, एहतिशाम खान, हकीउल्ला सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

# बोर्ड सदस्य अनूप खन्ना ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** अम्बाला डिवीजनल के रेलवे यूजर्स सलाहकार बोर्ड के सदस्य अनूप खन्ना ने सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्यो एवं व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया।

डिवीजनल रेलवे यूजर्स सलाहकार बोर्ड के सदस्य अनूप खन्ना ने सहारनपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी व रेलवे के अन्य अधिकारियों के साथ सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई, स्वचालित सीढ़ियां, लिफ्ट, फर्स्ट एवं द्वितीय क्लास के यात्री वेटिंग रूम, लिफ्ट, पुराने व नये शहर की रिजर्वेशन व टिकट विंडो, भोजन की गुणवत्ता आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरान्त रेलवे स्टेशन पर सभी व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पाई गई।

निरीक्षण के दौरान उन्होने प्रस्ताव दिया कि प्लेटफार्म न.4 व 5 पर भी स्वचालित सीढियां संचालित होनी चाहिए क्योकि पुराने शहर से यात्रियों का आवागमन अत्याधिक रहता है, नये शहर के यात्रियो की सुविधाओ हेतु कचहरी पुल के निकट एक सांकेतिक बोर्ड भी लगा होना चाहिए ताकि नये शहर की ओर स्थापित स्वचालित सीढ़िया का प्रयोग यात्री स्टेशन पर पहुँचने के लिए कर सकें।

## उस्ताद जाकिर हुसैन को सरोद वादन के साथ दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**सहारनपुर।** स्पिक मैके व सहारनपुर जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उस्ताद जाकिर हुसैन के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सरोद वादन के साथ श्रद्धांजलि दी गयी।

गांधी पार्क स्थित सेठ गंगा प्रसाद महेश्वरी स्थित जनमंच सभागार में सर्वप्रथम जिलाधिकारी मनीष बंसल, सीडीओ सुमित महाजन, डीपीएस की प्रधानाचार्य आदेश सिसौदिया, स्मॉल वंडरस की प्रधानाचार्य सविता मखीजा, एसपीएस के प्रधानाचार्य सुधीर जोशी ने जाकिर हुसैन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कैंडल लाइट से श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात स्पर्श संस्था की प्रस्तुति में डीपीएस एवं स्मॉल वंडरस के छात्र-छात्राओ द्वारा सरोद, सारंगी, संतूर, बांसुरी, सितार व हारमोनियम वाद्यो को बजाते भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उस्ताद ज़ाकिर हुसैन के जीवन एवं अहम पहलुओं को याद करते हुए एक डॉक्यूमेंटरी दिखाई गयी।

# सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव: बिशम्भर पुंडीर गुट के प्रत्याशियों का कब्जा

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में बाबू बिशम्भर सिंह पुंडीर के प्रत्याशियों ने अध्यक्ष व महासचिव समेत सभी 11 पदो पर अपना कब्जा जमा लिया। अध्यक्ष पद पर अभय सिंह सैनी ने प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच के जयवीर सिंह को 218 मतों के अंतर से शिकस्त दी। जबकि अजय कौशिक को महासचिव व रूद्र प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

स्थानीय दीवानी कचहरी परिसर में मुख्य चुनाव आयुक्त सत्यपाल सिंह सैनी, चुनाव आयुक्त अक्षय मित्र वत्स, शहजाद अंसारी, सुनील कुमार पुंडीर की देखरेख में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुयी मतगणना में बाबू बिशम्भर सिंह पुंडीर गुट के प्रत्याशी सभी 11 पदो पर अपना परचम लहराने में कामयाब रहे।



■ अभय सिंह सैनी अध्यक्ष अजय कौशिक महासचिव व रूद्र प्रताप बने कोषाध्यक्ष

अध्यक्ष पद पर अभय सिंह सैनी ने 859 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रगतिशील अधिवक्ता मंच के जयवीर सिंह को 218 मतों अंतर से शिकस्त दे दी। जयवीर सिंह को 641 व साधू सिंह चौहान को मात्र 17 मत हासिल हुए। महासचिव पद पर अजय कौशिक ने 848 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच के धर्मेन्द्र कुमार को 182 मतों से पराजित कर दिया। धर्मेन्द्र कुमार को 666 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद रूद्र प्रताप सिंह 844 मत हासिल कर विजयी रहे, जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच के मौ.मसरूर मलिक को मात्र 665 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नमित कुमार जैन ने 407 मतों के अंतर से जीत हासिल की। नमित कुमार जैन को 925 व मुंतजिर अली को 518 मत मिले। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विपिन कुमार ने 118 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

## संक्षेप खबरें

### एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी (अवधनामा संवाददाता )।** थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 513/2024 धारा 70(2) /74 /76/ 191(2)/351(3)/333 बीएनएस व 5जी/6 पाक्सो एक्ट व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

### युवती को बहला-फुसलाकर भगाने वाला दबोचा

**सहारनपुर (अवधनामा संवाददाता )।** कोतवाली नगर पुलिस ने नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। नगर कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 8 सितम्बर को वादी की तहरीर पर वादी की नाबालिग बहन को वादी के घर से बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में सोनू उर्फ रियाज पुत्र फरमान निवासी मौहल्ला शाहमदार थाना कोतवाली नगर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

### सपाइयों ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज (अवधनामा संवाददाता )।** लोकसभा में बाबा साहब अम्बेडकर पर टिप्पणी का आरोप लगाकर शनिवार को सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। सपाई पार्टी के जिला कार्यालय से पैदल नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित पत्र अपर उप जिलाधिकारी को सौंपे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्यासागर ने बताया कि समाजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करना है, जिससे दलित, पिछड़े, समाज के जीवन में खुशहाली आए। समाजवादी पार्टी ने भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए जनता से माफी मांगी जाय। इस दौरान शमशुल हुदा खान जिला सचिव, दिनेश यादव, पारस नाथ यादव, निमेष मंगल, सुशील कुमार, प्रणय गौतम जिला उपाध्यक्ष, अमरजीत सहानी फिरोज आलम,विजय यादव, डॉ शेषनाथ ,राजेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद थे।



### स्वामी विवेकानंद के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए : एमएलसी

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के शिशु विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर के सदस्य विधान परिषद डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने नव निर्मित द्वय कक्षा कक्ष का लोकार्पण किया। विद्यालय के भवन निर्माण में विधायक निधि योजना द्वारा करीब 16 लाख 80 हजार खर्च हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रचारक गोरक्ष प्रांत रमेश जी रहे। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद और चाणक्य के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्या भारती के जिला मंत्री अशोक कुमार गुप्त, विद्या भारती समिति के प्रदेश मंत्री विनोद कांत, भारत नेपाल विद्या भारती के राघव जी, सीमा जागरण मंच के प्रांत महा मंत्री जितेंद्र पाल सिंह, प्रधानाचार्य अम्बरीष त्रिपाठी सहित अन्य तमाम लोग उपस्थित रहे।



### पोखरी पर अवैध कब्जा का लगाया आरोप

**महराजगंज(मिठौरा)(अवधनामा संवाददाता )।** चौक थानाक्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर ग्राम सभा के साधोचक निवासी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पोखरे पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। जिसमें उन्होंने जिलाधिकारी से अतिक्रमण हटवाकर उचित कार्यवाही की भी मांग की है। शिकायतकर्ता गोरख वर्मा ने अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि टोला साधोचक में पोखरी संख्या 155 रकबा 0.057 हे0 है।

## डीएम एवं एसएसपी ने पीसीएस परीक्षा के तहत किया केन्द्रों का निरीक्षण

**सहारनपुर।** जनपद में आयोजित होने वाली पीसीएस परीक्षा एवं अग्निवीर भर्ती सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट एवं एसएसपी द्वारा परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया गया।

जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण द्वारा अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, एस0ए0एम0 इण्टर कॉलेज सहित कई परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। उन्होने प्रधानाचार्य कक्ष में बने कन्ट्रोल रूम से भी सभी कक्षों की स्थिति को देखा। मनीष बंसल ने कहा कि नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। उन्होने कहा यदि इस दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास कोई भी कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आता है या कोई अभ्यर्थी अनुचित कार्य करता हुआ पाया जाता है ।

# घर में घुसकर हुयी लूट का खुलासा, दो लुटेरे गिरफ्तार, माल बरामद

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** बेहट कोतवाली पुलिस ने दो शातिर लुटेरो को दबोचकर घर में घुसकर हुयी लूट की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये बदमाशों के कब्जे से चोरी के आभूषण व हजारों रूपये की नगदी बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने पुलिस लाइन सभागार में जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 2 दिसंबर को वादी नरेश पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम कादरपुर थाना बेहट की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ वादी के भाई मोहर सिंह के घर में घुसकर वादी की मां के कान का कुण्डल व अन्य सामान लूट ले जाने के संबंध में थाना बेहट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज बेहट कोतवाली प्रभारी सत्येन्द्र प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार व अभिषेक चौरसिया के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर मनमाजरा रोड स्थित टयूबवैल के पास से दो शातिर लुटेरो अरूण पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला ग्राम ताजेवाला थाना खिदराबाद जिला यमुनानगर हरियाणा व तेजपाल पुत्र राजपाल निवासी कस्बा व थाना रैपुर रानी पंचकुला चण्डीगढ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये बदमाशों के कब्जे से लूटे गये 26400 रूपये नकद, दो कडे व दो मफ्लर बरामद कर लिये। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये लुटेरो ने बताया कि विगत् 1 दिसम्बर की रात्रि में हमने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम कादरपुर में एक घर में घुसकर लूटपाट की थी।



## बोलोरो की टक्कर से एक की मौत दूसरा गंभीर

**निचलौल(महराजगंज)।** शनिवार की सुबह लगभग चार बजे निचलौल के मुख्य तिराहे पर तेज रफ्तार की बोलेरो दो युवकों को टक्कर मारते हुए मुख्य तिराहे में जाकर टकरा गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई दूसरा गंभीररूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की भोर में ग्राम विशुनपुरा निवासी मंजेश पुत्र प्रसाद 25 वर्ष और नेपाल के प्रतापपुर जिला नवलपरासी निवासी चंद्रभान पुत्र लक्ष्मण बेंगलुरु से रोजीरोटी कमा कर अपने घर वापस जा रहे थे। प्रेस की गाड़ी से शनिवार की भोर में निचलौल मुख्य तिराहे पर उतर रहे थे, उसी समय तेज रफ्तार बोलोरो ने दोनो युवकों को रौंदते हुए मुख्य तिराहे में ठोकर मार दिया। घटना की सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य निचलौल भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया।

# उपसभापति शाहनवाज ने बाल उत्सव मेला का किया उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** कंपोजिट विद्यालय लभेड़ा दुर्गाप्रसाद में शनिवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहकारी साधन समिति के उपसभापति शाहनवाज ने किया। इसमें कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने भाग लिया। इसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपना हुनर दिखाया। स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों ने बाल मेले में जमकर लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि शाहनवाज ने बाल दिवस पर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में भी जागरुक किया। आयोजन का संचालन कर रही प्रधानाध्यापिका समीना फातिमा ने बताया की विद्यालय की ओर से जहां छात्रों द्वारा द्वारा चाउमीन, मैगी, फुल्की, टा़फी ,जलेबी, समोसा आदि की दुकान लगाई गई। इस दौरान बच्चों ने अपने पाठ्यक्रम से संबंधित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई तथा अतिथियों संग अभिभावकों को बनाई हुई कलाकृतियों के बारे में विस्तार से समझाया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका समीना फातिमा, शिक्षिका ललिता, प्रिया, सपना, रुचि, शिक्षक कृष्ण पाल, हरीश गंगवार, दीपक, सुरेंद्र अखिलेश आदि लोग मौजूद रहे।

# एंटीकरप्शन टीम का तहसील में छापा रंगेहाथों दबोचे गए कानूनगो

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** झांसी से आई एंटीकरप्शन टीम ने तहसील कोंच में रिश्वतखोर कानूनगो के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यहां दिनों-दिन गर्मा रहे भ्रष्टाचार के बाजार में एंटीकरप्शन टीम ने छापा मारकर ठंडा कर दिया और कानूनगो को रिश्वत लेते रंगेहाथों दबोच लिया। टीम के छापे से हड़कंप मच गया। टीम ने दो दलालों को भी मौके से गिरफ्तार किया है। सारी कार्रवाई किसी एक्शन फिल्म के सीन की तरह नजर आ रही थी। टीम के पीछे जब भीड़ लग गई तो उन्होंने पिस्टल लहरा कर भीड़ को दूर किया। दरअसल, उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र बनवाने के एवज में एक महिला से 30 हजार रुपये की डील डन हुई थी और रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने तहसील में पदस्थ एक राजस्व निरीक्षक सहित दो दलालों को रंगेहाथों पकड़ लिया। एंटी करप्शन टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई से समूचे तहसील परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के ग्राम परैथा निवासी शिवेंद्र सिंह पटेल जौनपुर में शिक्षक थे जिनका निधन बीती 30 अगस्त को जौनपुर में ही हो गया था। पति का निधन हो जाने के बाद पत्नी राधा पटेल ने यहां कोंच तहसील में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए करीब दो माह पूर्व आवेदन किया था। बताया जा रहा है कि तभी से वह काम कराने के लिए राजस्व निरीक्षक पिरौना सर्किल के चक्कर लगा रही थी। बकौल शिकायतकर्ता महिला, राजस्व निरीक्षक ने काम कराने के एवज में 70 हजार रुपये की डिमांड की और फिर आखिर में मामला 30 हजार रुपये में तय हुआ। परेशान राधा ने पूरे मामले की जानकारी एंटी करप्शन टीम झांसी को दे दी। सुबह करीब 9 बजे ही दो गाड़ियों में सवार एंटी करप्शन टीम के करीब दर्जन भर सदस्यों ने तहसील के आसपास डेरा डाल लिया और गाड़ियों में लगी पुलिस की बत्ती निकालकर गाड़ी के अंदर रख ली। वहीं पूरी योजना के तहत दोपहर के समय शिकायतकर्ता महिला अपने पनयारा गांव निवासी भाई के साथ तहसील पहुंची और सीधे राजस्व निरीक्षक कक्ष में जा पहुंची जहां राजस्व निरीक्षक के कहने पर उसने दो दलालों को केमिकल लगे रुपये थमा दिए। जैसे ही उसने रुपये दिए, एंटी करप्शन टीम ने राजस्व निरीक्षक निवासी उरई सहित दलाल माताप्रसाद वर्मा पुत्र श्रीराम किशुन निवासी भेंड़ और सौरभ यादव पुत्र भानुसिंह निवासी ग्राम भरसूडा को घेरकर दबोच लिया। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और सिविल ड्रेस में इस प्रकार से पकड़ा धकड़ी किए जाने पर लोग आगे बढ़ने लगे जिसको देख टीम के सदस्यों ने अपनी-अपनी पिस्टल निकालकर भीड़ को यह जताया कि वह कोई साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि एंटी करप्शन टीम के सदस्य हैं।

## डॉ अरशद मंसूरी ने दरगाह पर जाकर मुकेश राजपूत के लिए दुआ की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** देश के प्रथम मुस्लिम देहदानी एवं भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता डॉ अरशद मंसूरी ने कायमगंज की मशहूर दरगाह हज़रत जूही शाह बाबा के यहाँ मत्था टेक कर सांसद मुकेश राजपूत के लिए दुआँ की! डॉ अरशद मंसूरी ने अल्लाह से दुआँ करते हुए मुकेश राजपूत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। डॉ अरशद मंसूरी ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि ये हमारे देश की विडम्बना ही है जो एकदूसरे सांसद की अवहेलना इस तरह करते हैं कि हिंसक होने के दायरे में आकर धक्का देकर चोट पहुंचाने का दुस्साहस कर बैठते हैं। फर्रुखाबाद जिले के सांसद माननीय मुकेश राजपूत की गम्भीर चोट इस बात का उदाहरण है। हम सभी इस घटना की निंदा करते हैं और ईश्वर से उनके अतिशीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## विश्व ध्यान दिवस मनाने के लिए एकत्र होंगे लोग



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 21 दिसंबर 2024 को दुनिया भर के लोग विश्व ध्यान दिवस मनाने के लिए एकत्र होंगे जो ज्ञान के मानसिक भावनात्मक और शारीरिक लयों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक दिन है इस महत्वपूर्ण अवसर पर रोमा हेमवानी जल ध्यान मुद्रा द्वारा प्राचीन योग शैली का लाइव प्रदर्शन करेंगे यह असाधारण कार्यक्रम एक नया मिल का पत्थर स्थापित होगा जिसमें जल में ध्यान मुद्रा का सबसे लंबा रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की।

## अम्बेडकर विचार मंच ने गृहमंत्री का फूंका पुतला



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** डा अम्बेडकर विचार मंच के सैकड़ों की संख्या में संगठन के अध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय में देश के गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंक कर विरोध जताया और उनके इस्तीफे की मांग किया। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवां दीपक कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि देश के गृहमंत्री द्वारा दलितों और पिछड़ों,अल्पसंख्यकों और दीन दुखियों के मसीहा डा भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का कार्य किया गया है। उन्हें देश माफ नहीं करेगा। तथा उन्हें तत्काल पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान रामरतन, अशोक कुमार, दुर्गेश मास्टर, अभिनाश भारती, अजय कुमार, रामहरि, नागेन्द्र, मिथिलेश कुमार, रामचंद्र सहित अनेक संगठन का कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एचआईवी पाज़िटिव व्यक्तियों के साथ भेदभाव नहीं करें

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने जागरूकता पर जोर दिया एचआईवी संक्रमण को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एचआईवी संक्रमण छूने, साथ रहने या दैनिक गतिविधियों के दौरान नहीं फैलता। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी के फैलने का मुख्य कारण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या गलत इंजेक्शन का इस्तेमाल है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को स्वीकार करने और उनके साथ समान व्यवहार करने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया कि इस बीमारी के प्रति भय और भेदभाव को खत्म करें। मेडिकल कॉलेज में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को उचित चिकित्सा और परामर्श देने की व्यवस्था की गई है। डॉक्टर ने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को सामाजिक समर्थन और मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने के लिए परिवार और समाज की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना है कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति भी समाज का हिस्सा हैं और उनके साथ समानता का व्यवहार किया जाना चाहिए।



## एक मुश्त समाधान योजना के तहत तीन चरणों में उपभोक्ता अपना बिल जमा कर सकते है

**जलालपुर अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** एक मुश्त समाधान योजना के तहत आज रफीगंज विद्युत उपकेंद्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस योजना को सफल बनाने के लिए गांवों और बाजारों में प्रचार प्रसार किया गया। आपको बता दे कि तीन चरण में उपभोक्ता अपना बिजली का बिल जमा कर सकते हैं। पहले चरण में 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 100 प्रतिशत दूसरे चरण में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक 70 प्रतिशत और तीसरे चरण में 16 जनवरी से 31 जनवरी तक 60 प्रतिशत उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस मौके पर अवर अभियंता राघवेंद्र यादव, टेक्नीशियन सूर्यपाल प्रजापति, संघर्ष वर्मा, हरिवंश, मंसाराम मौर्य मौजूद रहें।



## जहाँगीरगंज थाना प्रभारी को कोर्ट ने दिया नोटिस

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जहांगीरगंज थाना पुलिस द्वारा कोर्ट के आदेश का पालन न करने के गंभीर मामला सामने आया है। कई आदेशों का पालन न करने से नाराज कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। थाना प्रभारी को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए कहा कि सुधार न होने पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी थानों में चल रही मनमानी का एक नया मामला सामने आया है। कभी रात्रि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लापरवाही पकड़ में आती है तो कभी अक्सर केस दर्ज करने में आनाकानी सामने आती रहती है। अधिकारियों के हस्तक्षेप पर केस दर्ज होता है लेकिन जिम्मेदार थाना प्रभारियों पर कार्रवाई न होने से स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा। ताजा मामला जहांगीरगंज पुलिस की मनमानी का है। सिविल जज जूनियर डिवीजन/न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में सद्दाम उर्फ तनवीर ने एक मामले में आत्मसमर्पण के लिए प्रार्थनापत्र दिया। कोर्ट ने 18 नवंबर को पत्र के जरिये जहांगीरगंज पुलिस को 25 नवंबर को आख्या देने का आदेश दिया। इसके बाद भी 19 दिसंबर तक कोर्ट को आख्या देने की जरूरत नहीं महसूस हुई।

## सूचना

मैं शपथी शरी फुल हसन आयु लगभग 45 वर्ष पुत्र अनवर अली निवासी-रिंग रोड, दुबग्गा, न्यू फरीदपुर, काकोरी, लखनऊ-227107 का हूं शपथी का पुत्र मो. सैफ आयु बालिग और पुत्र वधू सना खातून गलत संगत में पड़कर मुझ शपथी व शपथी के अन्य परिवारीजनों के साथ गाली-गलौज व मार-पीट करते रहते हैं और हमे खाना कपड़ा, दवाई खर्चा इत्यादि भी नहीं देते हैं और बिना मतलब प्रताड़ित करते रहते है। अपने पुत्र मो. सैफ और पुत्रवधू सना खातून को अपने पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है आज की तिथि के बाद यदि शपथी का पुत्र व पुत्रवधू कोई भी घटना कारित करते हैं, तो शपथी व उसके परिवार का उससे कोई भी सरोकार नहीं होगा। आज की तिथि से मो. सैफ व पुत्रवधू सना खातून से कोई भी सम्बन्ध नहीं रहा और न रहेगा।

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर।** बरेली में लेखपाल मनीष कश्यप की हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग और कारवाई करने की मांग को लेकर तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष रत्नेश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में करीब दो दर्जन लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन में मांग किया गया है कि लेखपाल मनीष कश्यप की मौत की जांच डीएनए के आधार पर कराई जाय। हत्या की जांच सीबीआई से कराई जाय। दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिया जाये मृतक लेखपाल के स्वजन को 50 लाख आर्थिक सहायता दिया जाये। मृतक आश्रित को नौकरी दी जाये, शस्त्र लाइसेंस एसडीएम के रिपोर्ट पर दी जाये लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के साथ हो रही घटना को गैरजमानती घोषित किया जाये रात्रि निवास के लिए बाध्य न किया जाए, ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जाये अवैध खनन पकड़ने में ड्यूटी न लगाई जाये। इस दौरान अरविंद कुमार, वरुण सिंह, नीतीश कुमार, सुजीत द्विवेदी, आशीष सिंह, अनमोल सिंह, रत्नेश राय, सुनील सिंह सहित अनेक लेखपाल मौजूद थे।

# सीएम योगी से मिलकर चहक उठे स्कूली बच्चे

- सर्किट हाउस से सटे आंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों से मिले मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** अनुशासित शासन व्यवस्था के लिए देश-दुनिया में सुप्रसिद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व का एक खास पहलू है, बाल प्रेम। देश के भविष्य के बीच सीएम योगी, वर्तमान के अपने निजी व्यस्तता में भी समय निकाल ही लेते हैं। प्रोटोकॉल से इतर मुलाकात, प्यार-दुलार, आशीर्वाद के बीच बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी बातें करना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। तभी तो कानून व्यवस्था को लेकर सख्त छवि वाले मुख्यमंत्री से मिलकर बच्चे चहक उठते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम और बच्चों के साथ परस्पर जुड़ाव की अनुभूति का एक दृश्य शनिवार दोपहर बाद गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर में जीवंत हुआ। सीएम योगी आजीविका मिशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोरखपुर आए। इसे लेकर शनिवार को गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर के हेलिपैड पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी।

इसी बीच जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर यहां लैंड हुआ, परिसर से सटे और एक बंद गेट से उस पार पड़ने वाले आंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों का उत्साह और उल्लास आसमान छूने लगा। हवा में लहराते सैकडों बच्चों के हाथ देख और बालकंठ से समवेत गुंजित अभिवादन की आवाज सुन सीएम योगी पहले से तय कार्यक्रम स्थल (योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह) जाने की बजाय मुस्कुराते हुए बच्चों के पास पहुंच गए। फिर शुरू हुआ वही सिलसिला जो मुख्यमंत्री को अलहदा बनाती है। बाल प्रेम, बच्चों के लिए प्रोटोकॉल से बेपरवाह।

आंबेडकर पार्क के बंद गेट के पास बच्चों को प्यार-दुलार, खूब पढ़ने का आशीष तो जमकर हंसी ठिठोली भी। अकस्मात इस आत्मीय मुलाकात-संवाद के बीच बंद गेट से कई बच्चों ने मुख्यमंत्री की तरफ हाथ बढ़ा दिया और सीएम योगी ने भी बिना पल गंवाए अभिभावक सरीखे होकर उनके हाथ थाम लिए।

## ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र भिटारा में हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा सुधार को लेकर विचार प्रस्तुत किए गए। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र भिटारा ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन एसडीएम विनय मौर्य के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में एआरपी अमित गुप्ता ने कार्यशाला के उद्देश्य0, शारदा कार्यक्रम और ऑपरेशन कायाकल्प के संदर्भ में जानकारी दी। एआरपी कृष्ण कुमार ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन और समिति के कार्यों के संदर्भ में चर्चा की। एआरपी संदीप श्रीवास्तव ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम के बारे में बताया। एआरपी प्रदीप अग्रवाल ने निपुण भारत मिशन की जानकारी दी। एआरपी वेद प्रकाश ने बालिका शिक्षा में हो रहे प्रयासों के के बारे में जानकारी दी। मलकपुरा ग्राम प्रधान अमित ने शिक्षा में सुधार के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किए। एसडीएम विनय मौर्य ने प्रधान व प्रधानाध्यापकों से आपसी सहयोग के माध्यम से विद्यालय के विकास की योजना तैयार करने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति राजपूत ने कहा कि निपुण भारत अभियान तभी सफल हो पाएगा जब विद्यालय स्तर पर प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रबंध समिति तीनों संस्थाएं मिलकर कार्य करें। ग्राम प्रधानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यासागर मिश्रा, अरविंद श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार रजक, राकेश निरंजन, सुनील निरंजन, सुबोध सिंह, ममता निरंजन, राजकुमार यादव, पवन प्रजापति, नागेंद्र सिंह, शैलेंद्र निरंजन, राजेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, मिलंद सेन, सौरभ खरे, ज्योति कुशवाहा, रुक्मणी व्यास, सारिका सिंह समेत 147 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

# अलीगढ़ पुलिस का नशा मुक्ति एवं साइबर जागरुकता अभियान




**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है एवं नशा मुक्ति जागरूकता (नशे से बचाव के तरीके एवं ड्रग्स के प्रकार आदि) एवं साइबर जागरुकता अभियान के तहत भी छात्रों को नशीले पदार्थ, शराब, तम्बाकू उत्पादों का सेवन न करने की सलाह दी जा रही है, नशीले पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ता है साथ ही युवा वर्ग अपराधों में संलिप्त होने लगते हैं जिससे उनका भविष्य खराब हो जाता है । मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिला कृषि अधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड नवाबगंज परिसर में कृषि विभाग द्वारा दिनांक 20-12-2024 को प्रातः 11.00 बजे से सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर दिवस का आयोजन विकास खण्ड मुख्यालय पर किया गया, जिसमें जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह व प्रमुख क्षेत्र पंचायत, उपायुक्त (श्रम रोजगार) खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी-पंचायत, समस्त सचिव ग्राम पंचायत सहित लगभग 200 किसान / समूह सखियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यकम में किसान भाइयों के जैविक खेती तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की व्यापक जानकरी दी गयी। सुशासन दिवव पर तीन शिकायतें निम्न प्रकार प्राप्त हुयी जिनका निस्तारण मौके पर ही का दिया गया। श्री साबिर अली निवासी- फरीदपुर द्वारा आवास दिलाये जानें के सम्बन्ध में शिकायत की गयी जिसका निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। मनीषा पत्नी श्री संदीप कुमार निवासी ग्राम तुर्कललैया मो0न0 9451623576 है, का अपना पत्र बाबत दिनांक 02.07.2015 का जन्म प्रमाण प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु प्राप्त हुआ था जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित सचिव को नियमानुसार जन्म प्रमाणपत्र जारी करनें के निर्देशा दे दिये गये। श्री रमेश चन्द्र पुत्र श्री रघावीर निवासी बराबिकू द्वारा दैवीय आपदा के तहत आवास न दिये जाने की शिकायत की गयी।

# भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की टीम भारत को जानो की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बुंदेलखंड प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेगी

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन की टीम भारत को जानो की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बुंदेलखंड प्रान्त का प्रतिनिधित्व करेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 22 दिसंबर को पांचाल प्रांत के आतिथ्य में इटावा में भारत को जानो प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। प्रतियोगिता में एनसीआर 2 क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी आठ प्रांतों की कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की टीम प्रतिभाग करेंगी।

प्रांतीय मीडिया प्रभारी पवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद की प्रमुख शाखा गठन के समय से ही भारत विकास परिषद के पंच सिद्धांतों सम्पर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार व समर्पण के अनुरूप स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत के निर्माण हेतु संकल्पित है। छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर तदुपरांत शाखा स्तर पर इस वर्ष भी आयोजित की गई थी। जिसमें एक हजार से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। शाखा स्तर पर कनिष्ठ वर्ग की विजेता एम एल कान्वेंट की टीम व वरिष्ठ वर्ग की विजेता जालौन बालिका इंटर कालेज की टीम ने प्रांत में प्रतिनिधित्व किया था। कनिष्ठ वर्ग की एम एल कान्वेंट की टीम संस्कृति शुक्ला व सौम्या गुर्जर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बुंदेलखंड में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। प्रमुख शाखा के उपाध्यक्ष एवं एम एल कान्वेंट के डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने आशा व्यक्त की है आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भी प्रमुख शाखा की उनके विद्यालय की टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त करेगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की भारत को जानो प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग व कनिष्ठ वर्ग में जनपद जालौन की ही टीम विजेता रहीं हैं। वरिष्ठ वर्ग में कोंच शाखा की टीम, कनिष्ठ वर्ग में प्रमुख शाखा जालौन की टीम बुंदेलखंड प्रान्त का प्रतिनिधित्व करते हुए विजेता होने का प्रयास करेगी। क्षेत्रीय स्तर पर विजेता टीम राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेगी।

# सपाइयों ने जिला कलेक्ट्रेट पर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आज समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार फर्रुखाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। सुबह लगभग 11=30 बजे समाजवादी पार्टी के नेता जेएनवी रोड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर एकत्रित हुए जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, लोकसभा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य, कायमगंज विधानसभा प्रत्याशी रहे सर्वेश अंबेडकर, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव युवजनसभा जितेंद्र सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना,पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अंबेडकर समेत कई नेताओं एवं पदाधिकारीयों के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत जब समाजवादी नेता पैदल जिला कलेक्ट्रेट की ओर नारे लगाते हुए बढ़ने लगे तभी वहां मौजूद इंस्पेक्टर राम प्रकाश से जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर एवं जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव से कुछ नोकझोंक भी हुई।

## डीएम ने परीक्षा केंद्रो का स्थलीय निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह द्वारा 22 दिसंबर 2024 को जनपद में आयोजित की जाने बाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा(प्रा0) परीक्षा के परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आरपी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कामलगंज व महावीर इंटर कालेज नगला खैरबन्द पहुँचकर परीक्षा की तैयारियों, सीसीटीवी कैमरा, बायो मैट्रिक अटेंडेंस व सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह की अध्यक्षता में तहसील अमृतपुर में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गाँव की और थीम पर जनपद स्तरीय कार्यशाला व सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 34,पुलिस की 19,विकास विभाग की 10,विद्युत विभाग की 16,चकबंदी 02 व अन्य विभागों की 11, कुल 92 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमे से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संवंधित अधिकारियो को दिये गए। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएफओ, उपजिलाधिकारी अमृतपुर व संवंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में 61 मामले में 6 का निस्तारण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश तथा एसएसपी गौरव ग्रोवर के मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 61 मामले आए थे। जिसमे 6 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 39, पुलिस 10, विकास 7, समाज कल्याण 1 अन्य 4 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। तथा पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया हैं। इस दौरान डीडीओ धीरेंद्र जीत सिंह एसडीएम दीपक कुमार गुप्ता, सीएमओ आशुतोष दुबे, एओसी चकबंदी धनेंद्र कुमार मिश्र, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, ईओ सूर्यकांत सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## गैस गीजर के चलते बाथरूम में दम घुटने से छात्रा की मौत

**अलीगढ़।** जिले के क्वारसी थाना क्षेत्र की कुलदीप विहार कॉलोनी में बाथरूम में एक किशोरी की दम घुटने से मौत हो गई। मौत की वजह गैस से संचालित गीजर माना जा रहा है। मृतका 12वीं की छात्रा थी। बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिस समय यह हादसा हुआ, किशोरी घर पर अकेली थी। मृतका कुलदीप विहार कालोनी निवासी अतुल सिंह की पुत्री माही थी। मां किसी काम से घर से बाहर गई थी। इसी दौरान किशोरी नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। गीजर गैस आन कर दिया था। कुछ समय के बाद मां घर लौटी तो उन्हें बेटी नजर नहीं आई। आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तो इधर-उधर तलाशा। मां की नजर बाथरूम पर गई। खोलने की कोशिश की तो दरवाजा अंदर से बंद था। इस पर मां ने पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा तुड़वाया तो देखा कि उनकी बेटी बाथरूम में बेहोश पड़ी थी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कालेज ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बाबा साहब का अपमान समाजवादी पार्टी किसी भी हालत में सहन नहीं करेगी: तेज नारायण पांडेय



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी की जिला कमेटी और महानगर कमेटी ने संयुक्त रूप से इस प्रदर्शन का आयोजन किया। कार्यकर्ता प्रेस क्लब के पास एकत्रित हुए और गृहमंत्री और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कचहरी की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने कचहरी गेट को बंद कर दिया। इसके बाद, समह्माजवादी पार्टी के कार्यकर्ता वहीं खड़े होकर नारेबाजी करते रहे।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि गृह मंत्री की टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता को दर्शाती है, और उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान समाजवादी पार्टी किसी भी हालत में सहन नहीं करेगी। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने भी इस अपमान की निंदा की और कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि गृहमंत्री की टिप्पणी ने दलितों, पिछड़ों और शोषितों को गहरा आघात पहुंचाया है।

उन्होंने मांग की कि अमित शाह को उन लाखों लोगों से माफी मांगनी चाहिए और प्रधानमंत्री को उन्हें पद से बर्खास्त कर देना चाहिए। सरोज यादव ने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदलने की बात कर रही थी, और अब उनके नेता संविधान के जनक पर अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय है।प्रदर्शन के अंत में, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कचहरी गेट पर एसडीएम को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

# मिल्कीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम वित्त उप जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर में संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त एवं राजस्व ने सुनी जन शिकायतेंस्81 शिकायतों के सापेक्ष मौके पर एक का भी निस्तारण नहीं हो सका मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर शनिवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।समाधान दिवस मे शेखनपुर निवासी आशीष पाठक ने छुट्टा जानवर को लेकर अपने शिकायती प्रार्थना पत्र मे किसानो की अत्यंत गंभीर समस्या है समाधान दिवस व खंड विकास अधिकारी से शिकायत करने के बावजूद नहीं लिया जा रहा है संज्ञान छुट्टा जानवरों के कारण किसानो के फसल हो रहे है नस्ट शिकायत करने पर कभी पकड़ने वाले लोगों की कमी तो कभी गाड़ी तो कभी गाड़ी के ईंधन की समस्या का बहाना बनाया जाता है।वहीं कहुवा निवासी रामतीर्थ ने प्रार्थना पत्र दिया की विद्युत विभाग को 18 मार्च 2015 को विद्युत कनेक्शन पी डी करवा दिया गया था उसके बावजूद मेरे पत्नी के नाम आर सी जारी कर दी गयी मामले को संज्ञान मे लेते हुए,ष्ठ रू वित्त महेन्द्र कुमार सिंह ने उप खंड अधिकारी को तत्काल ठीक करवाने का दिशा निर्देश दिया।तहसील समाधान दिवस के दौरान कुल 81 शिकायतें पेश हुई जिनमें एक भी शिकायतों का निस्तारण नहीं कराया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी से ही संबंधित रहे। समाधान दिवस के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों को खाना पूर्ति न करने का निर्देश देते हुए कहा



कि स्थल पर जाकर पीड़ित से मिले तभी कोई रिपोर्ट लगाए । इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयस मिश्रा खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर अखिलेश गुप्ता,उपखंड अधिकारी विद्युत मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर राम नरेश,सर्कल मिल्कीपुर के तीनों थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## आईएमए के नेतृत्व में कैंसर और रोबोटिक सर्जरी पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** आईएमए अयोध्या के नेतृत्व में कैंसर और रोबोटिक सर्जरी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विशेष सहयोग क्र्य मैक्स अस्पताल, दिल्ली ने प्रदान किया। कार्यशाला में दिल्ली से आए विशेषज्ञ डॉक्टर हिमांशु शुक्ला और डॉ. सुरेंद्र डबास ने रोबोटिक सर्जरी की तकनीक और कैंसर उपचार में इसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

## पूर्ति निरीक्षक सदर व गैस एजेंसी के प्रोपेराइटरों की हुई बैठक

**अयोध्या।** जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद अयोध्या में घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क एल0पी0जी0 सिलेंडर रिफिल के सम्बन्ध में ऑयल कम्पनी के अधिकारियों, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक सदर व गैस एजेंसी के प्रोपेराइटरों की आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वप्रथम गैस एजेन्सी के प्रोपराइटरों को निर्देशित किया गया कि घरेलू गैस सिलेण्डरों की बुकिंग कराने के उपरान्त ही गैस की डिलीवरी की जाय। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व अन्य संस्थानों को कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी की जाय। अवगत कराया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग को रोके जाने के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय टीम का गठन किया गया है।

## तीन दिवसीय श्रीराम विवाह महोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे में मोहल्ला संगत स्थित जय श्रीराम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम विवाह महोत्सव (धनुष यज्ञ मेला) में कस्बे के साफ-सफाई कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सद्दाम अली और सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। श्रीराम लीला धनुष यज्ञ मेला कमेटी ने श्रीराम बारात शोभायात्रा मार्ग की सफाई और चूना छिड़काव कार्य में उनकी अहम भूमिका की सराहना की और उन्हें स्टील टिफिन और लड्डू प्रदान कर विशेष सम्मान दिया। वहीं रविवार को होने वाली पीसीएस परीक्षा के मद्देनजर कॉलेज के आस-पास बिखरी गंदगी और कूड़े की सफाई की गई। इस अभियान में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी और जेसीबी की मदद से फैल हुए कूड़े को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर कस्बे के बाहर ले जाकर फेंका गया। जबकि कस्बे के नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज में होने वाली पीसीएस परीक्षा को लेकर जैदपुर नगर पंचायत की तरफ से कॉलेज के आस-पास बिखरी गंदगी और कूड़े की सफाई करते नजर आये।

# लेखपालों की गुण्डई जाँच करने आई एंटी करप्शन टीम पर किया हमला, किसान समेत टीम के सदस्य घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** लगभग तीन दिन पूर्व में एंटी करप्शन टीम ने भर्ष्टाचार लेखपाल दीपक यादव और मुन्शी को घुस लेने के आरोप में पकड़कर अपने साथ ले गई थी। इसी केस में जाँच करने एंटी करप्शन टीम और पीड़ित किसान जुगराज सिंह के साथ दोपहर को तहसील पहुची तो लेखपालों द्वारा किसान और एंटी करप्शन टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। जिसमें किसान समेत एंटी करप्शन टीम के सदस्य घायल हुए मौके पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने किसान और सदस्यों को बचाया है। बाराबंकी में लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम पर हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि किसान ने लेखपालों द्वारा रिश्वत लेने की सूचना एंटी करप्शन टीम को दी थी। इसके बाद एंटी करप्शन टीम तहसील परिसर पहुंची थी। इसी बीच



टीम को देखकर लेखपाल आक्रोशित हो गए और किसान समेत एंटी करप्शन टीम पर हमला कर दिया। जिसमें किसान और एंटी करप्शन टीम के सदस्यों को चोट आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को और एंटी करप्शन टीम के सदस्यों को बचाया है। और उन्हें कोतवाली ले आई है। इसके बाद भारी संख्या में लेखपाल भी कोतवाली पहुंचे हैं। और दोनों पक्षों में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। आपको बता दे की चार दिन पहले एंटी करप्शन टीम ने किसान की शिकायत पर दो लेखपाल समेत एक मुंशी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद लेखपालों ने जमकर हंगामा काटा था और विरोध जताया था। बताया जा रहा है कि इसके बाद किसान ने लेखपालों के घूस लेने की सूचना एंटी करप्शन टीम को दी थी।सूचना पर टीम तहसील परिसर पहुंची थी। और टीम को देखते ही आक्रोशित लेखपालों ने टीम के सदस्यों और किसान पर हमला बोल दिया। जिससे उन्हें चोट आई हैं।लेखपालों पर एंटी करप्शन टीम की गाड़ी में तोड़फोड़ का भी आरोप लगा है। फिलहाल दोनों पक्ष नगर कोतवाली में मौजूद है। एडीएम अपर पुलिस अधीक्षक सीओ समेत भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद है और दोनों पक्षों द्वारा आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। और पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इधर महिला लेखपाल ने भी पुलिस को तहरीर दी कि जाँच करने आई टीम के सदस्यों ने हमारे साथ अभद्रता की है। जिसकी सीसीटीवी द्वारा जाँच की जा रही है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियाद

**रामनगर बाराबंकी।** संपूर्ण समाधान दिवस में आयी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध सीमा के अंदर गुणवत्ता परक ढंग से करें जिससे फरियादी को बार-बार भटकना न पड़े। यह बात तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से कही। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाही बरतने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 88 मामले आए जिसमें राजस्व के पांच मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

## एसडीओ के नेतृत्व में घर घर जाकर बिजली बकाया वसूली की गई



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** एसडीओ संदीप सिंह के नेतृत्व में जैदपुर विद्युत वितरण उपकेंद्र द्वारा ओटीएस करने के साथ बकाया वसूली में सुबह से शाम तक कर्मचारी प्रति दिन मेहनत करते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार 31 दिसम्बर तक ब्याज में भारी छूट एक मुश्त समाधान योजना को लेकर जहां एक तरफ उपकेंद्र सहित विभिन्न मोहल्लों व गांव में कैम्प लगाकर इस योजना का लाभ उठाने की अपील एसडीओ संदीप सिंह व जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन वकार मेहंदी रोहित शुक्ला सुरेन्द्र कुमार इरशाद अंसारी पुल्ली रूपेंद्र फिरोज रिजवी द्वारा लगातार की जा रही है। वहीं कस्बे के नानपजान, अहिरान मिल्लत नगर ब्रहम्नान सहित तमाम क्षेत्रों में कर्मचारी रिंकू राकेश मोहम्मद फुरकान मोहम्मद आशिफ, सहित तमाम घर घर जाकर बकाया वसूली प्रति दिन करते देखे जा रहे हैं। जिससे लाखों रुपए की वसूली के साथ सैकड़ों की संख्या में ओटीएस भी किये गये। इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया सरकार व आलाधिकारियों के आदेशानुसार हम लोग विद्युत उपभोक्ताओं हर संभव इस बड़ी योजना में शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं।

# शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे 102 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 16 शिकायतों को निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। गत संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना समाधान दिवस की शिकायतों का फीडबैक स्वयं जिलाधिकारी द्वारा लिया गया। निस्तारण में संतुष्टि का प्रतिशत कम होने पर जिलाधिकारी ने घोर आपत्ति व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण के समय शिकायतकर्ता, जांचकर्ता एवं मौके का फोटो अवश्य होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी अधिकारी शिकायतों को स्पेशल क्लोज कर रहे हैं वह बहुत सावधानी से अवलोकन अवश्य कर ले तभी शिकायत को क्लोज करें।

जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि यूनिट कटवाने कार्ड धारक को दौड़ना न पड़े यह सुनिश्चित किया जाए,यह काम वेरिफिकेशन उपरान्त फोन पर ही हो जाना चाहिए। समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वृद्धावस्था पेंशन की हेल्पलाइन नंबर 05842-315449 एवं व्हाट्सएप 9151935239 पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए। लोगों को इधर-उधर घूमना ना पड़े।उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन नंबर उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगरनिकाय के अधिशासी अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस एवं तहसील संपूर्ण समाधान दिवस कि उसी दिन कम से कम पांच-पांच शिकायतों का टीमों द्वारा मौके पर भेज कर अवश्य निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# तहसील तिलहर में जिला अधिकारी ने 36 महिलाओं को वितरण किए कंबल



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें तिलहर विधायक, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में असहाय दिव्यांग, विधवा एवं बेसहारा 36 महिलाओं को कंबल वितरण किया तथा 11 मत्स्य पलकों के पट्टाधारकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक राजेश एस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आरके गौतम, उप जिलाधिकारी तिलहर, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह एवं जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सपा नेतृत्व के निर्देश पर शाहजहांपुर में विरोध प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सभी ने जुलूस निकालकर गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां राष्ट्रपति को संबोधित दो सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी अभिषेक प्रताप सिंह को सौंपा गया। सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि देश के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ देश के गृहमंत्री अमित शाह ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की है, उससे पूरे देश का अपमान हुआ है। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि भाजपा देश के संविधान को मानने का सिर्फ नाटक करती है।

# स्वामी विवेकानंद के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए: एमएलसी



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के शिशु विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर के सदस्य विधान परिषद डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने नव निर्मित द्वय कक्षा कक्ष का लोकार्पण किया। विद्यालय के भवन निर्माण में विधायक निधि योजना द्वारा करीब 16 लाख 80 हजार खर्च हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रचारक गोरक्ष प्रांत रमेश जी रहे। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद और चाणक्य के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा सभी को उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत है। शिक्षा के मंदिर निर्माण में सहयोग का अवसर मिला। इस मौके पर विद्या भारती के जिला मंत्री अशोक कुमार गुप्त, विद्या भारती समिति के प्रदेश मंत्री विनोद कांत, भारत नेपाल विद्या भारती के राघव जी, सीमा जागरण मंच के प्रांत महा मंत्री जितेंद्र पाल सिंह, प्रधानाचार्य अम्बरीष त्रिपाठी शिक्षक शंभू पांडे,नीता मिश्रा अनुराधा गुप्ता, खुशबू निगम प्रदीप श्रीवास्तव व बुद्धदेव शुक्ला, रबी प्रताप सिंह, आदित्य मिश्रा, हीरा लाल वर्मा, कृष्ण मोहन, गिरिजेश गणेश वर्मा, राजू मद्धेशिया सहित अन्य तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पोखरी पर अवैध कब्जा का लगाया आरोप

**महराजगंज(मिठौरा)** चौक थानाक्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर ग्राम सभा के साधोचक निवासी जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पोखरे पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। जिसमें उन्होंने जिलाधिकारी से अतिक्रमण हटवाकर उचित कार्यवाही की भी मांग की है। शिकायतकर्ता गोरख वर्मा ने अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि टोला साधोचक में पोखरी संख्या 155 रकबा 0.057 हे0 है। टोले के ही कुछ मनबढ़ व दबंग व्यक्तियों द्वारा कब्जा करके पक्का मकान बनवा लिया गया है।

# समाधान दिवस में 20 मामलों का निस्तारण



**महराजगंज/निचलौल।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील निचलौल में पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीणा के साथ जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 130 मामले जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत हुए, जिनमे 20 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिसमें अधीकतर मामले विकास विभाग से सम्बंधित रहे। शेष मामलों को जिलाधिकारी महोदय ने शीघ्रतापूर्वक और नियमानुसार निस्तारित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पेश होने वाले प्रत्येक मामले को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निस्तारण नियमानुसार व समयान्तर्गत करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 श्रीकान्त शुक्ला, एसडीएम निचलौल शैलेन्द्र गौतम, तहसीलदार राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोलोरो की टक्कर से एक की मौत दूसरा गंभीर

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल(महराजगंज)।** शनिवार की सुबह लगभग चार बजे निचलौल के मुख्य तिराहे पर तेज रफ्तार की बोलेरो दो युवकों को टक्कर मारते हुए मुख्य तिराहे में जाकर टकरा गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई दूसरा गंभीररूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार की भोर में ग्राम विशुनपुरा निवासी मंजेश पुत्र प्रसाद 25 वर्ष और नेपाल के प्रतापपुर जिला नवलपरासी निवासी चंद्रभान पुत्र लक्ष्मण बेंगलुरु से रोजीरोटी कमा कर अपने घर वापस जा रहे थे। प्रेस की गाड़ी से शनिवार की भोर में निचलौल मुख्य तिराहे पर उतर रहे थे, उसी समय तेज रफ्तार बोलोरो ने दोनो युवकों को रौंदते हुए मुख्य तिराहे में ठोकर मार दिया। घटना की सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य निचलौल भर्ती कराया गया, जहां



प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया। एक युवक की जिला संयुक्त अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई जबकि दूसरा युवक जिला अस्पताल में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बोलेरो चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## सपाइयों ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज।** लोकसभा में बाबा साहब अम्बेडकर पर टिप्पणी का आरोप लगाकर शनिवार को सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। सपाई पार्टी के जिला कार्यालय से पैदल नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित पत्र अपर उप जिलाधिकारी को सौंपे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विद्यासागर ने बताया कि समाजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करना है, जिससे दलित, पिछड़े, समाज के जीवन में खुशहाली आए। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मंत्री जी के इस टिप्पणी से दलित, पिछड़ों के प्रति भाजपा का संविधान विरोधी मानसिकता प्रकट होती है। समाजवादी पार्टी ने भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए जनता से माफी मांगी जाय। इस दौरान शमशुल हुदा खान जिला सचिव, दिनेश यादव, पारस नाथ यादव, निमेष मंगल, सुशील कुमार, प्रणय गौतम जिला उपाध्यक्ष, अमरजीत सहानी फिरोज आलम,विजय यादव, डॉ शेषनाथ ,राजेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# सिंचाई विभाग लाखों रुपये खर्च करवा कर नहरों की सफाई करवातीं है फिर भी किसानों के फसल बर्बाद होते हैं





**अवधनामा संवाददाता**

**बानगंगा नदी से निकलने वाली चेतरा माइनर का हाल, सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल पानी में डूबा**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र के बानगंगा नदी और सेमरा सागर से निकलने वाली नहरों में कही पानी ही नहीं है तों कहीं नहरों के ब्लाक होंने की वजह किसानों के फसलों में पानीं ही पानीं है। जिससे कही पानी के कमी से तो कही पानी के अधिकता से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों में काफी आक्रोश है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बानगंगा नदी से निकलने वाली चेतरा माइनर में पानी छोड़ने से सैकड़ों बीघा गेहूं का फसल जलमग्न हो गया। क्योंकि इस नहर में साइफन के टूटनें से पानी नहर में जाता ही नही।जब कि इस ब्लाकड नहर पर सिल्ट सफाई के नाम पर सिंचाई विभाग द्वारा हर साल लाखों रुपये बर्बाद किया जाता है जब नहर में टेल तक पानी ही नहीं पहुंचता तो सफाई से क्या फायदा जबकि नहर का सारा पानी लीकेज होकर किसानों के फसल को चौपट कर देती है। बगुलहवा, भादमुस्ताहकम के किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल पानीं में डूब कर चौपट हो रहा है जबकि अटकोनिया, बगहवा, गुजरौलिया, करहिया के किसानों को पानी ही नही मिल पा रहा है,नहर के बलाक्ड होने से बगहवा से पूरब के नहर में पानी ही नही आ रहा है। वहीं सेमरा सागर से निकलने वाली नहर लुचुइया, बैदौला, रमवापुर नानकार होते हुए चोडार, बभनी तक जानें वालीं नहर में पानीं ही नहीं है इस क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए लम्बी डिलेवरी पाइप कों लगाना पड़ता है।इस सम्बन्ध सिंचाई विभाग के जे0ई0 अभिजीत सिंह ने बताया कि चेतरा माइनर के करीब से कैम्पियरगंज शाखा की बड़ी नहर बनने से इस नहर में दो जगह कटान हो गयी है, जिसके लिये कैम्पियरगंज शाखा के कर्मचारी लिखा पढ़ी करके परियोजना पर कार्य करनें कों कहें थें लेकिन कार्य अभी तक हुआ नहीं किसानों की समस्या कों देखते हुए जल्द ही इस नहर कों ठीक किया जायेगा। चोडार बभनी वाली नहर में शीघ्र ही पानीं दिया जायेगा। जिससे किसानों को अपने फसलों का सिंचाई करनें में मदद मिल सके।

# ध्यान दिया जाए तो संरक्षित हो सकें विलुप्त होते कुएं

**इटवा सिद्धार्थनगर निहाल चौधरी।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता बिस्कोहर ने कहा कि बुजुर्ग कहते हैं कि सत्रहवीं शताब्दी में यहां 365 मंदिर व इतने ही कुएं बने थे। मंदिर के बगल में कुओं इसीलिए रखा जाता था, ताकि इसके जल से जहर से पीड़ित व्यक्ति को स्नान कराकर उसका इलाज किया जा सके। तमाम धार्मिक परम्पराएं कुएं से ही जुड़ी होती थीं। कभी यह कस्बा इन्हीं विरासतों के चलते अपनी अलग पहचान रखता था। इस वक्त कस्बा समृद्धशाली अतीत भूलता जा रहा है। एक-एक करके अधिकांश कुएं पट चुके हैं। बिस्कोहर में कुएं गांव के धरोहर हुआ करते थे। नागरिकों को पेयजल सुविधा के साथ ही धार्मिक परंपराओं में भी इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। ऐतिहासिक कस्बा बिस्कोहर तो कुएं के नाम से अपनी पहचान रखता था। कभी यहां 365 कुएं होते थे। अधिकांश आबादी की पेयजल व्यवस्था कुओं से ही जुड़ी होती थी। क्योंकि इसका जल अमृत माना जाता था। वर्तमान में स्थिति यह है कि 10 से 15 कुएं ही शेष बचे हैं। कुछ अतिक्रमण का शिकार हो गए तो बाकी का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। जो शेष बचे हैं, उसका पानी भी जहरीला है। विलुप्त होते कुएं को संरक्षित करने की पहल फिलहाल किसी जिम्मेदार की ओर से नहीं की जा रही है। अधिशाषी अधिकारी के साथ विलुप्त हुए विभिन्न मंदिरों एवं शिवालयों के जीर्णोद्धार हेतु निरीक्षण किया साथ ही सभी मंदिर परिसरों की साफ सफाई करवाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि जल्द ही विलुप्त हुए मंदिरों में पूजन दर्शन हेतु परिसर तैयार होगा। साथ में स्थानीय सभासद प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, घनश्याम मौर्य, रोहित कसौधन, लालू नाईक, मोनू गुप्ता, कन्हैया वरुण, व उत्तम शर्मा उपस्थित रहे।



## बच्चों को गोरखपुर ले जाकर मुख्य ऐतिहासिक स्थानों का कराया गया भ्रमण



**मिठ्वल सिद्धार्थनगर (पंकज श्रीवास्तव)।** विकास क्षेत्र मिठवल के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाज़ारडीह के बच्चों ने शनिवार को गोरखपुर स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र व चिड़ियाघर का भ्रमण किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक किरन प्रभा पांडे ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक यात्रा को सुबह आठ बजे रवाना किया। परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने व बच्चों की विद्यालय में रूचि पैदा करने के उद्देश्य से सरकारी स्तर पर तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। तमाम उत्साही अध्यापक भी अपने स्तर से विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करते हुए कान्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाज़ारडीह के बच्चों को प्राकृतिक तत्वों व वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराने के उद्देश्य से गोरखपुर चिड़ियाघर व आंचलिक विज्ञान केंद्र, नौका विहार, गोरखनाथ मंदिर का भ्रमण कराया गया जिसमें विद्यालय के समस्त अध्यापक सुशीला देवी, अभिनीति जायसवाल, नम्रता उपाध्याय, कुमकुम उपाध्याय, पंकज श्रीवास्तव, विवेक कुमार आज लोग मौजूद रहे।

## डीएम के आदेश पर कोटेदार पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील के शिवनगर थाना क्षेत्र के एकडेगवा गांव की उन्नति आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह की संचालिका संगीता देवी पर दर्ज हुआ मुकदमा,जांच के दौरान गोदाम में राशन ना मिलने पर ये कार्यवाही की गयी। खेसरहा पूर्ति निरीक्षक विमल कुमार गुप्ता ने 15 दिन के भीतर कोटेदार से स्पष्टीकरण मांगा है।

## आपदा न्यूनीकरण, जल प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी सभागार में शनिवार को आपदा न्यूनीकरण जल प्रबंधन व जलवायु परिवर्तन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में घनश्याम मिश्रा, अंकिता पढालनी तकनीकी सलाहकार यूनीसेफ उत्तर प्रदेश व आपदा विशेषज्ञ पुष्पाजंली सिंह ने प्रशिक्षण में अपने विचार व्यक्त किये। घनश्याम मिश्रा ने जल प्रबंधन पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक जल श्रोत औद्योगिकरण और कीटनाशक रसायनों के प्रयोग से खराब हो रहे हैं। वर्षा के जल को बचा कर कृषि बागवानी पशुपालन में उपयोग किया जा सकता है। अंकिता पढालनी ने जलवायु परिवर्तन पर प्रशिक्षण देते हुए बताया कि वनो के कटान से पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिससे वायु प्रदूषण, बड़ी समस्या बन रही है वन क्षेत्र को बढाने की आवश्यकता है आपदा न्यूनीकरण पर प्रशिक्षण देते हुए आपदा विशेषज्ञ पुष्पाजंली सिंह ने कहा कि उत्तर भारत में बाढ़ आपदा एक बड़ी आपदा है, जिससे निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर आपदा मित्र विशेष रूप से सहयोगी कड़ी साबित हो रहें हैं। आपदा के समय में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता है, जो विभाग द्वारा समय समय पर आपदा प्रभावित गाँव में प्रशिक्षण कराता रहता है। प्रशिक्षण में आपदा सखियों, आपदा मित्र महेन्द्र कुमार मिश्रा प्रदीप तिवारी, दुर्गा प्रसाद, दया शंकर यादव, अवध राम, गंगा सागर, रामकुमार काशी राम, शनि श्रीवास्तव, सुनील कुमार, श्याम देव, यशोदा नन्द, रविन्द्र नाथ व दुर्गावती आदि की मौजूदगी रही।

# मुफ्त चिकित्सा शिविर में 135 मरीज़ों की हुई जांच



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शनिवार को तहसील क्षेत्र अंतर्गत हल्लौर स्थित बारगाह अबू तालिब अस में मारेफत ट्रस्ट हल्लौर और इंपीरियल यूथ सोसाइटी की जानिब से मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ईसीजी, हीमोग्लोबिन, शुगर, मेडिसिन मरीज़ों को मुफ्त दिया गया। मुफ्त चिकित्सा शिविर में जिला अस्पताल गोरखपुर जिला अस्पताल बस्ती के सीनियर सर्जन डॉ0 एच0 आर0 वर्मा, एम0 बी0 बी0 स0 डिप्लोमा इन कैमिली मेडिसिन से डॉक्टर ए0 के0 पाण्डेय, हड्?डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ0 एस0 पी0 भारती, डॉ0 के0 पटेल, डॉ0 रफ़ीक़ अहमद, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के अलावा नरेंद्र भारती, श्याम किशोर यादव भी मौजूद रहे। मुफ्त चिकित्सा शिविर में शाम 2.00 बजे तक लगभग 135 मरीज़ों ने अपना अपना चेकअप कराते हुए मुफ्त मेडिसिन प्राप्त किया। इस मौके पर मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी, आसिफ रिज़्वी, जव्वाद, छोटे, नौशाद, मंटू, अरमान आदि लोग मौजूद रहे।

# खैर टेक्निकल इंटर कालेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

### खेलकूद प्रतियोगिता से ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखरती है : इं. इरशाद अहमद

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चो को कई तरह के फायदे होते है। खेलकूद से मनुष्य के जीवन मे शक्ति का संचार होता है जीवन मे ताज़गी और स्फूर्ति मिलती है।





उक्त उदगार क्षेत्र के खैर टेक्निकल इंटर कालेज बनगवां बरई डुमरियागंज के सीबीएससी सेक्शन में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन के दौरान कालेज के डायरेक्टर इं इरशाद अहमद ने सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखरती है। खैर टेक्निकल इंटर कालेज बनगवां बरई डुमरियागंज के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल प्रस्तुत किये गए। बालक वर्ग में कबड्डी एवं वालीवाल में कक्षा 8 के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में मोहम्मद आक़िफ़ फारूकी कक्षा 7 ने 12.6 कूदकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में मोहम्मद मसूद रज़ा कक्षा 8 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में कबड्डी एवं खो खो में कक्षा 6 की छात्राएं प्रथम रहीं। लंबी कूद में कक्षा 7 की सुमैया खातून ने 8.7 कूदकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और 200 मीटर दौड़ में रशुदा खातून ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर लंगड़ी कूद में कक्षा 6 की छात्रा इकरा फातिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मेढक (फ़ाग) जम्प में सुमैया खातून कक्षा 7 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर जमाल अहमद खान, प्रधानाचार्य फैय्याज अहमद, सीबीएससी की इंचार्ज सैय्यद रईस फ़ातिमा, इमरान, इज़्हार, अख्तर नियाज़, चाँदनी श्रीवास्तव, तहसीन फ़ातिमा, आफ़ताब आलम, राशिद अली, रत्नाकर चौधरी, मनीज श्रीवास्तव, काजी आरिफ आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई सैनिक बन्धुओं की बैठक

**सिद्धार्थनगर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विभाग के तत्वावधान में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सेवारत सैनिको/पूर्व सैनिको / आश्रितो के भूमि विवाद, पुलिस सहायता, बैंक से ऋण, पेंशन सम्बन्धी समस्या, शिक्षा सम्बन्धी समस्या, चिकित्सा, आर्थिक सहायता सम्बन्धी समस्या के निराकरण हेतु सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक मे भूतपूर्व सैनिक / आश्रितो द्वारा 2 जमीनी विवाद, 1 स्मृति द्वार तथा 1 भूतपूर्व सैनिक के गन लाइलेंस से सम्बन्धित मामला प्राप्त हुआ। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा उचित कार्यवाही कराकर निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, कैप्टन (आई.एन.) नरेश शर्मा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी एवं समस्त स्टाफ तथा भूतपूर्व सैनिक / आश्रित जिला सैनिक बन्धुओं की उपास्थिति रही।

## शिक्षिका की मानवीय पहल सराहनीय व अनुकरणीय है



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास क्षेत्र नौगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चिल्लेदराग्रान्ट की शिक्षिका स्नेहलता द्वारा शनिवार को बच्चों को जूता और मोजा का वितरण खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार पाल एवं ए.आर.पी. सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान बीईओ धर्मेन्द्र कुमार पाल ने कहा कि शिक्षिका स्नेहलता की यह मानवीय पहल प्रशंसनीय ही नहीं बल्कि अन्य सक्षम लोगों के लिए अनुकरणीय भी है। हम सभी को बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ऐसे पुनीत कार्य अवश्य करने चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय, स. अ. फिरासत हुसैन,विजय कुमार कसौधन, पुष्पा देवी के साथ राजकुमार, अंगद, रामू, रामदयाल, सीमा, फूला, गुड़िया आदि तमाम अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। विदित हो कि अभी कुछ दिनों पूर्व ही शिक्षिका स्नेहलता द्वारा ही समस्त तिरानवे बच्चों को गर्म स्वेटर और टोपी का वितरण स्वयं वेतन से कराया गया था। शिक्षिका की इस मानवीय पहल की स्थानीय समुदाय में सर्वत्र प्रशंसा हो रही है।

## नगर पंचायत बिस्कोहर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा नगर पंचायत बिस्कोहर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा नगर पंचायत बिस्कोहर क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा ऐतिहासिक धरोहरों एवं कुआँ को देखा गया। जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने सभी पात्र लाभार्थियों को भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ दिलाये जाने का निर्देश दिया।

## उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री मृतक के घर पहुंचकर हर सम्भव मदद करने का दिया भरोसा

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र लोटन अन्तर्गत ग्राम भीटपारा टोला बरगदवा में सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश के डा अरविन्द राजभर के मृतक अनिल राजभर के घर सांत्वना देने पहुंचे। डा अरविन्द राजभर ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सुभासपा पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान करेगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि हर गरीब व पीड़ित परिवार के साथ सु भासपा पार्टी खड़ी है और खड़ी रहेगी। जैसे ही भीटपरा टोला बरगदवा मृतक अनिल राजभर के महाराष्ट्र से ट्रेन में आते समय दबंगों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई हमें इस घटना की जानकारी हुई। तुंरत हम पीड़ित परिवार के घर पहुंचे हैं और सरकार में बैठे लोगों से कहकर हर संभव मदद कराया जाएगा। आरोपी बक्से नही जायेगे भाजपा की सरकार है किसी व्यक्ति के साथ अन्याय नही होगा हमे भरोसा है। इस दौरान सु भासपा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष/मंत्री प्रतिनिधि केशव राजभर, सुजीत, कल्लू राजभर, विशाल, गोलू, आदि मौजूद रहे।



# नोडल शिक्षको के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**

**दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा को लेकर अंतिम दिन दी गई जानकारी**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण हाल में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से नोडल शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन ट्रेनर गणेश गौड़ ने कहा कि विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।





सभी नोडल शिक्षक प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को सीखते हुए अपने विद्यालय में लागू करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों में स्क्रीनिंग के उपरांत ऐसे बच्चे जिनमें कोई शारीरिक बाधा / दिव्यांगता होने की संभावना होती है तो इन बच्चों की ट्रैकिंग कर संबंधित विद्यालय का भ्रमण एजुकेटर करते हैं। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए प्रशिक्षक नफीस हैदर रिजवी ने बताया कि सामान्य जीवन में सभी बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करें और बच्चों में एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना हो ऐसा माहौल शिक्षक अपने कक्ष में तैयार करें। प्रशिक्षण के अंत में विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता की पहचान के बारे में किट के माध्यम से समझाया गया। इस मौके पर विशेष शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, शमशाद अली, राम कुमार चौधरी, शिवम शुक्ला आरिफ उस्मानी, राकेश कुमार, सलीम, संजय, कुलदीप गौड़, अब्बास अली, दीपा कौशल, प्रियंका, संगम, आफरीन, प्राप्ति अग्रहरि, मनीष चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# पीएम श्री विद्यालय में वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय विकास खंड के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय देईपार में वार्षिक महोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अंत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

**बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में किया प्रतिभाग**

**उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत**



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में वार्षिक महोत्सव की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। तत्पश्चात स्वागत गीत नेहा, साधना, रिया, अंजलि द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जिस देश में गंगा रहता है गीत.. साधना, रजनी, आलिया, नेहा, गुंजन द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा मेरे प्यारे वतन गीत.. सलोनी, गुंजन, मुरलिया दे दो राधा डांस साधना व रंजनी, जो शहीद हुए हैं उनकी गीत रोशनी द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अपने मुख्य अतिथि संबोधन में शिक्षक संकुल अहमद सईद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों का उत्साह बढ़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम श्री विद्यालय में तमाम योजनाओं का लाभ बच्चों को मिल रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर श्रीवास्तव ने भी बच्चों को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक नंदलाल, रामकुमार वर्मा, भैया राम, अजमत अली, संत कुमार, प्रमिला, इंदु गुप्ता, राम सजीवन, समिति के अध्यक्ष जैतून निशा, आकाश चतुर्वेदी, तौहीद आलम, सीताराम, अजीजुर रहमान, इनामुल्लाह आदि लोग मौजूद रहे।

# खाद की तस्करी, तो दूसरी ओर नहरों में पानी का अकाल, सिस्टम के कारण फंसे सीमावर्ती किसान

**रामानंद पांडेय**

**शोहरतगढ़ सिद्धयथनगर।** यूरिया खाद की चोर बाजारों और तस्करी से के कारण जहां खाद नहीं मिल रही है, तो वही किसानों के लिए नहरों में सूखा पड़ा हुआ है। तहसील शोहरतगढ़ अन्तर्गत राप्ती नदी के मुख्य नहर में तो कुछ पानी है लेकिन उससे निकलने वाली शाखों में पानी न होने के कारण किसान परेशान है।





अगर यही हालत रही तो तहसील शोहरतगढ़ अन्तर्गत विकास खण्ड बढनी के मधवानगर, बैरीहवा, परसोहिया, परसा, परसा दीवान, पत्थरदेईया आदि लगभग आधा दर्जन गांवों के किसान रवि की फसल की सिंचाई और सिंचाई के बाद खेत में यूरिया खाद डालने के लिए लोग परेशान है। वहीं लोगों का कहना है कि गेहूं की फसल सूख रही है फिर भी नहर में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। एक तो पहले ही डाई खाद की कीमत और न मिलने के कारण फसल बिना खाद के ही कुछ लोगों ने बो दिया है। अब अगर समय से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो सिंचाई भी नहीं होगी। यदि बाद में पानी छोड़ भी दिया जाता है तो उसका कोई मतलब नहीं निकलता है। खाद और पानी की समस्या से किसान इस कदर जूझ रहा है कि उसे कोई रास्ता दिखाई नहीं पड़ रहा है शासन एवं सत्ता में बैठे हुए अधिकारियों कर्मचारियों को चाहिए कि मुख्य नहर से निकलने वाली छोटी शाखोंओं में पानी छोड़ दिया जायें, जिससे किसान समय से ही फसलों की सिंचाई कर सकें। जिससे गेहूं या रवि की फसल की उपज बरकरार रहें। वहीं खाद के लिए हाहाकार मचा है और अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर व लाचार है। वहीं ग्रामीणों ने आरोप भी लगाया है कि कुछ साधन सहकारी समिति पर अधिक दामों पर यूरिया बेचा जा रहा है। इटवा, डुमरियागंज, शोहरतगढ़, नौगढ़ और बांसी सहित तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में यूरिया खाद के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं। खाद न मिलने की वजह से एक तरफ जहां फसलों की सिंचाई के बाद खाद डालने में देरी हो रही है। किसानों को समय से खाद नहीं मिल पा रही है। एक तरफ जहां कृषि कानून को लेकर पिछले कई महीनों से किसानों का आन्दोलन चल रहा है। तो वहीं दूसरी तरफ पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहले डीएपी के लिए हाहाकार मचा हुआ था और अब यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है। खाद न मिलने की वजह से अन्नदाता काफी परेशान हैं और हालात यह है कि लाइन में लगने के बाद भी किसानों को जरूरत के मुताबिक यूरिया खाद मुहैया नहीं हो पा रही है। प्राईवेट दुकानों की बात करें तो 350 से 380 रुपये प्रति बोरी यूरिया खाद दिया जाता है और वहां मनमाना दाम वसूला जाता है। शासन की मंशा के अनुसार प्राईवेट दुकान हो या समिति हो वर्तमान समय में 266.50 रूपये प्रति बोरी यूरिया का रेट है। यदि उससे अधिक दामों पर नहीं बेचा जाना चाहिए। यदि कोई बेच रहा है तो उसके ऊपर विधि कार्रवाई की जाये। वहीं सूत्रों के मुताबिक परसैया और बैरियावा से भोर के 4 बजे ही खाद तस्करों की लाइन लग जाती है। वह खाद भरौली अमन तिराहा होते हुए सीधे नेपाल भेज दी जाती है। वहीं लोहटी का तो क्या कहना, दिनभर धंधा चलता है।

## एएनएम गर्भवती के प्रति संवेदनशील होकर करें कार्यः डॉ. शैलेंद्र मणि

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र सीएचसी सिरसिया अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा ने शनिवार को क्षेत्र के महनुआ खास में आयोजित टीकाकरण शिविर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एएनएम संध्या एवं आशा गीता उपस्थित मिली तथा 23 बच्चों समेत 7 गर्भवती को सेवा दी जा चुकी थी। अधीक्षक ने सत्र पर उपस्थित अनिरुद्ध, समर, राजा, दिवर्शी शिवम आदि के अभिभावक तथा आसमा, सरिता, शबनम, शिवांगी आदि गर्भवती महिलाओं से एएनएम के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की विषय में जानकारी ली। अधीक्षक ने एएनएम तथा आशा बहू को गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने की बात की, जिसे जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जा सके तथा कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत दी जाने वाली निःशुल्क अल्ट्रासाउंड एवं अन्य सुविधाएं के लिए आम जनमन को जागरूक करे। डॉ ओझा ने एएनएम तथा आशा बहू को गर्भवती महिलाओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

## सांसदों का 'रक्तचरित्र'

संसद भवन के 'मकर द्वार' पर सांसदों में जिस तरह धक्का-मुक्की हुई और भाजपा के दो सांसदों को चोटिल होकर अस्पताल के आईसीयू तक जाना पड़ा, बेशक वह उच्छृंखल, स्वच्छंद, अशालीन, अमर्यादित आचरण है। सामान्य शब्दों में कहा जा सकता है कि संसद परिसर 'अखाड़ा' बन गया है अथवा सांसद भी गली-मुहल्ले के बच्चों की तरह एक-दूसरे को धकियाने लगे हैं। यह क्या हो रहा है और संसद की गरिमा तार-तार क्यों की जा रही है? 75 साल के संसदीय इतिहास में यह पहली घटना है कि ओडिशा के 70 वर्षीय सांसद प्रताप सारंगी लहूलुहान हुए। अस्पताल में उन्हें कुछ टांके लगाने पड़े हैं। इसी तरह फर्रुखाबाद (उप्र) के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी धराशायी होकर बेहोश हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने जब उनसे फोन पर बात की, तब भी वह स्थिर नहीं थे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सांसदों ने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष 84 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे को धक्का मारा, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। यदि ऐसा हुआ है, तो उन्हें अस्पताल तक क्यों नहीं पहुंचाया गया? भाजपा सांसदों के मुताबिक, राहुल गांधी ने उन्हें धक्का मारा हो अथवा धक्का अचानक लगा हो या धक्का सामूहिक, पूर्व नियोजित प्रयास हो, लेकिन संसद कलंकित हुई है। सांसदों का 'रक्तचरित्र' स्पष्ट हो गया है। लोकतंत्र के सबसे बड़े, पावन मंदिर को दूषित किया गया है। अब यह सोचना या दावा करना 'मजाक' होगा कि भारत में लोकतंत्र का इतिहास 2000 साल पुराना है। हमारे सांसद तो 75 साल में ही बेनकाब हो गए हैं।

यकीनन यह किसी भी किस्म का लोकतंत्र नहीं है, बेशक सभी सांसद औसतन 15-20 लाख मतदाताओं द्वारा चुने गए हैं। सवाल है कि सदन के प्रवेश द्वार पर सांसदों की धक्का-मुक्की की नौबत क्यों आई? 'मकर द्वार' पर विरोध-प्रदर्शन किए जाते हैं, तो सांसदों के प्रवेश के लिए दूसरा रास्ता तय कर दिया जाता है। फिर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसदों की भीड़ को चीरते हुए सदन में प्रवेश करने की जिद क्यों की? नागालैंड की एक महिला राज्यसभा सांसद पर राहुल क्यों चिल्लाए? राज्यसभा के सभापति एवं देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यहां तक कहा है कि महिला सांसद उनके चैंबर में आईं। वह बेहद परेशान और भयभीत लग रही थीं। उन्होंने बदसलूकी की शिकायत करते हुए आत्मसम्मान को ठेस पहुंचने तक की बात कही है। बेशक मामले की गहराई तक जाएंगे। भाजपा सांसद हेमांग जोशी ने दिल्ली पुलिस में राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने उपर्युक्त की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है, लेकिन हत्या के प्रयास वाली धारा 109 को छोड़ दिया गया है। धारा 117 को छोड़ कर शेष सभी धाराएं जमानती हैं। दूसरी तरफ राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं की शिकायत है कि भाजपा सांसदों ने धक्के मारे। उनके हाथों में डंडे थे। अमर्यादित भाषा का व्यवहार भी किया गया। कांग्रेस ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन उनकी प्राथमिकी की कोई सूचना नहीं है। बहरहाल जांच से ही निष्कर्ष सामने आएगा कि 'खलनायक' कौन है? वाकई किसने धक्का दिया? चोटिल सांसदों के प्रति सहानुभूति जताते हुए माफी मांगने की कोशिश क्यों नहीं की गई? इन सवालों के इतर हमारे सांसदों का 'रक्तचरित्र' स्पष्ट हो गया है। हमारा सरोकार और सवाल यह है कि हम ऐसे सांसदों को चुनते ही क्यों हैं? क्या हमारे संसदीय प्रतिनिधि देश की सबसे बड़ी प्रजातांत्रिक संस्था के परिसर में अपनी बात कहने या मनवाने का यह तरीका अपनाएंगे अथवा दूसरा पक्ष उससे अधिक ताकत से धक्का देकर उसका प्रतिकार करेगा? हम दोनों पक्षों को जिम्मेदार मानते हैं, क्योंकि मर्यादा का उल्लंघन दोनों ने किया है। हमारे सामने कहानी नहीं है, लेकिन सवाल है कि जिम्मेदारी कौन तय करेगा? क्या जांच किसी निर्णायक निष्कर्ष तक पहुंच सकेगी? सोचना यह भी पड़ेगा कि यदि यही धक्का-मुक्की सामाजिक, सार्वजनिक मानक बन गया, तो निचली लोकतांत्रिक संस्थाओं में क्या होगा? संसद को आपसी रंजिश की धक्का-मुक्की का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

## गोपनीयता पर मंथन आवश्यक



संजीव ठाकुर

हिंदुस्तान की आबादी की 141करोड़ जनसंख्या में से 120 करोड़ जनमानस के पास आधार कार्ड है और पैन कार्ड धारकों की भी संख्या अब करोड़ों में पहुंच चुकी है। ये आंकड़े सरकार के पास भी हैं जो अक्सर यह संदेह पैदा कतें है कि इसका कही दुरुपयोग होकर कहीं आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप तो नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा समस्त शासकीय सुविधाओं की प्राप्ति के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल सिम के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता लागू कर दी गई है। यह बात तो सर्वविदित है कि मोबाइल में सिम कार्ड लेते वक्त आधार कार्ड की अनिवार्यता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण तो है ही पर इसमें कभी-कभी यह आशंका भी होने लगती है कि भारत में निवास करने के लिए आधार के रूप में निजी जीवन में कहीं दखलअंदाजी तो नहीं है अथवा व्यक्ति के जीवन में उसकी निजता पर प्रहार तो नहीं है।

चूंकि आधार कार्ड व्यक्ति की निजी पहचान को अपने में सम्मिलित करता है और इसकी अनिवार्यता से व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति कहां क्या गतिविधियां कर रहा है यह आधार की अनिवार्यता के साथ सरकार के पास सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे सरकार द्वारा अथवा डाटा संग्रहण केंद्र के माध्यम से किसी भी हैकर द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है ।जो व्यक्तिगत इच्छा के विपरीत है और यदि सरकार आधार से संबंधित आंकड़े किसी अन्य पक्ष के साथ साझा करती है तो इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल हो जाती है। आधार कार्ड के दुरुपयोग की दूसरी समस्या इसके राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में उपयोग किए जाने की हो सकती है। राजनीति में सत्ता पक्ष की जितनी भूमिका होती है विपक्ष की भूमिका उससे अधिक होती है। आधार कार्ड के आंकड़ों के माध्यम से कोई भी सत्ता पक्ष, विपक्ष की इस भूमिका को सीमित करने का प्रयास कर सकता है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के साथ विपक्षी राजनेताओं के संवादों को टेप कर रणनीति का पूर्वानुमान लगाना सत्ता पक्ष की मंशा हो सकती है,इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पर इसके कई फायदे भी हैं ,आधार कार्ड की पैन कार्ड में अनिवार्यता ने वर्षो से टैक्स की छूट ले रहे फर्जी पैन कार्ड धारकों के हितों में चोट तो की है। इससे सरकार के कर संग्रहण में बढ़ोतरी होने से योजनाओं के लिए धन आवंटन एवं भौतिक सामाजिक निवेश में वृद्धि होगी। आधार कार्ड की अनिवार्यता से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बढ़ाया जा सकता है क्योंकि इससे सरकार के पास वास्तविक सफलता के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सहायक भी होगी।

विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि भले ही निजता का अधिकार मौलिक अधिकार हो किंतु सरकार द्वारा जनकल्याण के कार्यों के लिए उसका अतिक्रमण किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम एवं अंतिम उद्देश्य लोक कल्याणकारी रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यदि लोक कल्याण के लिए सरकार व्यक्तियों के आंकड़ों का संग्रहण करती है उसे उचित माना जाना चाहिए। शर्त यह है कि सरकार विधि सम्मत स्थापित कर दें कि उन एकत्रित आंकड़ों का दुरुपयोग कि किन्ही भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। व्यक्ति की निजता एक अखंडनिय अधिकार है, किंतु इसकी निरंतरता के लिए सरकार का सहयोग अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन भी आवश्यक है। व्यक्ति को चाहिए कि वर्तमान डिजिटल युग के खतरों को भांपते हुए निजी पहचान को किसी भी अनाधिकृत वेबसाइट अथवा व्यक्ति को देने से बचें क्योंकि निजता का वास्तविक खतरा उससे है,ना कि सरकार के आंकड़ों के संग्रहण से है। आंकड़ों की उपलब्धता सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक भी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**देश की संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करने वाला शिखर संस्थान है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की गरिमा को भंग न करे, अपना आचरण शुद्ध, शालीन एवं व्यवस्थित रखेंगे और व्यर्थ की बयानबाजी, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार की जगह सार्थक बहस की संभावनाओं को उजागर करें। भारत की परंपरा कहती है कि वह सभा, सभा नहीं, जिसमें शालीनता एवं मर्यादा न हो।**

# संसद की गरिमा का दांव पर लगना चिन्ताजनक

संविधान-निर्माता भीमराव आंबेडकर को लेकर भारतीय संसद में जो दृश्य पिछले कुछ दिनों में देखने को मिले हैं, वे न केवल शर्मसार करने वाले है बल्कि संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अंबेडकर को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। दोनों पक्षों ने गुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हाथापाई भी हुई जिसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी को नियमों का पालन करना पड़ेगा। संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है। भारतीय संसद के प्रांगण में जिस तरह की अशोभनीय एवं त्रासद स्थिति का उत्पन्न हुई है, वे हर लिहाज से दुखद, विडम्बनापूर्ण और निंदनीय है। आरोप-प्रत्यारोप की वजह से परिवेश ऐसा बन गया है, मानो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शुद्ध शत्रुता, द्वेष, नफरत की स्थितियां उग्रतर हो गई हो। और तो और, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार जैसे आरोपों को लेकर पुलिस में मामला दर्ज होना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुखद एवं अशालीन स्थितियों का उपचार न किया गया, तो संसद में काफी कुछ अप्रिय एवं अशोभनीय होने की आशंकाएं बलशाली होगी।



ललित गर्ग

कहना न होगा कि देश की संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करने वाला शिखर संस्थान है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की गरिमा को भंग न करे, अपना आचरण शुद्ध, शालीन एवं व्यवस्थित रखेंगे और व्यर्थ की बयानबाजी, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार की जगह सार्थक बहस की संभावनाओं को उजागर करें। भारत की परंपरा कहती है कि वह सभा, सभा नहीं, जिसमें शालीनता एवं मर्यादा न हो। वह संसद संसद नहीं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा न करें। वह धर्म, धर्म नहीं, जिसमें सत्य न हो। वह सत्य, सत्य नहीं जो कपटपूर्ण हो। आज संसद में सांसदों का व्यवहार शर्म की पराकाष्ठा तक पहुंच गया है। पूरे देश की जनता ने बड़ा भरोसा जताते हुए अपने प्रतिनिधियों को चुनकर लोकसभा में भेजा है, ताकि वे सांसद के रूप में देश की भलाई के लिए नीति एवं नियम बनाएं, उसे लागू कराएं और जनजीवन को सुरक्षित तथा खुशहाल बनाते हुए देश का विकास करें। संसद की सदस्यता की शपथ लेते समय सांसदगण इन सब बातों को ध्यान में रखने की कसम भी खाते हैं, लेकिन उनकी कसम बेबुनियाद ही होते हुए संसद की मर्यादाओं को आहत कर रही है। बीते कुछ समय से धरना-प्रदर्शन के साथ सड़क पर राजनीतिक दमखम दिखाने वाले नजारे संसद के दोनों सदनों में भी दिखने लगे हैं। भौतिक रूप से छीना-झपटी



और हाथापाई की नौबत भी दिखती रही है और विचाराधीन विषय से दूर एक-दूसरे को हीन साबित करना ही उद्देश्य बन गया है।

संसद का मूल्यवान समय बर्बाद हो रहा है, यह इससे स्पष्ट होता है कि पहली लोकसभा में हर साल 135 दिन बैठकें आयोजित हुई थीं। आज स्थिति कितनी नाजुक हो गई है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि पिछली लोकसभा में हर साल औसतन 55 दिन ही बैठकें आयोजित हुईं। नयी लोकसभा की स्थिति तो और भी दुखद एवं दयनीय है। संसद में काम न होना, बार-बार संसदीय अवरोध होना तो त्रासद है ही, लेकिन धक्का-मुक्की तक नौबत पहुंचना ज्यादा चिन्ताजनक है। कोई भी दल हो, किसी भी दल के सांसद हो, उन्हें यह संदेश देने की जरूरत है कि संसद ऐसे किसी संघर्ष का अखाड़ा नहीं है। संसद और संविधान, दोनों ही सांसदों से उच्च गरिमा एवं मर्यादाओं की अपेक्षा करते हैं। संसद देश की आवाजों और दलीलों का मंच है, यह किसी भी प्रकार की शारीरिक जोर-आजमाइश का मंच न बने, इसी में देश की भलाई है, लोकतंत्र की अक्षुण्णता है। सार्थक और उत्पादक संवाद के लिए हर सांसद को संविधान का ज्ञान, संसदीय परंपराओं की जानकारी एवं उनके प्रति प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। दुर्भाग्य से बहुत कम सांसद ही इस ओर ध्यान देते हैं। मुखर प्रवक्ता के रूप में विपक्ष के कई सांसद अक्सर बेलगाम, फूहड एवं स्तरहीन आरोप-प्रत्यारोप दर्ज कराने में जुट जाते हैं। आधी-अधूरी सूचनाओं या गलत जानकारी के साथ विपक्ष के नेता सरकारी पक्ष को आरोपित करने में जुट जाते हैं, बयानों तो तोड़मरोड़ का प्रस्तुत करते हैं। निश्चित ही विपक्ष लगातार अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता दिख रहा है। वह सरकार को घेरने और आरोपित करने के उद्देश्य से संसद के कार्य में अक्सर व्यवधान डालता है। लगता है विपक्ष का मकसद यही हो गया है कि संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से न चल सके और सरकार की विफलता दर्ज हो। इस तरह की विपक्ष की बौखलाहट का बड़ा कारण भाजपा की लगातार चमत्कारी जीत है।

सांसदों को समग्रता में सोचना चाहिए कि अगर संसद जोर आजमाइश एवं हिंसा का अखाड़ा होकर बात एफआईआर की राजनीति तक बढ़ेगी, तो संसद का संचालन जटिल से जटिलतर होता जायेगा। संसद में तनाव कोई नई बात नहीं है। तनाव और तल्खी का इतिहास रहा है, पर बहुत कम अवसर ऐसे आए हैं, जब शारीरिक बल का दुरुपयोग देखा गया है। संसद भवन के प्रांगण में ही नहीं, बल्कि देश में कहीं भी सांसदों को ऐसे आमने-सामने नहीं आना चाहिए, जैसे गुरुवार को देश ने देखा है। संसद भवन के प्रांगण में जगह-जगह कैमरे लगे हैं। उन कैमरों की मदद से कम से कम यह तो सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी कौन है? दुध का दुध एवं पानी का पानी हो और सच सामने आये। सच की जीत हो और झूठ नैस्तनाबूद हो। अगर किसी सांसद के सिर में चोट लगी है, तो यह वैसे भी गंभीर मसला है। भाजपा सांसद सारंगी ने यही बताया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वजह से एक व्यक्ति उनसे टकराया और वह गिर गए। ऐसा ही आरोप कांग्रेस ने भी लगाया है। पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप लगेंगे, पर ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि सच सामने आए। यदि सच सामने न आए, तो कम से कम सभी सांसद ऐसी स्थिति फिर न बनने दें, इसके लिये संकल्पित हो।

शीतकालीन सत्र में आंबेडकर के नाम पर संसद के भीतर-बाहर जो कुछ हो रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल संसद की गरिमा से जानबूझकर खिलवाड़ करने पर तूले है। यह मानना अविश्वसनीय है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई। राहुल गांधी आक्रामक ढंग से एक महिला सांसद के निकट जाकर उन्हें असहज करना तो बहुत ही शर्मनाक एवं कहीं अधिक फूहड़ है। पता नहीं किसके आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि उक्त घटना संसद ही नहीं, देश को भी शर्मिंदा करने वाली है। राजनीति का स्तर इतना नहीं गिरना चाहिए कि वह मर्यादा से विहीन दिखने लगे।

# जलवायु संकट के दौर में फंसा ट्रम्प का पेंच

डॉ कुशाग्र राजेंद्र

**जलवायु विमर्श केवल वैश्विक राजनीति को प्रभावित कर रही है बल्कि अमेरिका की आंतरिक राजनीति में भी उथलपुथल मचा रही है। जाते-जाते अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए साल 2035 तक अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 2005 के स्तर से कम से कम 61 प्रतिशत कम करने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य अगले साल फ़रवरी तक सभी देशो द्वारा पेरिस जलवायु समझौते के तहत निर्धारित किये जाने वाले एनडीसी की तैयारियों का हिस्सा है। इस फैसले को अमेरिका के जलवायु संकट पर उसके पिछले ढुलमूल रवैये को देखते हुए, इसे अब तक का सबसे कठोर और महत्वकांक्षी निर्णय बताया जा रहा है।**

पिछले महीने डोनाल्ड ट्रम्प के दुबारा राष्ट्रपति चुने जाने पर वैश्विक स्तर पर काफी तीखी प्रतिक्रिया देखी गयी और उनके पिछले कार्यकाल पर उनके द्वारा लिए गए निर्णयों के आधार पर ऐसी प्रतिक्रिया आना स्वाभाविक भी है। उसी दौरान हुए कॉप-29 की बैठक यहाँ तक जी-20 की बैठक में भी ट्रम्प का दुबारा निर्वाचन वहां लिए जा रहे फैसलों को प्रभावित करता दिखा, खासकर जलवायु परिवर्तन के सन्दर्भ में हुए कॉप-29 पर एक अनिश्चितता का वातावरण रहा। उत्सर्जन के बदलते परिदृश्य के उलट चीन अपनी बढती जलवायु संकट जिम्मेदारियों से एकतरफा और मनमाने तरीके से भागता नज़र आया, जो कुछ-कुछ डोनाल्ड ट्रम्प की अगुवाई में मनमाने तरीके से अमेरिका द्वारा पेरिस जलवायु समझौते को मानने से इंकार करने जैसा था। पेरिस जलवायु समझौते के तहत् अगले साल की शुरुवात में ही सभी भागीदार देशों को अपने राष्ट्रीय स्तर निर्धारित योगदान (एन डी सी) का खाका प्रस्तुत कर साल के अंत तक उसको आखिरी रूप देना है। वही पिछले साल के मध्य से वैश्विक उष्मन अब एक नए दौर में जा चुका है, साल 2023 अब तक का सबसे गर्म साल साबित हो चुका है और मौजूदा साल के लिए भी यही आशंका जाहिर की जा रही है। ऐसे में अमेरिका, जिस पर जलवायु संकट से बचाव की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, की रणनीति काफी हद तक जलवायु संकट से बचाव की दिशा तय करेगी। पर अब जब ट्रम्प दोबारा अमेरिका की बागडोर सँभालने जा रहे हैं ऐसे में अमेरिका को लेकर एक बार फिर वैश्विक जलवायु प्रयासों पर संदेह का माहौल बन रहा है।

ऐसा नहीं है कि जलवायु विमर्श केवल वैश्विक राजनीति को प्रभावित कर रही है बल्कि अमेरिका की आंतरिक राजनीति में भी उथलपुथल मचा रही है। जाते-जाते अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए साल 2035 तक अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 2005 के स्तर से कम से कम 61 प्रतिशत कम करने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य अगले साल फ़रवरी तक सभी देशो द्वारा पेरिस जलवायु समझौते के तहत निर्धारित किये जाने वाले एनडीसी की तैयारियों का हिस्सा है। इस फैसले को अमेरिका के जलवायु संकट पर उसके पिछले ढुलमूल रवैये को देखते हुए, इसे अब तक का सबसे कठोर और महत्वकांक्षी निर्णय बताया जा रहा है। वही जनवरी में अमेरिका की गद्दी सँभालने जा रहे डोनाल्ड ट्रम्प, जो जलवायु प्रयासो की उलट फैसले लेने के लिए जाने जाते है, अमेरिका में बाइडेन प्रशासन के दौर में लागू दर्जनों जलवायु नीतियों को खत्म करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमे हरित उर्जा पर सरकारी आर्थिक सहयोग और खरे प्रदुषण मानक सह्मिल है। वैसे मौजूदा राष्टपति जों बाइडेन अमेरिका के अन्दर डोनाल्ड ट्रम्प के मुकाबले जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर थोड़े संवेदनशील माने जाते है पर उन पर भी अमेरिकी दृष्टि हावी रही है जो अक्सर वैश्विक प्रयासों के आड़े आ जाती है और जो सामान्य रूप से अमीर देशो की



जलवायु विमर्श पर तालमटोल की नीति के जैसा ही है। मौजूदा लक्ष्य के पहले जो बाइडेन साल 2021 में साल 2030 तक उत्सर्जन में कम से कम पचास प्रतिशत की कमी करने की घोषणा कर चुके है। वो अलग बात है कि जो बाइडेन की पिछले चार साल की इन तथाकथित कठोर फैसलों के बाद भी एनर्जी इनोवेशन के एक विश्लेषण के अनुसार मौजूदा नीतियों के तहत अमेरिका 2030 तक अपने उत्सर्जन मे मात्र 37 प्रतिशत की ही कमी ला पाएगा।

वैसे पिछले दिनों लिया गया जो बाइडेन का फैसला धरातल पर ना ही उतना महत्वाकांक्षी है और ना ही कठोर है, क्योंकि साल 2035 तक का नया लक्ष्य यह बताने के लिए काफी है कि अमेरिका अपने जलवायु प्रयासों में अपने जलवायु लक्ष्य से कितना दूर चल रहा है। एक स्वतंत्र विश्लेषण के अनुसार, साल 2050 के नेट जीरो लक्ष्य के लिए अमेरिका को साल 2030 तक कम से कम 62त्न उत्सर्जन कम करने की दरकार होगी। और इस लिहाज से भी जो बाइडेन की मौजूदा घोषणा पेरिस जलवायु समझौते के लिहाज से कम से कम पांच साल पीछे है। जो बाइडेन का कार्यकाल ट्रम्प के पेरिस समझौते से अलग होने के बाद जलवायु सन्दर्भ में अमेरिका को पटरी पर लाने वाला जरुर रहा है पर कई मामलों में पेरिस जलवायु सम्झौते से उलट भी रहा। इस दौरान अमेरिका प्राकृतिक गैस का विश्व का सबसे बड़ा निर्यातक देश बना और अमेरिका में तेल उत्पादन रिकार्ड ऊँचाई तक जा पंहुचा।

अमेरिका के मौजूदा प्रशासन का नया लक्ष्य गैर-बाध्यकारी लेकिन प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण एनडीसी पेरिस समझौते का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो सभी देश हर पांच साल में नए लक्ष्यों के साथ इसे घोषित करते है। किसी देश का एनडीसी, या जलवायु लक्ष्य, यह बताता है कि वह पूर्व-औद्योगिक समय से तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के वैश्विक लक्ष्य को पूरा करने में मदद करने के लिए वह अपनी क्षमता और जिम्मेदारी के अनुरूप ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कैसे कम करने की योजना बना रहा है। नए लक्ष्यों के साथ एनडीसी घोषित करने की अगली समय सीमा फरवरी 2025 ही है। खैर बाइडेन प्रशासन ने जो भी लक्ष्य निर्धारित करे, अगले महीने सत्ता सँभालने वाले डोनाल्ड ट्रम्प अपनी मंशा स्पष्ट रूप से जहिर कर चुके है कि जलवायु परिवर्तन एक झूठा प्रचार है। ऐसे में ज्यादा सम्भावना है कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका के लिए मौजूदा एनडीसी के लक्ष्य को या तो पूरी तरह से ख़ारिज कर दे ये व्यपक स्तर पर बदलाव के साथ सामने आये। ज्यादा सम्भावना है कि ट्रम्प कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस आधारित परम्परागत 'उर्जा का प्रभुत्व' की अपनी धारना को ही लागु करे, जो कि वैश्विक उष्मन और जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में सम्भावना है कि सरकारी सहयोग से पनप और फलफूल रहे पवन उर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर पहला शिकार बने। अभी अमेरिका जलवायु को लेकर राजनीतिक रस्साकस्सी का मैदान बना हुआ है। जहाँ एक तरफ बाइडेन प्रशासन मौजूदा लक्ष्य को अमेरिकी लोगो की जलवायु संकट से बचाव की इच्छा शक्ति बता रही है वही ट्रम्प का खेमा अपने पिछले कार्यकाल में पिछले दो दशक के सबसे कम कार्बन उत्सर्जन स्तर तक पहुँचाने को अपनी उपलब्धि बता रहा है कि कैसे ये सब अर्थव्यस्था को बिना नुकसान पहुँचाये हासिल हुआ। वो अलग बात है कि ना तो जो बाइडेन की सरकार वैश्विक समुदाय द्वारा निर्धारित जलवायु लक्ष्य के प्रति संजीदा रही है और ट्रम्प के पहले कार्यकाल में सबसे कम कार्बन उत्सर्जन का दावा दरअसल कोविड के दौरान आये बंदी का परिणाम था, ना कि सरकारी प्रयासों का। दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक, प्राकृतिक गैस के सबसे बड़े उत्पादक और निर्यातक और सबसे बड़े ऐतिहासिक जलवायु प्रदूषक के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका पर जलवायु संकट से बचाव में सबसे बड़ी जिम्मेदारी बनती है।

# भक्ति तहरीक और तसव्वुफ़ हिन्दुस्तान में हम-आहंगी सक़ाफ़्त की नींव

मुहम्मद सलीम

**भक्ती और सूफ़ी रिवायात का मुकालमा एक मक़बूल हम-आहंगी तहज़ीब बनाता है। ये दोनों तहरीकें नफ़रत और तफ़रीक़ को ख़ारिज करती हैं और रसूमाती रिवायात पर ज़ाती अक़ीदत पर ज़ोर देती हैं। मिसाल के तौर पर, कबीर ने हिंदू और इस्लामी मौज़ूआत को अपने अश्आर में मुनज्ज़म तरीके से पेश किया है, जो दोनों क़ौमों के साथ मुताबिक़त रखते हैं। अमीर ख़ुसरो एक सूफ़ी शायर जो फ़ारसी और हिन्दुस्तानी तहज़ीब की अलामात को अपने अश्आर में मुनज्ज़म किया है। दोनों तहरीकें मुक़ामी ज़बानों का इस्तेमाल में फ़ौक़ियत हासिल की है और रूहानियत को आम लोगों तक रसाई बनाने पर काम किया है। ये इश्तराक अमल हिन्दुस्तानी तहज़ीब और फ़न्नी रिवायात को मज़ीद मुज़य्यन कर दिया है।**

हिन्दुस्तान की तहज़ीबी तारीख़ बुनियादी तौर पर दो तबदील करने वाली तहरीकों के ज़रिये तश्कील दी गई है भक्ति तहरीक और तसव्वुफ़-जो अक़ीदत और मुहब्बत से जुड़ी हुई हैं। ये तहरीकें रूहानियत को नई तारीफ़ दी हैं, शमूलियत को तरक्क़ी दी और हिन्दुस्तान की हम-आहंगी अख़्लाक़ियात की बुनियाद डाली हैं। मसावात और बैनुल-अक़्वामी रिवादारी के ये पैग़ामात आज भी गूँजते हैं। और बढ़ती हुई मआशरती तक़सीम के ज़माने में एक काबिल-ए-सताइश सबक़ फ़राहम करते हैं।

भक्ति तहरीक हिन्दुस्तान की रूहानियत में तबदील करने वाले दौर की हिमायत करती है जो मज़हबी अक़ीदा से बढ़कर एक आम तहरीक बन चुकी है, ये अकीदती क़ुर्बानी से ज़ाती अज़ीम ख़ुदाई तक नजात के लिए तब्लीग़ करती है। क़दीम ब्रहमन और बुद्धिस्ट के रिवायात का जायज़ा लेते हुए, जैसा कि मुक़द्दस किताबें भगवत गीता भक्ती सातवें और दसवीं सदी के दरमियान जुनूबी हिन्दुस्तान में पहली बार परवान चढ़ी। नयनार (शिवइयत) और अलवर (विष्णुआइयत) शुमाली हिन्दुस्तान के सूफ़िया-ए-किराम जिन्होंने तमिल ज़बान के ज़रिये भक्ती की तब्लीग़ की जिसमें संस्कृत की शमूलीयत पाई जाती है। उन्होंने मज़हबी मसावात पर ज़ोर दिया, ज़ात और सनफ़ी तफ़ावुत को ख़ारिज किया, भक्ति तहरीक जमहूरी रूहानियत में तरक्क़ी पाई, 11वीं सदी में ये तहरीक रामानुज जैसे फ़लसफ़ी के ज़रिये अज़ीम मुक़ाम हासिल की, जिन्होंने नई जामा नज़रियात शामिल किए। दिल्ली सलतनत के ज़माने में 13वीं सदी में भक्ती तहरीकें शुमाली हिन्दुस्तान में फैली, उनकी मुख़्तलिफ़ तारीख़ी और मआशरती रिवायात ने इसकी तशकील दी। सूफ़िया-ए-किराम जैसे कबीर, तुलसी दास, मीरा बाई ने इस तहरीक को मज़ीद शौहरत अता की। बहरहाल कबीर की तौहीद परस्ती और मसावात परस्ती वाली नज़रियात जो ग़ैर-रिवायती नज़रिया में गहराई तक जुड़ी हुई है, उसने पहले की जुनूबी हिन्दुस्तानी रिवायात से अलग क़ायम हो कर ख़ुद को मुख़्तलिफ़ किया। तसव्वुफ़ हिन्दुस्तान में इस्लाम की बुनियाद के साथ



साथ आई, जो भक्ती रिवायात के साथ बहुत क़रीबी मुशाबहत रखती है।

चिश्ती, सुह्रवर्दी, और नक्शबंदी सिलसिले मुहब्बत, हमदर्दी और सादगी पर ज़ोर देते थे जैसा कि ये रास्ते हैं रुहानी इत्तिहाद की। सूफ़ी औलिया-ए-किराम जैसा कि ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती, बाबा फ़रीद और हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया ने मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब के मानने वालों को मुतास्सिर किया और मतनू मज़ाहिब के दरमियान हम-आहंगी को तरक्क़ी दी। उनकी रुहानी इज्तिमा अक्सर मौसीक़ी और शायरी पर मुश्तमिल होते हैं, जो अक़ीदत को जामा तजुर्बा में बदलते हैं। भक्ती और सूफ़ी रिवायात का मुकालमा एक मक़बूल हम-आहंगी तहज़ीब बनाता है। ये दोनों तहरीकें नफ़रत और तफ़रीक़ को ख़ारिज करती हैं और रसूमाती रिवायात पर ज़ाती अक़ीदत पर ज़ोर देती हैं। मिसाल के तौर पर, कबीर ने हिंदू और इस्लामी मौज़ूआत को अपने अश्आर में मुनज्ज़म तरीके से पेश किया है, जो दोनों क़ौमों के साथ मुताबिक़त रखते हैं। अमीर ख़ुसरो एक सूफ़ी शायर जो फ़ारसी और हिन्दुस्तानी तहज़ीब की अलामात को अपने अश्आर में मुनज्ज़म किया है। दोनों तहरीकें मुक़ामी ज़बानों का इस्तेमाल में फ़ौक़ियत हासिल की है और रूहानियत को आम लोगों तक रसाई बनाने पर काम किया है। ये इश्तराक अमल हिन्दुस्तानी तहज़ीब और फ़न्नी रिवायात को मज़ीद मुज़य्यन कर दिया है। अक़ीदती मौसीक़ी, अदब और फ़न की शक्लें जैसा कि क़व्वाली और भजन को बहुत मुतास्सिर किया है

भक्ती और सूफ़ी तहरीकें हिन्दुस्तान के इत्तेहादी मीरास के सतून के तौर पर क़ायम मक़ाम है जो मुहब्बत, अक़ीदत और शमूलियत की ताक़त की अहमियत पर ज़ोर देतीं हैं। ऐसी दुनिया जो बड़ी उजलत से मुनक़सिम हो गई पहचान की सियासत के ज़रिये। ये तहरीकें हमें मुशतर्का रुहानी इक़दार की याद दिलाती हैं जो इन्सानियत को मुत्तहिद करती हैं। उनकी तालीमात अगर तालीम और लोगों के गुफ़्तगु में दुबारा शामिल किया जाये तो ये ज्यादा मुत्तहदा और शमूलियती मुआशरा की तश्कील में मदद करेगी। हिन्दुस्तान की मीरास की सच्चाई है तनूव में इत्तेहाद। ये तहरीकें रूहानियत को मज़हबी हदूद के ऊपर ले जाने पर ज़ोर देती हैं और मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब के दरमियान मकालमे को तरक्क़ी देने के लिए एक बहुत बड़ा सबक़ देते हैं। भक्ती और सूफ़ी औलियाओं ने पसमांदा लोगों के हुक़ूक़ की वकालत की है और मसावात के लिए मुसलसल कोशिशें की हैं। उनके मौसीक़ी, शायरी और फ़िलॉसफ़ी को दुबारा ज़िंदा कर के हिन्दुस्तान की तकसीरी पहचान को मज़बूत बनाया जा सकता है।

अवधनामा



# पीसीएस प्री परीक्षा कल : सभी 75 जिलों के 1331 केंद्रों में होगी परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा-2024 रविवार को प्रदेश के 1331 केंद्रों पर होगी। पहली बार यह सभी 75 जिलों में होने जा रही है। परीक्षा दो सत्रों में सुबह 9:30 से 11:30 बजे व दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। पहले सत्र में सामान्य अध्ययन व दूसरे सत्र में सीसैट का पेपर होगा।



पीसीएस के 220 पदों पर भर्ती के लिए 576154 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में पेपर लीक के बाद यूपीपीएससी की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित परीक्षा होने जा रही है। ऐसे में आयोग व प्रशासनिक तंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती प्रश्न पत्रों की सुरक्षा होगी। इसके लिए तमाम इंतजाम किए गए हैं। प्रश्न पत्रों को डिजिटल लॉकर वाले बॉक्स में रखकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। इस बार प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक और एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जबकि, इससे पूर्व तीन परीक्षा केंद्रों पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जाती थी। हर परीक्षार्थी की पहचान के लिए आइरिश स्कैनिंग होगी। इसकी पुष्टि के लिए यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर होलोग्राम चस्पा किए जाएंगे।

अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना अथवा प्रकट करने की सजिश करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुसूचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के तहत ऐसे

**576154 अभ्यर्थी पंजीकृत, नकल पर एक करोड़ जुर्माना व आजीवन कारावास**

प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना व आजीवन कारावास की सजा, दोनों हो सकती है। यदि नकल सामग्री पकड़ी जाती है तो अभ्यर्थी को परीक्षा विशेष या आगामी परीक्षाओं व चयन से डिबार किया जा सकता है, चाहे सामग्री का प्रयोग नकल के लिए किया गया हो या नहीं।

राजधानी में रविवार को 64 केंद्रों पर पीसीएस प्री की परीक्षा होगी। इसमें 28513 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 तक होगी। परीक्षा को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों को पांच जोन में बांटा गया है।

## नाइट राइडर्स और संगम सिटी क्लब सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता में एयू ब्वॉयज और संगम सिटी क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर शनिवार को खेले गये तीसरे क्वार्टर फाइनल में नाइट राइडर्स ने त्रिवेणी फुटबाल क्लब को 2-1 से हराया। विजेता टीम के लिए कुमार कुमार व शांतनु सिंह गोल किया। विजेता टीम के डिफेंडर अखिलेश मिश्र को बेहतरीन खेल के लिए बीके घोष ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। चौथे क्वार्टर फाइनल में संगम सिटी क्लब ने परेड ब्वॉयज को 3-0 से हराया। गोल आजाद पांडेय, अमन सिंह और आमिर खान ने किया। आजाद पांडेय को अमृत लाल कुशवाहा ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। सचिव बृजेश सिंह के अनुसार रविवार को एयू ब्वॉयज और संगम सिटी क्लब के बीच पहला सेमीफाइनल दोपहर दो बजे और इलाहाबाद अकादमी व नाइट राइडर्स के बीच दूसरा सेमीफाइनल शाम तीन बजे से खेला जायेगा।

# संगम की नावों पर हो रही चित्रकारी, देगी श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव और संदेश

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज की पहचान पूरे विश्व में त्रिवेणी संगम से होती है और संगम की पहचान यहां तैरती नावों से। नाव और नाविक ही हैं जो श्रद्धालुओं को तट से संगम की त्रिवेणी धारा तक ले जाते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित महाकुम्भ बनाने के अभियान में संगम तट की नावों और नाविकों का भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक ओर तो सीएम योगी ने अपने हाथों से नाविकों को लाइफ जैकेट और सुरक्षा बीमा सार्टिफिकेट जारी किये, साथ ही उनकी नावों की मरम्मत और सुंदरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा, यमुना के घाटों और उनमें चलने वाली नावों को साफ, स्वच्छ रखने के साथ उन पर पेंटिग और चित्रकारी भी की जा रही है।



**नमामि गंगे मिशन के तहत की जा रही है लगभग 2000 नावों की पेंटिंग**

महाकुम्भ 2025 को लेकर पूरे प्रयागराज और महाकुम्भ मेला क्षेत्र में निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में संगम के पक्के घाटों और नावों को भी चित्रित और पेंट कर सुंदरीकृत किया जा रहा है। साथ ही उन पर स्वच्छता के संदेश भी लिखे जा रहे हैं जो श्रद्धालुओं को स्वच्छ महाकुम्भ अभियान में जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रयागराज मेला प्राधिकरण में एसडीएम अभिनव पाठक ने बताया कि पेंट माई सिटी अभियान के तहत पूरे प्रयागराज शहर और नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत संगम क्षेत्र के घाट और नावों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे मिशन के तहत मेला प्राधिकरण 5 लाख स्क्वायर फिट क्षेत्र में पेंटिग और चित्रकारी का कार्य करवा रहा है। उसी क्रम में लगभग 2000 नावों को भी चित्रित करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव हो और वो पेंट किये गये स्वच्छता संदेशों से प्रेरित होकर नदियों को स्वच्छ रखने में योगदान दें।

# अटल की स्मृति में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में तथा सांस्कृतिक समिति समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में विश्वविद्यालय में अटल जी एवं सुशासन विषय पर काव्य पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना तथा सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की तथा सुंदर प्रस्तुतियों दी। उक्त कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला



गया। कार्यक्रम के संयोजन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. चंदना डे, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास, सांस्कृतिक समिति सदस्य डॉ. बुशरा अलवेरा, डॉ. राजकुमार तथा डॉ. आराधना अस्थाना का विशेष सहयोग रहा साथ ही उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी पर आधारित प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के शिक्षकों डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. रामदास तथा डॉ. पीयूष त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा सहभागिता भी की गई।

# गृहमंत्री के खिलाफ सपाईयों ने किया प्रदर्शन

## अमित शाह को बर्खास्त किए जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संसद में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गयी टिप्पणी करने के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त किए जाने की मांग की।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुस सपा जिलाध्यक्ष चौ.अब्दुल वाहिद ने कहा कि केन्द्रीय



गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गयी टिप्पणी से देश व प्रदेश का पिछड़ा दलित, वंचित शोषित समाज अपने आपको अपमानित महसूस कर रहा है। उन्होंने भाजपा को जातिवादी बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर द्वारा संविधान में दी गई आरक्षण व्यवस्था से भी खिलवाड़ किया है। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान व पूर्व विधायक मनोज चौधरी ने कहा कि जिनका मन 'विद्वेष' से भरा है, वो 'देश' क्या चलाएँगे। वह सिर्फ़ बाबा साहेब का ही नहीं, उनके दिये संविधान का भी अपमान है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पूर्व मंत्री विनोद तेजियान, प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप ने कहा कि भाजपा को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गयी बयानबाजी के लिए देश की

**जिनका मन 'विद्वेष' से भरा है, वो 'देश' क्या चलाएँगे : मनोज चौधरी**

जनता से माफी मांगनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों में महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, महानगर विधानसभा प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोड़ा, चौधरी अब्दुल गफूर, फरहाद गाड़ा, फैसल सलमानी, रतन यादव, इंजीनियर विजेश शर्मा, उमंग जैन, इसरार चौधरी, नक्षत्र पाल, जसवीर वाल्मीकि, हैदर मुखिया, संदीप यादव, गौरव यादव, संदीप सैनी, काशिफ अल्वी, सुदेश गुर्जर, पार्षद फहाद, सलीम, वासिल तोमर, मेहरबान चौधरी, किरण पाल राणा, उस्मान मुखिया, महताब अली, शाहिद मंसूरी, रामपाल फौजी, अरविंद राणा, हसीन कुरैशी, अमरीश चौटाला, इरशाद सलमानी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आम्बेडकर के अपमान में पीएम भी बराबर के जिम्मेदार : प्रमोद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के अपमान को लेकर पीएम को भी बराबर का जिम्मेदार करार दिया है। उन्होनें कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. आम्बेडकर के प्रति केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अपमानजनक वक्तव्य पर कार्रवाई करने की जगह मंत्री का मजबूत समर्थन किया है।

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी के द्वारा संविधान की शपथ लेकर संविधान निर्माता के प्रति अपमानजनक वक्तव्य देने वाले गृह मंत्री को समर्थन से पीएम पद की गरिमा पर भी आंच पहुंची है। उन्होने कहा कि ऐसे में पीएम मोदी को नैतिक जिम्मेदारी लेकर अब स्वयं पीएम पद से त्याग पत्र दे देना चाहिए। डॉ. आम्बेडकर के प्रति गृहमंत्री के



अपमानजनक वक्तव्य को लेकर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्पष्ट किया है कि संसद से उठी यह आवाज अब कांग्रेस मजबूती के साथ जनता के बीच रखेगी। उन्होनें कहा कि देश के संसदीय इतिहास में शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष भाजपा ने लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई स्वयं बाधित कर एक काला पन्ना जोड़ा है। उन्होने कहा कि सत्तारूढ़ दल ने संसद सत्र में खुद हंगामा खडा कर संसदीय भावनाओं व परम्परा तथा मर्यादा के साथ अक्षम्य खिलवाड किया है।

# रचनात्मक सोच व कलात्मक प्रतिभा का अनूठा संगम बना सैम-2024

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस एवं अयोध्या रोड कैम्पस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (सैम-2024) का तीसरा दिन आज देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों की रचनात्मक सोच व कलात्मक प्रतिभा के अनूठे संगम का गवाह बना। सैम-2024 के अन्तर्गत आज नेपाल, श्रीलंका व देश के विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने क्विज, माडल मेकिंग, मार्शल आर्ट एवं चित्रकारी आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी विश्व समाज में रचनात्मक बदलाव के प्रति उत्सुक व सजग है। विदित हो कि सैम-2024 का आयोजन 19 से 23 दिसम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर



रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।

प्रतियोगिताओं का सिलसिला आज सीनियर वर्ग की सैम क्विजर्स (क्विज) प्रतियोगिता के फाइनल राउण्ड से हुआ। प्रारम्भिक राउण्ड से चयनित 10 छात्र टीमों ने प्रतियोगिता में बड़े उत्साह से भागीदारी की व अपने ज्ञान-विज्ञान से दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स, आर्टस, म्यूजिक व जनरल अवेयरनेस से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये, जिसका प्रतिभागी छात्रों ने बिजली की गति से जवाब देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता का ऑडियो-विजुअल राउण्ड बेहद दिलचस्प रहा एवं दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर छात्रों की हौसलाअफजाई की। सैम इको-विजुअलाइजर्स (चित्रकारी) प्रतियोगिता भी अत्यन्त आकर्षक रही, जिसमें प्रतिभागी छात्रों ने जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता, प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण आदि विभिन्न विषयों पर अपने हुनर व रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया।

# पीपीपी मॉडल के आंकड़ों पर खुली सब की पोल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद की तरफ से आयोजित वेबीनार में आज सैकडो की संख्या में पूरे प्रदेश के आनेको जनपदों के जुडे विद्युत उपभोक्ताओं ने इस बात पर खुशी जाहिर की वर्तमान में पावर कॉरपोरेशन द्वारा गलत आंकडों के आधार पर उद्योगपतियों को लाभ देने के लिए बनाए गए पीपीपी मॉडल के आधार पर निजीकरण की प्रक्रिया पर उपभोक्ता परिषद की तरफ से जो विरोध किया गया और तार्किक आधार पर कानून और नियमों के तहत वित्तीय पैरामीटर पर उसका खुलासा किया गया जिसकी वजह से आज पूरी प्रक्रिया लगभग रूक गई है उपभोक्ता परिषद के सवाल वह जारी आंकडों पर पर विधानसभा सभा में काफी गहमागहमी रही और जिसकी वजह से पूरा मामला प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में आया इसके लिए सभी उपभोक्ता

**मामला फिलहाल अधर में, अगले चरण की लडाई के लिए उपभोक्ता परिषद तैयार**

उपभोक्ता परिषद के आभारी है।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग उठाई की एनर्जी टास्क फोर्स में जो भी आंकडे रखे गए उससे कहीं-कहीं प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का नुकसान होता प्रदेश का नुकसान होता और कहीं न -कहीं आने वाले देश के निजी घरानो का बडा लाभ होता इसकी सीबीआई जांच कराई जाए कि आंकडों में हेरा फेरी क्यों की गई और उसके आधार पर प्रस्ताव क्यों तैयार किया गया उसके लिए कौन दोषी है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा पहले चरण की लडाई उपभोक्ता परिषद ने जीत ली है।

# टीएमयू में ऊर्जा संरक्षण की दिलाई शपथ

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंगसाइंसेज़ एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी-सीसीएसआईटी में यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल- आईआईसी और फ़ैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ- एफओईईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ प्रदूषण को कम करने और अपने दैनिक जीवन में सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज़ को अपनाने की शपथ ली। इससे पूर्व फ़ैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवम् माल्यार्पण करके सीसीएसआईटी के सभागार में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान सीसीएसआईटी की फ़ैकल्टी श्री प्रदीप कुमार गुप्ता का विशेष रूप से क्यूरेट वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमें ऊर्जा संरक्षण और समकालीन पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने में इसके



महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया। फ़ैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. द्विवेदी ने ऊर्जा परिवर्तन की अवधारणा और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, विकास का उद्देश्य हमेशा भावी पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करना होना चाहिए। कोविड-19 लॉकडाउन का उदाहरण देते हुए कहा, मानवीय गतिविधियां कम होने से वायु शुद्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। डॉ. द्विवेदी ने पर्यावरण की सुरक्षा और ऊर्जा संरक्षण में व्यक्तिगत एवं सामूहिक जिम्मेदारी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रो. नितिन कुमार सक्सेना ने अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों में बदलाव की आवश्यकता के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को ऊर्जा परिवर्तन के लिए कुशल प्रणालियों को डिजाइन करने की आवश्यकता है, चाहे इसका स्त्रोत कुछ भी हो। उन्होंने सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधनों के उपयोग के महत्व पर बल दिया। ऊर्जा उपयोग को अनुकूलित करने और अभिनव समाधान के लिए मशीन लर्निंग और अन्य उन्नत एल्गोरिदम को अपनाने की वकालत की। डॉ. संकल्प गोयल ने भौतिकी के नियम की व्याख्या करते हुए कहा, प्लास्टिक कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा, उद्योगों और वाहनों से वायु उत्सर्जन का पर्यावरण का प्रमुख कारण हैं।

# यीशु मसीह ने मानव कल्याण के लिए कष्टों को स्वयं भोगा था

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से क्रिसमस सेलिब्रेशन वीक का आयोजन 16 से 23 दिसम्बर तक किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार 21 दिसम्बर को बुद्धेश्वर क्षेत्र में किया गया। बिशप डॉ.आर.सी.शेत ने इस अवसर पर संदेश दिया कि यीशु मसीह ने मानव कल्याण के लिए कष्टों को स्वयं भोगा था।

दया का घर चर्च में आयोजित इस मीटिंग में बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे। उन्होंने मसीही गीत भी गए। बिशप डॉ.आर.सी.शेत ने इस अवसर पर विश्व शान्ति और भारतवासियों की उन्नति के लिए प्रार्थना भी की। इसके साथ ही यीशु मसीह के नाम की महिमा का गुणगान भी किया गया। इस अवसर पर पास्टर सुनील, पास्टर सुधांशु, डॉ. सुमन शेत, पास्टर मयंक डेविड, ब्रदर

**बिशप डॉ.आर.सी.शेत ने क्रिसमस मीटिंग में यह संदेश दिया**



अशोक, पास्टर रंजीत, ब्रदर सुभाष, ब्रदर जगतपाल, ब्रदर प्रभुदयाल, ब्रदर सरवन, बिशप आर.सी.शेत ने यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में यह आयोजन 22 दिसम्बर को ओगरापुर बंथरा और 23 दिसम्बर को गोडवा में होंगे।

# 'बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल आवश्यक'

## 'वार्षिक खेलकूद समारोह' का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा 'वार्षिक खेलकूद समारोह - स्पोर्ट्स फिएस्टा-2024' का भव्य आयोजन आज नार्दन रेलवे स्टेडियम, चारबाग, लखनऊ में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अर्जुन अवार्डी श्री गुलाब चंद, ओलम्पियन एथलीट ने खेल मशाल प्रज्वलित कर खेल समारोह का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने पी.टी. डिस्प्ले, भारतीयम् व विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं द्वारा इण्डिया फिट एण्ड यंग का सन्देश दिया। इस अवसर पर उपस्थित भारी जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गुलाब चंद ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बचपन से ही बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना चाहिए और इसके लिए स्कूलों व अभिभावकों



को मिलकर कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्व-धर्म प्रार्थना से हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया जबकि मार्च पास्ट व क्रास मार्च पास्ट ने एकता व शान्ति का एक अद्भुद दृश्य प्रस्तुत किया। खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदकों के जबरदस्त होड़ रही और छात्रों ने अपनी शक्ति, दमखम, प्रतिभा व क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे आक्टोपस रेस, कोन रेस, सांता रेस, मेकिंग ए ब्रिज रेस, कलेक्टिंग द बॉल रेस, हूपला एण्ड कोन रेस, 50मी रेस, 100मी रेस, 200मी रेस, 4 गुणा 100मी रिल रेस आदि में अपनी खेल प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा, योगा, ताइक्वाण्डो, एरोबिक्स, कोरियोग्राफी आदि में छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा देखने लायक थी। खेल प्रतिस्पर्धाओं में विजयी छात्रों को मुख्य अतिथि श्री गुलाब चंद ने सार्टिफिकेट, मैडल व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या सुश्री दीपाली गौतम ने इस अवसर पर कहा कि खेल का मैदान ऐसा है जहां अनेक गुण पैदा होते हैं एवं चरित्र का निर्माण होता है। इस तरह के आयोजन जीवन में एकता की भावना को बढ़ाते है। गौतम ने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों व अभिभावकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

# मौ. सैयद रजा हुसैन रिजवी ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्य, आलम नगर मस्जिद के इमामे जुमा और मजलिस उलेमा-ए-हिंद के प्रतिनिधि मौलाना सैयद रजा हुसैन रिजवी ने शनिवार 21 दिसम्बर को एक बयान जारी करते हुए कहा कि पिछले दिनों गुरुवार 19 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में वक्फ संशोधन बिल को लेकर गठित जेपीसी की बैठक में उन्होंने वक्फ संशोधन बिल की पूरी तरह से निंदा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस तरह से मीडिया में खबर आई कि उन्होंने सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया है, वह पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि हमने कमेटी की बैठक में इस बिल का पूरा विरोध किया और कहा कि यह बिल किसी भी तरह से वक्फ और समाज के पक्ष में नहीं है जिसका लिखित तौर पर भी इस बिल का विरोध किया है। उन्होंने आगे कहा कि वक्फ भूमि पर



मंशाए वाकिफ के अनुरूप विकास कार्य किया जा सकता है, जिसमें शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल बनाना बेहतर कदम होगा, मैं वक्फ संशोधन बिल को अस्वीकार करता हूं और यह बिल किसी भी तरह से समाज और वक्फ के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि जो चाज एक बार वक्फ हो जाती है वह कयामत तक वक्फ ही रहती है और प्रस्तावित विधेयक किसी भी तरह से समाज के लिए उपयोगी नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे बयान को समाचार पत्रों में तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है और मैं इसकी निंदा करता हूं और विधेयक का हर तरह से विरोध करता हूं।

# सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** पक्का बाग बहजोई रोड स्थित अम्बेडकर पार्क पर सम्भल सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज़ खाँ के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सम्भल को सौपा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर पूरे देश में रोष है समाजवादी पार्टी जनपद सम्भल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के इस्तीफे व देश से माफी मांगे जाने की मांग करती है।

बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान भाजपा के लोग बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सम्मान नहीं करते हैं। इसीलिए इस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान किया है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह देश से माफी मांगें एवं अपने पद से इस्तीफे दे।प्रधानमंत्री जी को चाहिए कि गृह मंत्री अमित शाह जी का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से ले लेंना चाहिए या मंत्री पद से निष्कासित करदिया जाये बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी पिछड़े, दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितों और पीड़ित वर्गो के भगवान हैं। पीडीए के लोग बाबा साहब को भगवान मानते हैं। भगवान की तरह उनका सम्मान करते हैं। आज गांव गांव घर-घर उनको पूजा जाता है। हम सब उनका बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने देश का संविधान बनाया सबको हक, अधिकार और सम्मान दिलाया।बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से गरीब और वंचित समाज को सम्मान पूर्वक जीने का रास्ता दिखाया। भाजपा बाबा साहब का संविधान नहीं मानती है। पूरा देश देख रहा है कि भाजपा के लोग बाबा साहब अंबेडकर के लिए किस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। यह वही लोग हैं जो बाबा साहब अंबेडकर के बनाए हुए संविधान को बदलना चाहते थे। यह लोग लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। यह संविधान नहीं मन विधान से चलने वाले लोग हैं। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। यह बात राज्यसभा में सामने आ गई। भाजपा के लोग पिछड़ों, गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आधी आबादी से नफरत करते हैं। भाजपा के लोगों ने पीडीए का हक छीना है। जनता के सामने बुनियादी सवाल वही है कि नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिले, किसानों की आय दोगुनी हो, महंगाई कम हो, बेरोजगारी कम हो लेकिन भाजपा ध्यान हटाने के लिए नए-नए साजिश और षड्यंत्र करती है। भाजपा सरकार वन नेशन वन इलेक्शन लाकर देश को तानाशाही की तरफ ले जाना चाहती है। भाजपा लोकतंत्र में एकतंत्र चलाना चाहती है। क्षेत्रीय और जमीनी मुद्दों से ध्यान हटाकर बड़े मामलों पर चुनाव करा कर पूरे देश को अपने हाथ में लेकर कब्जा करना चाहती हैं। समाजवादी पार्टी जनपद सम्भल आपसे मांग करती है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी को तत्काल मंत्री मण्डल से बर्खास्त किया जाये एवं पूरे देश से माफ़ी मांगी जाये।

कार्यक्रम मे गौरव यादव जबर सिंह यादव अजय सागर रोहित गौतम आरिफ खान अमरपाल यादव शाइन कुरैशी शान बिलाल अब्बास खान मोनिस इमरान रिज़वान खान अमर पाल रामरहीस यादव रशीद मलिक गुलाम मुस्तुफा फैज़ान शाही अजय कुमार साबिर अन्सारी फैज़ान अली उपस्थित रहे।

## पेनल्टी शूट आउट में टीम चीता ने एमआर फुटबाल क्लब को हराया

**मथुरा।** इंडियन ऑयल की मथुरा रिफाइनरी के सहस्त्राब्दि स्टेडियम टाउनशिप में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के दौरान बीती शाम फाइनल मुकाबला एमआर फुटवाल क्लब व टीम चीता के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमें बराबरी पर रही। उसके बाद पेनल्टी शूट आउट में टीम चीता ने गोल करके विजय श्री प्राप्त की। फुटबॉल टूर्नामेंट में मथुरा रिफाइनरी में कार्यरत कर्मकारी एवं अधिकारियों की कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया गया। सभी टीमों के मध्य 9 मैच खेले गए। फाइनल मुकाबले को देखने पहुंचे मुख्य अतिथि सीजीएम एचआर भास्कर हजारिका ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वी. सुरेश ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इंडियन ऑयल ऑफिसर्स एसोसिएशन मथुरा रिफाइनरी के सचिव रविन्द्र यादव एवं मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के महामंत्री मुकेश शर्मा ने फाइनल मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बधाई दी। एम्पलॉइज क्लब द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए क्लब कार्यकारणी का भी आभार व्यक्त किया।

# पी एम श्री विद्यालय एवं संभल श्री विद्यालय की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में पीएम श्री विद्यालय एवं सम्भल श्री विद्यालय की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई ने बताया कि विद्यालयो के भौतिक स्थापना संबंधी कार्य चल रहें हैं जो कार्य अधूरें है या आरम्भ नहीं हुए हैं उन पर चर्चा की गयी। आर.ओ वाटर को लेकर चर्चा की गयी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत से आर.ओ . लगवाये जाएं। प्रत्येक विद्यालय के कक्ष में पंखे की उपलब्धता, विद्यालय में चारों तरफ नाली पक्का तथा ढकी हुई, विद्यालयों में आंतरिक विद्युत फिटिंग एवं सीसीटीवी कैमरा पर जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत एवं सीसीटीवी आदि तारों के लिए अलग अलग पाइप लगाये जाएं। विद्यालय की चहारदीवारी, ग्रिल, पीएम श्री वॉल, मल्टी पर्पस हॉल, शेड, आदि को लेकर चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा पीएम श्री विद्यालय वार जानकारी प्राप्त की गयी।विद्यालय की छतों को डैम प्रूफ बनाने के निर्देश दिए। पीएम श्री विद्यालय बहलोलपुर की वैबसाइट बनवाने के लिए भी संबंधित को निर्देशित किया। पीएम श्री विद्यालय में गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए। पीएम श्री के जनपदीय कंट्रोल रूम तथा पीएम श्री विद्यालयों की वैबसाइट के प्रदर्शन तथा सुझाव भी प्राप्त किए। वैबसाइट को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि वैबसाइट में पीएम श्री उत्तर प्रदेश, एवं पीएम श्री सम्भल का प्रदर्शन किया जाए तथा पीएम श्री विद्यालयों की ब्लॉगिंग, हैल्थ कार्ड, बच्चों के चश्मे को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीएम श्री सम्भल का टोल फ्री नंबर जारी करने के लिए निर्देशित किया तथा पीएम श्री फण्ड, सम्भल कल्कि पीएम श्री शिक्षा समिति, विद्यालयों में एजुकेशन पार्क भूकंप रोधी कक्ष, आत्मरक्षा कार्यक्रम पीएम श्री विद्यालयों में शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विद्यालय निरीक्षण वेद राम, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह, एवं समस्त पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जाखलौन क्षेत्र की दशकों समस्यायें पहुंची शीर्ष पटल पर

- जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा ने विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को सौंपे मांग पत्र
- जाखलौन में सीएचसी व शहजाद नदी पर चैकडेम निर्माण की मांग

**अजय श्रीवास्तव**

**ललितपुर।** जिला पंचायत के वार्ड संख्या आठ से सदस्य निर्वाचित होने के बाद से अमर सिंह विश्वकर्मा दशकों से चली आ रहीं समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की दिशा में प्रयासरत हैं। आदिवासी समुदाय का बाहुल्य क्षेत्र कहलाने वाले जाखलौन से लगे दो दर्जन से अधिक छोटे-बड़े गांवों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और आवागमन के लिए शहजाद नदी पर पुल और सिंचाई के लिए चैकडेम निर्माण की मांग की गयी है। जनहितैषी इन कार्यो को शीघ्र कराने के लिए जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा ने विधान परिषद सदस्य/वाराणसी जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को उनके आवास पहुंच कर मांग पत्र सौंपे हैं। सीधे आमजन से जुड़े मुद्दों को लेकर विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा के कार्यो की प्रशंसा करते हुये उक्त मांग पत्र डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को अपने लैटर में संलग्न करके भेजे हैं। अब क्षेत्र की जनता में उम्मींद जागी है कि उनके ही बीच रहने वाला जमीन से जुड़ा नेता अमर सिंह विश्वकर्मा उनकी दशकों पुरानी समस्याओं को शीर्ष पटल पर लेकर पहुंचा है, जिससे यह समस्याएं समय रहते दूर हो सकेंगी।



जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा ने विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा को सौंपे मांग पत्र में बताया कि मुख्यालय से करीब 22 किमी दूर कस्बा जाखलौन और उसके आसपास करीब दो दर्जन छोटे-बड़े गांव हैं, जिनमें हजारों की संख्या में लोग निवासरत हैं। बताया कि दशकों से यहां आमजन के लिए उपचार के लिए कोई अस्पताल नहीं है। सहरिया आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां के अधिकांश लोग मजदूरी, दिहाड़ी पर ही आश्रित हैं, लेकिन उपचार के अभाव में सैकड़ों लोग बीमारी के कारण घटित घटनाओं में काल-कलवित हो गये। इस सम्बन्ध में जाखलौन विकास समिति एवं ग्रामीणों ने विगत दस वर्षो से जाखलौन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के लिए मांग की थी, जिस पर अस्पताल निर्माण के लिए गांव में जगह मिल चुकी है, परन्तु अस्पताल का निर्माण नहीं हो सका। उन्होंने शीघ्र ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाखलौन में स्थापित कराये जाने की मांग उठायी।

इसी प्रकार अमर विश्वकर्मा घुटारी ने दूसरे मांग पत्र में अवगत कराया कि जाखलौन क्षेत्र में सिंचाई व आवागमन के लिए घुटारी व मैरतीकलां के मध्य से निकली शहजाद नदी पर चैकडेम/रपटा के निर्माण कराये जाने की मांग उठायी। उन्होंने बताया कि चैकडेम या रपटा निर्माण से घुटारी, निवाई, ऐरावनी, निवाहो, कुमरौला, उत्तमधाना, मैरतीकलां, बेसरा, पढ़ौरिया, बम्हौरीकलां, ऐरा व आलापुर सहित दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इसके अलावा यहां के लोग सीधे मुख्यालय से जुड़ सकेंगे। यह भी बताया कि इस सम्बन्ध में वर्तमान सांसद अनुराग शर्मा के पत्र से भी मांग उठायी गयी है।

आमजन से सीधे तौर पर जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पत्र प्रेषित किया है।

### केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को भी दिया था पत्र

जाखलौन क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह विश्वकर्मा घुटारी ने बताया कि जाखलौन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कराये जाने के लिए विगत 2 दिसम्बर को ललितपुर पहुंची केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को उनके द्वारा सर्किट हाऊस में पत्र देकर मांग उठायी गयी थी। जिस पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा भी सीएचसी निर्माण के लिए आश्वासन दिया गया था।

# तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

- शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**संभल (बहजोई)** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील चंदौसी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील चंदौसी में कुल 156 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 46 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके को पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा चंदौसी कोतवाली के पीछे तथा जलकल विभाग के निकट नगर पालिका द्वारा बनाये गये वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया तथा संबंधित को वहाँ पर नियमित रूप से साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एस. एम. डिग्री कॉलेज के नजदीक वेंडिंग जोन का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि व्यवस्थित रूप से वेंडिंग जोन बनाया जाए तथा रेडिमेड कपड़े के लिए अलग से तथा खाने वाले आइटम के लिए अलग से व्यवस्था की जाए। परिवार के केवल एक सदस्य को ही इसमें स्थान दिया जाए। कॉलेज के नजदीक ही स्थित नाले की सफाई कराने को लेकर भी निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उपजिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी संतोष कुमार एवं तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम एसपी ने फरियादियो की समस्याओं को सुना

**चंदौसी (संभल)** जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक सम्भल श्री कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में तहसील चन्दौसी में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ का आयोजन किया गया एवं फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान उपजिलाधिकारी चन्दौसी, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी, राजस्व विभाग विभाग से संबंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

### पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग में 12 परिवारो मिलाया गया

**संभल (बहजोई)** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के के बिश्नोई की देखरेख में चलाई जा रही पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10 30 बजे पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां पर 12 परिवारों को मिलाया गया कुल 93 पत्रावली सुनकर 34 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तीन पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई तथा 19 पत्रावली आवेदक द्वारा बल न देने अथवा न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधि परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा संगीता भार्गव पूनम अरोरा सीमा आर्य बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता कंचन माहेश्वरी एवं उप निरीक्षक ओमप्रकाश मनोहर सिंह तथा कांस्टेबल उषा रश्मि गहलोत आदि लोग उपस्थित रहे।

### गृहमंत्री की टिप्पणी पर सपाईयों ने किया प्रदर्शन

**मथुरा।** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में विपक्ष द्वारा सड़क से लेकर संसद तक जगह-जगह प्रदर्शन किया जा रहा है। शनिवार को समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर डीएम ऑफिस पहुंच कर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद सपा नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञापन सौंपा। आज संविधान निर्माता की तस्वीर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल के नेतृत्व जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। जहां उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सपा नेताओं का कहना था कि गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। यह स्वीकार नहीं होगी। सपा महानगर अध्यक्ष ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह माफी मागें नहीं तो पार्टी आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा अगर वह माफी नहीं मांगते तो इस्तीफा दें। ऋतु गोयल ने राष्ट्रपति से मांग की कि गृहमंत्री को बर्खास्त करें। प्रदेश सचिव ठाकुर किशोर सिंह, विभोर गौतम ने सपा नेताओं पर लगाया पुलिस ने पहरा लगा दिया उनको घरों से बाहर निकलने नहीं दिया। प्रदर्शन में अभिषेक यादव, अबरार हुसैन, रवि यादव, विभोर गौतम, मुन्ना मलिक, पवन चौधरी, सज्जन क्रांति, भगवती चतुर्वेदी, राघवेंद्र ठाकुर, नजर पहलवान, बादल राज बंसल, हरिओम यादव, नेत्रपाल सिंह, देवकीनंदन, मनीष आजाद, विभोर गौतम, शबनम कुरैशी, सीमा कारण, ऋषिकांत अग्निहोत्री, कोमल किशोर शर्मा, जय शर्मा, इमरान अब्बास, रणवीर धनगर, नरेश यादव, सुरेश यादव, रानु यादव ,रमेश सैनी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने की पार्टी नेता प्रियंका गांधी से की मुलाकात

**मथुरा। कांग्रेस के कार्यवाहक** जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से मुलाकात कर उन्हें सासद होने पर बधाई दिया कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने प्रियंका गांधी को ठाकुर बांके बिहारी जी व श्रीकृष्ण जन्मभूमि के दर्शन करने के लिए निमंत्रण दिया है और उन्होंने कहा है कि वह मथुरा में एक कार्यकर्ता सम्मेलन कराना चाहते हैं जिसकी मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी नेता प्रियंका गांधी को आमंत्रित भी किया है। कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह भगवान ने बताया कि उनके द्वारा कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की गई उन्होंने कांग्रेस के नेता प्रभात कुमार पांडे की पुलिस की लाठियों से घायल होने के बाद हुई मौत पर दुख व्यक्त किया तथा राया के अग्निकांड मैं जिसमें 14 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी थी आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

# बरसाना मंदिर मार्ग पर पलटी मिक्सर मशीन, बड़ा हादसा होने से बच

**अवधनामा संवाददाता**

**बरसाना (मथुरा)।** जयपुर मंदिर से राधा रानी मंदिर मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सेवाएं देने के लिए कार्य कर रही एमवीडीए के ठेकेदार की मिक्सर मशीन शनिवार की दोपहर में पलट गई। मिक्सर मशीन के पलटते ही घबराए ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर छोड़ भाग गया। जिससे दुकानदारों और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। स्थानीय दुकानदारों और राधारानी मंदिर के सुरक्षा गार्ड ने मशीन को सीधकर अवरुद्ध रास्ता खुलवाया।

शनिवार को दिल्ली एनसीआर व देश के विभिन प्रान्तों से राधा रानी के दर्शन करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ चल रही थी कि वीआईपी मार्ग पर जाटव मोहल्ले से जयपुर मंदिर मार्ग होते हुए राधा रानी मंदिर स्थित रोपवे तक एक ठेकेदार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को टीन शेड का निर्माण कराया जा रहा था। अचानक दोपहर के समय श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के दौरान निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन पलट गई। मिक्सर मशीन के पलट जाने से घबराए टैक्टर चालक ट्रेक्टर को छोड़कर भाग गया। गनीमत रही कि इस दौरान मशीन की चपेट में कोई भी श्रद्धालु नहीं आया। मिक्सर के पलटने से राधा रानी मंदिर मार्ग अवरुद्ध हो गया। मार्ग के बंद होने से श्रद्धालुओं भीड़ दोनों तरफ जाम हो गई। जिसको देखते हुए स्थानीय दुकानदारों ने मिक्सर मशीन को मानव बल के सहारे सीधा कर अवरुद्ध मार्ग को खोलकर आवागमन शुरू कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि इन दिनों बड़े दिनों की छुट्टियों के चलते राधा रानी के दर्शन करने वालों श्रद्धालुओं की भीड़ अत्यधिक आ रही है।

# बालाजी विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्पोर्ट डे आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** पढ़ाई के साथ स्पोर्ट एक्टिविटी भी जरुरी है इसी के क्रम में वार्षिक खेल समारोह के आयोजन के प्रथम दिवस का शुभारंभ विद्यालय हेड बॉय अभिनव सिंह लोधी एवं हेड गर्ल दिव्यांशी जैन द्वारा सेकेंड दिवस का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक सदस्य गौरव सैनी, अभी ताम्रकार एवं पवन सोनी द्वारा किया गया,,प्यारे बच्चो ने, मेढक रेस, 50 मीटर दौड़, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन कॉम्पटीशन मे भाग लिया... कुछ क्लासेज मे गर्ल्स ने मैच जीते तो कुछ मे बॉयज ने.. लेकिन सभी बच्चो ने बहुत ही उत्साह दिखाया। स्कूल प्रिंसिपल श्री मति रानी यादव मेम, कोऑर्डिनेटर श्री प्रियंका राजपूत मेम, सीनियर टीचर्स श्री शेरसिंह सर, प्रतिभा रजक, अंजू राजा, साधना सोनी ने भी बच्चो को प्रोत्साहित करने के लिये गेम्स मे भाग लिया साथ ही बच्चो को गेम्स के रूल्स बताये स्कूल डायरेक्टर अरुण ताम्रकार ने बच्चो को मार्गदर्शन दिया.. साथ ही फिजिकल फिटनेस मे गेम्स के सहयोग के बारे मे बताया.... जिन बच्चो को आज किसी कारण भाग लेने को नहीं मिल पाया या जिन क्लास के गेम्स आज नहीं हुए,जल्द ही उनके लिये भी स्कूल मैनेजमेंट के द्वारा आगे होने बाले स्पोर्ट मे भाग लेने का अवसर दिया जायेगा.. हमारा विद्यालय शिक्षा के केंद्र के साथ साथ समग्र विकास का माध्यम है बच्चे राष्ट्र की सुदृढ़ नींव है।उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकाश एक सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में प्रथम कदम है। हम पढ़ाई के साथ साथ बच्चो के व्यक्तित्व को निखारने और स्वस्थ्य भविष्य सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते है स्कूल परिवार हमेशा ही बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करता है.. स्पोर्ट्स डे को सफल बनाने में एनी जैन, प्रियंका,अंजू राजा, रिया, कृतिका, डोली राजा, प्रिंसी, अंजली, रचना चौबे,साधना, नैंसी, यश कीर्ति, निशा, भारती,नेहा राजा, तेजवीर सिंह, तनु, गोलू राजा, जानकी कुशवाहा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# शराब पीकर महिलाओं से अभद्रता कर रहे लोग

- महिलाओं ने लामबंद होकर किया रोड जाम
- शराब की दुकान अन्यत्र स्थानान्तरित करने की उठायी मांग
- सीओ सदर ने मौके पर पहुंच कर दिया ठोस कार्यवाही का आश्वासन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिले के ग्राम सिंदवाहा, पटउवा और छिल्ला में देशी शराब की दुकानों को बंद कराने की पुरजोर मांग करते हुये विगत दिनों से महिलाओं ने मुख्यालय पहुंच कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपे हैं। वहीं दूसरी ओर शनिवार को शराबियों के आतंक से आजिज आकर महिलाओं ने ललितपुर-झांसी मार्ग गल्ला मण्डी के पास जाम लगा दिया। आरोप है कि शराब पीकर लोग महिलाओं से अभद्रता करते हुये आतंक व उपद्रव करते हैं, जिससे शाम होते ही शराबियों का आतंक काफी बढ़ जाता है। शराब की दुकान मोहल्ले के नजदीक होने के कारण यहां के लोग शराब पीकर अपना जीवन बर्बाद तो कर ही रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर घरेलू महिलाओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुये शराब की दुकान को स्थानान्तरित करने की मांग उठायी। जाम लगाने की सूचना पर पहुंचे सीओ सदर अभय नारायण राय व शहर कोतवाल रमेश कुमार मिश्रा, निरीक्षक जर्नादन यादव व निरीक्षक सुरेश कुमार त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष ने महिलाओं को समझाया और ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया। रामनगर मोहल्ले की महिलाओं ने डीएम के नाम मौके पर ही एक प्रार्थना पत्र सीओ सिटी अभय नारायण राय को सौंपा। पत्र में महिलाओं ने बताया कि शराब का सेवन करने के बाद लोगों द्वारा महिलाओं से अभद्रता की जाती है और विरोध करने पर महिलाओं से मारपीट की जा रही है। उन्होंने शराब की दुकान को बंद कराये जाने और स्थानान्तरित कराये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय रामनगर की महिलाओं में शीला, ऊषा, बैजन्ती, आशा, शिवकुमारी, जगदीश प्रसाद, विनीता, सुजाता, धर्मेंद्र कुमार एड. के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।



# सैंया भए कोतवाल अब डर काहे का एम एल सी के गॉंव का हाल

**अवधनामा संवाददाता**

- जैत में बेखौफ उजाड़ा जा रहा है जय कुंड का जंगल
- मथुरा में श्री कृष्ण लीला का अस्तित्व ख़तरे में

**मथुरा।** बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जय कुण्ड से सटी हुई ग्राम सभा की बंजर भूमि में स्थित जंगल में द बृज फाउंडेशन ने अजय वन के रूप में जय कुण्ड की बगिया विकसित की थी। पहले से ही मौजूद दरखत नीम आदि के वृक्षों के मध्य धार्मिक, पौराणिक और औषधीय, फलदार, छायादार पौधों के साथ-साथ बांस भी लगाए थे। आज धर्म की दुहाई देने वाले राजनीतिज्ञों की चुप्पी के कारण जय कुण्ड की बगिया उजड़ रही है, प्रधान पति और सचिव की ऊंची राजनैतिक पहुंच के कारण गांव के बोला चाला सामर्थ्यवान लोग चुप्पी साधे हुए शांत बैठे हैं। बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात गांव में ठाकुर जी की एक मात्र लीलास्थली के विस्तार और तीर्थाटन के अनुरूप मूर्तरूप देने के लिए वर्षो पहले इस बंजर भूमि को गांव के गरीब मजदूर लोगों से प्रशासन ने खाली करवाया था और द बृज फाउंडेशन ने बाउंड्रीवाल चारदीवारी कर संरक्षित और विकसित किया और सम्पूर्ण परिक्षेत्र को तीर्थाटन के उपयोगी बहुत ही रमणीक बनवा दिया था जो आज सरकारी नुमाइंदों की गलत सोच के कारण नष्ट होने के कगार पर है। हे भाजपाईयों, हे सनातनियों, हे समाजसेवियों, सपा-बसपा-भाजपा की दलगत राजनीति से दूर हटकर इस लीलास्थली परिक्षेत्र की रक्षा करो, इसे नष्ट होने से बचा लो।ज्ञात रहे भा ज पा के एम एल सी ओमप्रकाश सिंह ठाकुर इसी गाँव के रहने वाले हैं। मूल उद्देश्य के विपरीत राजनीति दबंगई के चलते कूड़ा-करकट निस्तारण केन्द्र आरआरसी बनवा दिया, जबकि आरआरसी, खाद-बीज गोदाम, खाद के गड्ढे आदि के लिए गांव में अन्यत्र बहुत सारी ग्राम पंचायत की जमीन उपलब्ध है। यदि सचिव, प्रधान और सत्ताधारी लोगों में हिम्मत है तो अंयत्र मौजूद ग्राम सभा (जीएस) जैंत की जमीन को अतिक्रमण मुक्त खाली करवा कर आरआरसी, खाद-बीज गोदाम, खेलकूद मैदान, स्टेडियम, खाद के गड्ढे आदि की व्यवस्था करवाएं। जो ठाकुर जी के प्रयोजन के तहत पहले से ही संरक्षित और विकसित की जा रही है, उसे बेदखल क्यों कर रहे हैं? भगवान से डरो। जय कुण्ड की पश्चिमी तलहटी में स्थित अजय वन जय कुण्ड की बगिया में आरआरसी के बगल में मिट्टी का अवैध खनन ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा विगत 10-11 दिसंबर 2024 मंगलवार और बुधवार को किया गया और वहां पहले से ही मौजूद टीलेनुमा ऊंची जमीन को पोखर के रूप में बदल दिया गया है। जेसीबी और ट्रेक्टर ट्रालियों के माध्यम से यहां की मिट्टी से वृंदावन रोड़ पर स्थित गांव के श्मशान में भराव किया जा रहा है जो नगर निगम की सीमा में आता है, जो काम मथुरा-वृंदावन नगर निगम को करवाना चाहिए उसे राजनीति आशीर्वाद के कारण ग्राम पंचायत के प्रधान पति एवं सचिव दबंगई से करवा रहे हैं और एक मात्र गांव की पौराणिक, ऐतिहासिक और तीर्थाटन धरोहर को भी दाव पर लगाने से नहीं चूक रहे हैं। शासन-प्रशासन की बिना किसी स्वीकृति के पहले भी यहां से मिट्टी का दोहन हुआ था, जिससे दरखत नीम के वृक्षों की जड़ों से मिट्टी हट गई है और वह पेड़ तेज हवा और हल्की-फुल्की आंधी में धराशाई हो सकते हैं। यहां हर साल ग्राम पंचायत वृक्षारोपण भी करवाती है और बाद में उन नन्हे पौधों को जेसीबी मशीन और ट्रेक्टर ट्रालियों से रौंदा जाता है। मिट्टी के खनन से दरखत पेड़ गिर जाएंगे जगह खाली हो जाएगी और जंगल को उजड़ने के बाद खाद-बीज गोदाम आदि के निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा और उधर नगर निगम सीमांर्गत गांव के श्मशान में मिट्टी भराव का भुगतान भी सरकारी खजाने से हो जाएगा।

शासन-प्रशासन में ऊंची राजनैतिक पहुंच के कारण ग्राम पंचायत जैंत का सचिव और प्रधान पति निरंकुश हैं।

# प्याज काटने और धनिया सूखने से बचाने के काम आएंगे ये हैक्स, बहुत काम आएंगी अमेजिंग ट्रिक्स

कभी-कभी रसोई में काम इतना बढ़ जाता है कि हमें अपने लिए समय नहीं मिलता। इसी चक्कर में छोटी-मोटी चीजों को लेकर समस्या होती रहती है। जैसे किचन में प्याज काटना मुश्किल टास्क लगता है। कभी खाने में नमक ज्यादा हो जाता है, तो कभी धनिया और पुदीना जैसे हर्ब्स भी जल्दी खराब हो जाते हैं। हालांकि कई बार यह छोटे-छोटे काम परेशानी भरे लगते हैं। ऐसे में आप स्मार्ट किचन टिप्स की मदद से अपनी स्किल्स में सुधार कर सकते हैं। साथ ही इससे काम भी जल्दी निपट जाएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको किचन में काम करने के अमेजिंग ट्रिक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

***अपनाएं ये तरीका***

जब भी हम प्याज काटते हैं, तो आंखों से आंसू आने लगते हैं। क्योंकि प्याज में सल्फर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में जब सेल्स टूटते हैं तो सल्फर रिलीज होता है। इसलिए प्याज काटने से पहले चाकू को तेज आंच में गर्म कर लें। इस तरह से जब आप प्याज काटेंगे तो आपके आंसू नहीं निकलेंगे। साथ ही इससे स्लाइसिंग या चॉपिंग करना भी आसान हो जाएगा। वहीं दूसरा तरीका यह है कि आप प्याद को छीलने के बाद इसको 20-25 मिनट के लिए डीप फ्रीजर में रख दें। क्योंकि फ्रीजर का ठंडा तापमान प्याज को अंदर से भी ठंडा कर देता है।

***पॉपकॉर्न जल्दी पकाने का ट्रिक***

आपने भी देखा होगा कि पॉपकॉर्न कई बार फ्लफी नहीं होते हैं। वहीं कर्नल्स भी फूटने में कई बार ज्यादा समय लगता है। ऐसे में आप जल्दी पकाने के ये ट्रिक अपना सकते हैं। सबसे पहले मक्के के दाने को नमक वाले पानी में 10-15 मिनट के लिए सोक रखें। फिर पैर में मक्खन और मसाले डालकर ढक दें। इससे दाने जल्दी पॉप होंगे और फ्लफी भी बनेंगे।



***सूजी से बनाएं कुरकुरा स्नैक्स***

जब तक स्नैक्स कुरकुरे और क्रिस्पी न हों, तब तक इन्हें खाने में मजा नहीं आता है। ऐसे में आप फ्रिटर्स के बैटर में थोड़ी मात्रा में सूजी मिलाएं। इस तरह से यह हर तरह के स्नैक्स को शानदार क्रंच देता है। इसे तलने से पहले ककटेल या फिर टिक्की जैसी चीजों को सूजी में रोल करें। सूजी सुनहरा और कुरकुरा क्रस्ट बनाती है। जो स्नैक्स के स्वाद को दोगुना कर देता है।

***करी से एक्सेस नमक हटाना***

करी से नमक हटाने के लिए एक छिला हुआ कच्चा आलू डालें और इसको 10-15 मिनट तक पकने दें। आलू एक्सेस नमक सोख लेता है, जिससे स्वाद बैलेंस हो जाता है। करी से एक्सेस नमक हटाने के लिए आटे की छोटी बॉल्स बनाकर इसको सब्जी या ग्रेवी में पका लें। इससे भी नमक हो सकता है।

अगर सब्जी या ग्रेवी में नमक ज्यादा लग रहा है और यह ठंडी भी है, तो आप करछी को तेज आंच पर गर्म कर लें। अब इस करछी को ठंडी ग्रेवी में डुबोएं। इससे एक्ससे नमक निकल सकता है।

***धनिया स्टोर करने के टिप्स***

धनिया को स्टोर करने के लिए इसको साफ करके एक पन्नी में स्टोर कर लें। अब पन्नी में एक टिश्यू पेपर से धनिया को लपेटें और फिर इसी टाइटल से उसको पैक करें। इस दौरान ध्यान रखें कि पन्नी गीली न हो और न उसमें नमी जाने दें। दूसरा तरीका यह है कि आप धनिया को एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और ऊपर से अंडे के छिलके डाल दें। अंडे का छिलका एक्सेस नमी सोख लेगा और धनिया खराब नहीं होगी।

***खाना पकाने वाला तेल रखें साफ***

तेल को हल्का गर्म करें और फिर उसमें मुट्ठी भर कच्चे चावल डालें। चावल तलने के दौरान जले हुए चावल के कणों और अवशेषों को सोख लेगा। जब चावल भूरा हो जाए, तो तेल को छान लें। वहीं दूसरा तरीका है कि आलू के टुकड़े का इस्तेमाल करें। तेल को गर्म करें और उसमें कच्चे आलू का मोटा टुकड़ा डाल दें। आलू तेल से तेज गंध और जले हुए स्वाद को सोख लेता है। आलू सुनहरा होने पर निकाल लें। फिर तेल को छान लें।

# प्याज काटने और धनिया सूखने से बचाने के काम आएंगे ये हैक्स, बहुत काम आएंगी अमेजिंग ट्रिक्स



हम सभी अपने फेस की हर छोटी समस्या के लिए अलग-अलग ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। इन प्रोडक्ट की वजह से त्वचा पर रिएक्ट की संभावना ज्यादा बढ़ जाती है। वहीं फेस पर एजिंग साइन, एक्ने, डलनेस, फाइन लाइंस और ड्राईनेस जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। लेकिन अगर हम आपसे कहें कि सिर्फ 50 रुपए के एक प्रोडक्ट की सहायता से आप इस सभी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। दरअसल, आज हम आपको ग्लिसरीन इस्तेमाल करने के 3 ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो फेस से जुड़ी सभी समस्याओं को हर कर देगा। अगर आप ग्लॉसी स्किन पाना चाहते हैं, तो आपको इस इंग्रीडिएंट को अपने स्किन केयर में शामिल करना चाहिए। तो आइए जानते हैं कि आप ग्लिसरीन को किस तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

***स्किन लाइटनिंग लिक्विड***

एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

ग्लिसरीन- 1 चम्मच

गुलाब जल- 1 चम्मच

***ऐसे तैयार करें फेस लिक्विड***

फेस लिक्विड बनाने के लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल, 1 चम्मच ग्लिसरीन और 1 चम्मच गुलाब जल अच्छे से मिक्स कर लें।

अब इसको फेस पर अप्लाई करते हुए कुछ देर तक मसाज करें।

बता दें कि यह रेमेडी आपके फेस को अलग लेवल पर शाइन देगी। जो आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देगी।

वहीं अगर आपकी त्वचा सेंसिटिव है। इस नुस्खे को डायरेक्ट इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट लेना न भूलें।

***ग्लिसरीन से ब्लीच बनाने का तरीका***

ग्लिसरीन- 2 चम्मच

नींबू का रस- 1 चम्मच

ऐसे करें अप्लाई

ग्लिसरीन से ब्लीच बनान के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच गिल्सरीन लें और उसमें 1 चम्मक नींबू का रस मिला लें।

अब फेस को अच्छे से साफ कर धो लें।

फिर इसको अपने फेस पर अप्लाई करें और 15-20 मिनट बार फेस वॉश कर लें।

यह नुस्खा 10 दिन में एक बार आजमाएं।

इससे आपके फेस का निखार कई गुना बढ़ जाता है।

***ग्लिसरीन से करें फेस मसाज***

आप ग्लिसरीन से फेस मसाज भी कर सकती हैं। इसके लिए थोड़ा सा ग्लिसरीन लें और फेस पर अच्छे से मसाज करें। क्योंकि ये नॉन कॉमेडोजेनिक है, इसलिए पोर्स को ब्लॉक नहीं करता है। साथ ही आपकी स्किन में मॉइश्चर को भी एड करता है। वहीं अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आप ग्लिसरीन में थोड़ा सा गुलाब जल मिलाकर फेस पर अप्लाई कर सकते हैं।

# कुछ ही घंटों में आसानी से तैयार हो जाएगा डोसा का बेटर फर्मेंट, अपनाएं ये सिंपल ट्रिक्स



ऐसी तमाम साउथ इंडियन डिशेज हैं, जिनको पूरे भारतवर्ष में पसंद किया जा रहा है। इन्हीं में से एक डिश डोसा है। बिना घी और तेल के बनकर तैयार होने वाली यह डिश हेल्थ के लिए भी अच्छी मानी जाती है। आजकल लोग होटल या रेस्तरां से डोसा मंगाने की बजाय घर पर डोसा बनाते हैं। इससे पैसे और समय दोनों की बचत होती है। लेकिन डोसा बनाने के दौरान उसे तैयार करने में सबसे ज्यादा दिक्कत आती है। क्योंकि इसे बनाने के लिए हमें एक दिन पहले दाल-चावल भिगोना पड़ता है। वहीं अगले दिन पीसने के बाद पूरा दिन खमीर उठने का इंतजार करना पड़ता है। यह प्रोसेस काफी लंबा होता है, जिसके कारण कुछ लोगों को यह काफी बोरियत भरा काम भी लगता है।

***अपनाएं ये सिंपल ट्रिक्स***

अगर आप भी डोसा बनाने के समय इस समस्या का सामना करती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज हम आपके साथ कुछ आसान ट्रिक्स शेयर करने जा रहे हैं। जिसके जरिए आप जोसा के बेटर को कुछ ही घंटों में फर्मेंट कर सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ सिंपल टिप्स फॉलो करने पड़ेंगे। इन टिप्स को फॉलो कर आप क्रिस्पी और टेस्टी डोसा बना पाएंगी।

***साबुत हरी मिर्च डालें***

अगर आपको डोसे के बेटर में तुरंत खमीर उठाना है, तो डोसा के बेटर में करीब 1-2 घंटे के लिए साबुत हरी मिर्च डालकर रखें। इससे भी खमीर ऊपर आ जाएगा।

***गर्म पानी में रखें***

इंस्टेंट खमीर के लिए आप डोसा के बेटर को खौलते हुए पानी के बर्तन में रखें। इससे कुछ ही घंटों में परफेक्ट बेटर बन जाएगा।

***इंस्टेंट यीस्ट***

आप डोसा के मिश्रण में इंस्टेंट यीस्ट भी डाल सकती हैं। इसको आप जैसे ही डोसा के मिश्रण में डालेंगे, तो पाएंगी कि खमीर बर्तन में ऊपर तक आ गया है। कुछ लोग भटूरा बनाने के समय भी इंस्टेंट यीस्ट का यूज करते हैं।

***कुकर का उपयोग करें***

बता दें कि आप कुकर को गैस पर चढ़ाकर उसमें पानी डालकर स्टीम बनाएं। अब गैस बंद करके डोसा के बेटर वाले बर्तन को प्रेशर कुकर में रखकर ढक्कन लगा दें। कुछ घंटे बाद आप पाएंगी कि खमीर उठ जाएगा।

***डोसा के घोल में मुरमुरे मिलाएं***

आप इंस्टेंट और कुरकुरा डोसा बनाने के लिए डोसा के घोल में मुरमुरों को भी पीसकर मिला सकती हैं। इससे डोसा एकदम परफेक्ट बनता और सिकता है।

***गर्म पानी मिलाएं***

डोसा के मिश्रण में तुरंत खमीर उठाने के लिए आप चावल पीसने के दौरान या फिर ऊपर से भी गर्म पानी मिला सकती हैं। यह एक बेस्ट तरीका है। इस ट्रिक को शेफ संजीव कपूर ने भी शेयर किया था।

# वार्डरोब के लिए इस तरह तैयार करें हैंगिंग आर्गेनाइजर

क्या आपका वार्डरोब छोटा है? क्या आपके वार्डरोब में आपकी जरूरत का सारा सामान नहीं आता? क्या आप नया वार्डरोब खरीदकर अतिरिक्त पैसे खर्च नहीं करना चाहते? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां है तो अब वक्त आ गया है कि आप अपने मौजूदा वार्डरोब के ही स्पेस को मैक्सिमाइज करें। इसके लिए हैंगिंग आर्गेनाइजर की मदद ली जा सकती है और आप इसे बेहद आसानी से घर पर ही बना सकते हैं। ये ना केवल बजट फ्रेंडली है, बल्कि बनाने में भी आसान हैं और साथ ही साथ, ये आपके वार्डरोब को साफ-सुथरा और आर्गेनाइज्ड रखते हैं।

यूं तो आपको मार्केट में कई तरह के आर्गेनाइजर मिल जाएंगे, लेकिन आपको उन सभी पर पैसे वेस्ट करने की जरूरत नहीं है। आप खुद घर पर ही इन हैंगिंग आर्गेनाइजर को बना सकती हैं और अपने वार्डरोब के स्पेस को मैनेज कर सकती हैं।



तो चलिए आज इस लेख में हम आपको हैंगिंग आर्गेनाइजर बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

***पुराना स्कार्फ़ या फ़ैब्रिक से बनाएं आर्गेनाइजर***

क्या आपके पास कोई पुराना स्कार्फ़ या फ़ैब्रिक है तो आप इसकी मदद से भी मल्टी-पॉकेट हैंगिंग आर्गेनाइजर बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं।

***आवश्यक सामग्री***

एक मज़बूत स्कार्फ़ या कोई फ़ैब्रिक,

एक सिलाई किट या ग्लू गन

एक हैंगर

***कैसे बनाएं***

पॉकेट बनाने के लिए फ़ैब्रिक को कई हिस्सों में मोड़ें।

किनारों को सिल लें या फिर ग्लू की मदद से चिपकाएं।

हर पॉकेट के लिए ऊपर का हिस्सा खुला छोड़ दें।

फ़ैब्रिक को हैंगर से जोड़ें।

बेल्ट, मोज़े या टाई जैसी छोटी एक्सेसरीज़ को स्टोर करने के लिए इसका इस्तेमाल बेहद ही आसानी से किया जा सकता है।

***जींस की मदद से बनाएं आर्गेनाइजर***

अगर आपकी जींस पुरानी व बेकार हो गई है तो उसे फेंकने की जगह आप हैंगिंग आर्गेनाइजर बनाकर इस्तेमाल करें।

***आवश्यक सामग्री***

एक पुरानी जींस

कैंची

सुई और धागा

एक हैंगर

***कैसे बनाएं***

अपनी जींस के पीछे की जेब वाले हिस्से को काटें।

मज़बूत कपड़े के एक टुकड़े पर कई पॉकेट सिलें।

कपड़े को एक हैंगर से जोड़ें और इसे अपनी वॉर्डरोब में हैंग कर दें।

# जड़ी-बूटियों से बना ये घोल लगाने से 6 महीने तक काले रहेंगे बाल, असर देख आप भी रह जाएंगे हैरान

हम में से कई लोग सफेद बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। सफेद बालों की समस्या से निजात पाने के लिए डाई या फिर केमिकल वाली मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। आजकल बालों का सफेद होना आम समस्या है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि आप सफेद बालों पर केमिकल घिस-घिसकर इन्हें बेजान कर दें। बालों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आप घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको अपनाने से आपके सफेद बाल नेचुरली काले हो जाएंगे और इसका असर 6 महीने तक बना रहेगा।

***एक्सपर्ट से जानिए कमाल का नुस्खा***

एक्सपर्ट के मुताबिक इस नुस्खे को अपनाने से 6 महीने तक आपके बाल नेचुरल काले रहेंगे। वहीं ये मेहंदी आपके बालों पर 6 महीने तक टिकी रहेगी। तो आइए जानते हैं कि बालों को काला करने वाले इस घोल को तैयार करने के लिए क्या-क्या सामग्री चाहिए होगी।

***इन चीजों की होगी जरूरत***

चाय पत्ती- 2 चम्मच

मेहंदी पाउडर- 100 ग्राम

खाने वाला चूना- 1/4 चम्मच

मुर्दा सिंगी- 1/4 चम्मच

सरसों का तेल- जरूरत अनुसार?

नोट- मुर्दा सिंगी आपको पंसारी की दुकान में आसानी से मिल जाएगा।

***ऐसे तैयार करें लेप***

एक बाउल में 2 चम्मच पिसी हुई चायपत्ती लें और इसमें खाने वाला चूना, मुर्दा सिंगी और 100



ग्राम मेहंदी पाउडर मिलाएं।

अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें और घोल बनाने लायक जरूरत के मुताबिक सरसों का तेल मिलाएं।

यह घोल ज्यादा गाढ़ा या ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। वरना यह बालों पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगा या फिर बालों में चिपक जाएगा।

इसको लगाने के 20 मिनट बाद बाल धो लें।

इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आप पाएंगे कि आपका एक-एक बाल काला हो गया है और यह बालों को भी हेल्दी बनाता है।

***डाई भी होगी फेल***

एक्सपर्ट की मानें, तो इस नुस्खे का इस्तेमाल करने के बाद आप मार्केट में मिलने वाली केमिकल वाली मेहंदी को भूल जाएंगे। आप देखेंगे कि इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों में नेचुरल शाइन आएगी।

***जानिए क्या होती है मुर्दा सिंगी***

बता दें कि मुर्दा सिंघी पत्थर की तरह दिखने वाली जड़ी-बूटी है। जो ब्यूटी के लिए इस्तेमाल की जाती है और यह बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। मुर्दा सिंघी में मौजूद प्राकृतिक मिनरल्स बालों के पोषण की कमी को दूर कर उन्हें मजबूती देते हैं। साथ ही यह एक्ने, डार्क स्पॉट, पिंपल्स, एक्जिमा और सूजन जैसी कई त्वचा संबंधी समस्या को ठीक करने के लिए भी किया जाता है।

# विंटर सीजन में बनाएं 3 तरह के मुरबा, स्वाद के साथ सेहत को भी मिलेंगे फायदे

सर्दियों में शरीर को गर्म रखने और स्वाद का आनंद लेने के लिए मुरब्बा एक बढ़िया ऑप्शन है। यह न सिर्फ सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, बल्कि सर्दी में होने वाली आम समस्याओं से भी बचाता है। आज हम आपको 3 तरह के मुरब्बों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होंगे बल्कि यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इन मुरब्बों को बनाना बहुत आसान है और आप इसे लंबे समय तक स्टोर भी कर सकती हैं।

ठंड के मौसम में मुरब्बा खाना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। इसी तासीर ठंडी होती है और यह पेट के लिए भी अच्छा माना जाता है। सर्दियों में इसका सेवन करने से आप कई तरह की समस्याओं से अपना बचाव कर सकते हैं। मुरब्बा न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि आप खाने के बाद इसको डेजर्ट की तरह भी सर्व कर सकती हैं। ऐसे में अगर आपको भी मुरब्बा खाना पसंद है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको विंटर स्पेशल मुरब्बा रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।विटामिन और फूड सप्लीमेंट खरीदें।

***विंटर स्पेशल मुरब्बा***

अलग-अलग चीजों से मुरब्बा बनाकर तैयार



किया जाता है। आपने भी कई तरह का मुरब्बा खाया होगा, जैसे गाजर का मुरब्बा, सेब का मुरब्बा, आंवले का मुरब्बा, संतरे का मुरब्बा, बेल का मुरब्बा आदि। आज हम आपको तीन अलग-अलग मुरब्बों की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको आप विंटर सीजन में आसानी से घर पर बनाकर तैयार कर सकती हैं।

***संतरा मुरब्बा रेसिपी***

सबसे पहले एक किलो संतरा छील लें और इसकी स्लाइस निकालकर पल्प किसी बर्तन में निकाल लें। छिलकों से व्हाइट पार्ट को चाकू की मदद से निकाल दें। अब इनको लंबे और पतले-पतले हिस्से में काट लें। अब इस पल्प को मिक्सी में पीस लें और पल्प को कड़ाही में डालकर अच्छे से भून लें। पल्प के भुन जाने पर इसमें बराबर की मात्रा में चीनी मिला दें और करीब 10 मिनट तक चलाए। अब इसमें गर्म मसाला, लाल मिर्च पाउडर और दालचीनी पाउडर मिलाएं। वहीं छिलकों के कटे हुए टुकड़े भी डाल दें। अब 10 मिनट ढककर तब तक पकाएं, जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए। अच्छे से गाढ़ा होने के बाद इसको ठंडा करके किसी कांच के जार में भर लें। इस तरह से ऑरेंज मुरब्बा बनकर तैयार हो जाएगा।

***चेरी मुरब्बा रेसिपी***

चेरी का मुरब्बा बनाने के लिए आपको मार्केट से करीब आधा किलो चेरी या क्रेनबेरी लाकर उन्हें अच्छे से धो लें। अब इनमें फोक की मदद से छोटे-छोटे छेद बनाएं। अब एक बर्तन या फिर कड़ाही में गैस के फ्लेम को ऑन करने पानी चढ़ाएं और फिर इसमें चेरी डालें। करीब 2-3 मिनट बाद इन्हें किसी स्ट्रेनर में निकाल लें और ध्यान दें कि इसको ज्यादा देर तक नहीं उबालना है। अगर आप इसको ज्यादा उबाल देंगे तो यह एकदम घुल जाएगा। क्रेनबरी को ठंडा होने के बाद एक कड़ाही में चीनी और चेरी को डालकर ऊपर से पानी डाल दें। अब इसे तब तक अच्छे से चलाते रहें, जब तक चीनी अच्छे से घुल न जाए।

***काली हरड़ मुरब्बा रेसिपी***

काली हरड़ का मुरब्बा बनाने के लिए आप इसे सबसे पहले धो लें। फिर किसी बर्तन में इसको करीब एक घंटे के लिए फूलने के लिए रख दें। अब दूसरी कड़ाही में डालकर भून लें। फिर दूसरे बर्तन में पानी उबलने के लिए रख दें। काली हरड़ भीग जाने के बाद इसको निकालकर उबलते हुए पानी में डाल दें। अब इसमें ऊपर से चीनी डालें और चलाते रहें। आपको इसे तब तक चलाना है जब तक यह मुलायम न हो जाए। जब यह मिश्रण गाढ़ा हो जाए, तब तक इसको पकाते रहे। अब ऊपर में इसमें नींबू का रस और काला नमक मिलाएं।

# बार-बार डोसा खाकर हो गए बोर, घर पर बनाएं हेल्दी और टेस्टी पोहा चीला, सब करेंगे आपकी तारीफ

डेली एक जैसा नाश्ता खाकर आप भी थक गए होंगे और कुछ नया ट्राई करने की कोशिश कर रहे होंगे। इस लेख में हम आपके लिए एक टेस्टी और हेल्दी पोहा चीला की रेसिपी लेकर आए है। इसे बनाना बेहद आसान है और कुछ ही मिनटों में तैयार किया जा सकता है। इस डिश में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर पोहा चीला को हेल्दी नाश्ते की श्रेणी में रखा है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

***पोहा चीला बनाने के लिए सामग्री***

-1 कप पोहा (चपटा चावल)

-1/2 कप दही

-1 कप बारीक कटा हुआ प्याजविटामिन और फूड सप्लीमेंट खरीदें

-1/2 कप कटी हुई गाजर

-1/4 कप धनिया पत्ती

-1-2 हरी मिर्च बारीक कटी हुई

-1 चम्मच कसा हुआ अदरक

-1 चम्मच हल्दी पाउडर

-1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर



-1 चम्मच धनिया पाउडर

-नमक स्वाद अनुसार

-1-2 चम्मच तेल (खाना पकाने के लिए)

***पोहा चीला बनाने की विधि***

- सबसे पहले पोहा को अच्छे से धोकर 15 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। फिर पानी निचोड़कर एक प्लेट में रख लें।

- इसके बाद कटोरे में भीगा हुआ पोहा, दही, बारीक कटा प्याज, गाजर, हरा धनिया, हरी मिर्च, अदरक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डालकर सामग्री को अच्छे से मिला लें।

- अब आप नॉन-स्टिर पैन गरम करें और फिर थोड़ा सा तेल डालें। इसके बाद आप तैयार मिश्रण को तवे पर डालें और फिर एक चम्मच से इसे फैलाएं।

- इसके बाद जब यह सुनहरा और कुरकुरा होने तक पकने दें। पक जाने पर इसे पैन से उतार लें और आपका गर्मा-गर्म पोहा चीला तैयार है। इसे आप चटनी या दही के साथ परोसें।

- स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें अपनी पसंद की अन्य सब्जियां, जैसे मटर या शिमला मिर्च मिला सकते हैं। कम कैलोरी वाले संस्करण के लिए, तेल के बजाय पानी का उपयोग करके चीला पकाएं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय हरिवंश हरिवंश प्रेयसी की पुण्यतिथि मनाई गई

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा आजमगढ़ के तत्वाधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रख्यात साहित्यकार गांधीवादी नेता स्वर्गीय हरिवंश पांडेय प्रयासी की पुण्यतिथि नगर के विख्यात शिक्षण संस्थान शिवम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडया के पावन प्रांगण में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध साहित्यकार रंगकर्मी डॉ शशि भूषण प्रशांत ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश कुमार श्रम आयुक्त आजमगढ़ मंडल थे। विशिष्ट अतिथि डॉ कृष्णामोहन त्रिपाठी अध्यक्ष डेंटल कॉलेज चंदेश्वर आजमगढ़ बृजेश नंदन पांडे एडवोकेट एवं पवन कुमार सहायक श्रम आयुक्त आजमगढ़ मंडल थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि जिस समाज में साहित्य जीवित है वही समाज जीवित है और वही समाज प्रशंसनीय है प्रमुख समाजसेवी श्रमिक नेता प्रभु नारायण पांडे प्रेमी ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि वह गांधीवादी विचारधारा के नेता थे। उन्होंने जीवन भर अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। प्रमुख शिक्षाविद उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संरक्षक डॉक्टर प्रवेश कुमार सिंह ने प्रयासी जी को एक महान सपूत बताते हुए उच्च कोटि के साहित्यकार के रूप में याद किया। कार्यक्रम के आयोजक फौजदार सिंह संस्थापक एवं व्यवस्थापक मां शारदा शिक्षण संस्थान ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र से किया। उक्त अवसर पर दिनेश कुमार वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी राजन शुक्ला कार्यालय सहायक मंजेश यादव ग्राम प्रधान सराय मंदराज अरविंद सिंह एआरपी को सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र का संचालन उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के मंडल संयोजक संजय कुमार पांडेय सरस ने किया तत्पश्चात द्वितीय सत्र में एक शानदार कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ कवि गोष्ठी में आए हुए कवियों ने अपनी रचनाओं से देर शाम तक श्रोताओं को बांधे रखा।

# आरोप: भूमाफियाओं का साथ दे रहे पूर्व सांसद विनोद सोनकर

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पड़ोसी जनपद कौशाम्बी के रहने वाले एक वैश्य परिवार ने पूर्व सांसद और उसके भूमाफिया गुर्गो पर गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने इस परिवार को हर तरह से त्रस्त कर रखा है और वह लगातार उसकी जमीन को हड़पने के लिए हथकंडे अपना रहे है। थक हार कर पीडित ने न्यायालय की शरण ली है। उसके बाद भी वह पूर्व सांसद के कहर से बचने के लिए सुरक्षा की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री से की है। पीड़ित मुकेश केसरवानी निवासी रामबाग ने मुख्यमंत्री सहित अन्य को लिखे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसकी जनपद कौशाम्बी के ग्राम सभा चलौली तहसील चायल में साढे पांच बीधा पैत्रिक जमीन है। जिसका सौदा उसने विनोद सोनकर के रिश्तेदार से 4 करोड 8 लाख में तय हुआ। जिस पर उसने 16 लाख बतौर एडवांस दिया। इसके बाद कई माह बीत जाने

**पीड़ित ने लगाई न्यायालय से गुहार, सुरक्षा की उठाई मांग**

के बाद न तो पैसा दिया और न ही जमीन का का बैनामा कराया। इसके बाद वह अपने रिश्तेदार भूमाफियाओं के सहयोग लेकर पूर्व सांसद विनोद सोनकर के पास बुलवाया जहां पूर्व सांसद ने उसे गालियां दी और जमीन को छोड देने की धमकी दी। इसके बाद उस जमीन पर कब्जा करने की नियत से विनोद सोनकर की सह पर भूमाफिया पहुंचे जिसका मुकदमा कायम कराया गया।

इसके बाद दबाब बनाने के लिए एक फर्जी मुकदमा एससी एसटी एक्ट में मेरे खिलाफ दर्ज करा दिया गया और लगातार धमकी दी जाने लगी। पुलिस ने भी अपनी जांच में पाया कि केवल 16 लाख ही पीडित को मिले हैं। उसके बाद भी सत्ता की हनक विनोद सोनकर दिखाकर बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

## पीएचडी अवार्ड प्राप्त होने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है : डॉक्टर राजिता राय

**आजमगढ़।** शशि भूषण डिग्री कॉलेज लखनऊ के हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर राजिता राय ने अपने पारिवारिक सम्मान समारोह में बोलते हुए कहा कि पी एचडी अवार्ड प्राप्त होने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है।डॉक्टर राजित राय ने कहा कि वर्ष 2020 में जब से वह इस पद पर नियुक्त हुई है तभी से छात्रों के कौशल विकास में लगी है। डॉक्टर राय ने बताया कि उनका यह अवार्ड राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा प्रदान की गई है। उन्होंने संकल्प लिया कि वह अपनी डिग्री और शैक्षणिक योग्यता का लाभ छात्रों और समाज देती रहेगी। उन्होंने कहा कि वह एक शिक्षक परिवार की है जिनके पिता राम सिंगार राय हिंदी अंग्रेजी और संस्कृत तीनों के विद्वान थे तथा उनके ससुर महेंद्र राय ग्राम खरचल पुर ब्लॉक तहबरपुर आजमगढ़ में प्रधान अध्यापक के पद सेवा मुक्त हुए। डॉक्टर राजिता राय के पति ज्ञान प्रकाश राय सचिवालय में सेक्सन अफ्सर के पद पर कार्यरत हैं।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (ठाकुरई)



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई आजमगढ़ द्वारा कप्तानगंज इंटर कॉलेज मे संगठन का जिला अधिवेशन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बलकेश दुबे तथा संचालन जिला मंत्री साकेत चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में संपन्न हुए चुनाव परिणाम के अनुसार जिला अध्यक्ष के रूप में साकेत चतुर्वेदी तथा जिला महामंत्री के रूप में नागेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष के रूप में बलवंत श्रीवास्तव की घोषणा स्वयं प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी द्वारा किया गया। इसकी अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष के रूप में बलकेश दुबे मंडल

**साकेत चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष तथा नागेंद्र कुमार जिला महामंत्री निर्वाचित**

संयोजक सुनील राय तथा मंडल महामंत्री भूपेश कुमार सिंह का मनोयन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व आजमगढ़ कलेक्ट्री स्थित बाबू विश्राम राय के प्रतिमा पर प्रदेश मंत्री शैलेश राय के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। जहां भाजपा नेता सुनील राय प्रधानाचार्य मुन्नू यादव की उपस्थिति रही स अंत में विद्यालय के प्रबंधक तथा स्वागत अध्यक्ष अखिलेश सिंह तथा प्रधानाचार्य राजीव रंजन गोयल ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत करते हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।

## प्रयागराज पहुंचे निरंजनी अखाड़ा के रमता पंच



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में शामिल होने के निरंजनी अखाड़े के रमता पंच हरिद्वार से प्रयागराज पहुंच गए हैं। हरिद्वार से पंच शुक्रवार को कढ़ी चावल की रश्म के बाद ट्रेन से रवाना हुए और शनिवार की सुबह प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज संगम स्टेशन पर रमता पंच का निरंजनी अखाड़े के संतों ने स्वागत किया। इसके बाद पंच, मठ बाघम्बरी गद्दी पहुंचे। जहां मठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत बलवीर गिरी ने वैदिक मंत्रों के साथ स्वागत किया। पुष्प वर्षा की गई और अनुष्ठानी ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन किया। महंत बलवीर गिरी ने बताया कि 4 जनवरी को होने वाले छावनी प्रवेश शोभा यात्रा तक रमता पंच का डेरा मठ बाघम्बरी में ही रहेगा। छावनी प्रवेश शोभा यात्रा मठ से ही निकलकर अखाड़े के मेला स्थित शिविर पहुंचेगी।

## खुल्दाबाद में आज भी चला अतिक्रमण विरोधी अभियान



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नगर भ्रमण की दृष्टिगत अशोक कुमार, जोनल अधिकारी खुल्दाबाद के द्वारा जंक्शन रोड पर गेट नंबर 4 से जोगिवीर चौराहा तक अभियान चलाया गया। अभियान में 20 ठेला वालों, पांच भट्ठियों को हटाया गया और 3 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की गई। साथ ही ?2000 जुर्माना वसूला गया। अभियान में सफाई एवं स्वास्थ्य निरीक्षक दयासागर राजेश विश्वकर्मा, कु,वंदना गुप्ता और नगर निगम के कर्मचारियों तथा खुल्दाबाद पुलिस फोर्स और सब्जी मंडी चौकी इंचार्ज अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। साथ में ईटीएफ टीम ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जोनल अधिकारी ने राजकुमार करने वालों को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में इसका पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

## ज़ैन अब्बास को जेएसपीएस क्रिकेट टीम की कमान



**प्रयागराज।** कोलकाता में 24 से 29 दिसंबर तक होने वाली छठवीं ऑल इंडिया हाईकोर्ट लॉयर्स टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में जेएसपीएस प्रयागराज की टीम का नेतृत्व ज़ैन अब्बास करेंगे। टीम के अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव अरविंद श्रीवास्तव के अनुसार टीम इस प्रकार है। ज़ैन अब्बास (कप्तान एवं विकेटकीपर), अभिषेक श्रीवास्तव, फैजान नकवी, फैजान सिद्दीकी, विपिन पांडेय, स्वतंत्र प्रताप सिंह, मोहम्मद अहमद, अमोल श्रीवास्तव, यश टंडन, साकिब मुख्तार, अभिजीत सिंह, आदित्य, गौरव करवरिया और फ़हीम।

## श्री सहायक क्लब को पूरे अंक

**प्रयागराज।** श्री सहायक क्लब ने भवम क्लब को सात विकेट से हराकर देव स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। देव स्पोर्ट्स अकादमी मैदान गोहरी, न्यू शांतिपुरम में शनिवार को खेले गये मैच में भवम क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 115 रन (सचिन पटेल 39, कर्णवीर सिंह 25, सुशील सिंह 20, सचिन 2/13, लक्ष्य यादव 2/20, वाणी शुक्ला 2/31) बनाये। जवाब में श्री सहायक क्लब ने 16.2 ओवर में तीन विकेट पर 116 रन (जयेश केसरवानी 35 नाबाद, बिपिन पाल 26, इशान सिंह 22, पार्थवर्धन सहायक 19 नाबाद, अग्रिम तिवारी 1/25, शिवांश पांडेय 1/26) बना लिये।

## भूमि आवंटन से नाराज हुए आवाहन अखाड़ा के संत दिया धरना



**प्रयागराज।** महाकुंभ में जहां साधु संतों का जामावडा होता है वही आवाहन अखाड़ा के साधु संत इस मेले में नाराज दिखाई दे रहे हैं। दरअसल आवाहन अखाड़े के साधु संत आवाहन नगर बनाने के लिए जमीन न मिलने से नाराज है। साधु सातों ने ज़मीन न मिलने पर धरना शुरू कर दिया। उनका साफ कहना है की कुम्भ मेला साधु संतो का ही होता है फिर संतो की ही उपेक्षा कुम्भ मे क्यों की जा रही है। नागा साधुओं ने मेला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। उनका साफ कहना है की यदि हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो हम लोग महाकुंभ का मेला छोड़ कर अपने-अपने स्थान पर चले जाएंगे। हालांकि मेला प्राधिकरण के अफसर साधु संतो को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे है।

## लायंस क्लब का निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम आज

प्रयागराज। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने जानकारी दी है कि प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनूप सिंह की अध्यक्षता में कल 22 दिसंबर को जायसवाल फार्म हाउस इरादतगंज घूरपुर प्रयागराज में विशाल कम्बल वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें गरीब असहाय और ठंड से पीड़ित लोगों को निशुल्क कंबल वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक भी संपादित की जाएगी इसमें आने वाले ठंड में गरीबों की सहायता के लिए सदस्यों से सलाह, सहायता ली जाएगी। इस अवसर पर दोपहर का भोजन और पिकनिक आयोजित की जाएगी।

# बाबा साहब के सम्मान में सपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता उतरे मैदान में

**देश के गृह मंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की**

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान निर्माता करोड़ों दलितों, पिछड़ों व वंचितों के भगवान भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार की दोपहर कलेक्ट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। मांग किया कि भारत के गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर की गई अपमान जनक टिप्पणी के लिए अति शीघ्र जनता से माफी मांगी जाए, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर गृह मंत्री को मंत्रिमंडल से अति शीघ्र हटाया जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव, जलालुद्दीन जेडी सहित तमाम सपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष परशुराम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त करने की मांग की। बताया कि हम सभी उत्तर प्रदेश के कांग्रेसजन एक स्वर से मांग करते हैं कि हम सभी बाबा साहब की प्रतिष्ठा और उनकी विरासत की रक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस गंभीर विषय पर महामहिम राष्ट्रपति उचित ध्यान देंगे और देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा तथा संविधान के निर्माता बाबा साहब के मान सम्मान की रक्षा के लिए त्वरित और आवश्यक कदम उठाएंगे।

## शराब पीने में हुए विवाद में दोस्त ने की गला घोंटकर हत्या

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में दोस्त ने ही 25 वर्षीय युवक की हत्या कर दी। पहले मारपीट और फिर तौलिए से गला घोंट दिया। इसके बाद मौके से भाग निकला। पुलिस आरोपी की तलाश में देर रात तक दबिश देती रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशाम्बी के महेवाघाट स्थित कुरई गांव का रहने वाला अरुण कुमार (25) मजदूरी करता था। वह शुक्रवार को धूमनगंज निवासी अपने दोस्त संग वहां शराब लेकर पहुंचा था। वहां दोनों ने साथ में बैठकर शराब पी और इसी दौरान उनमें किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसे लेकर दोनों में मारपीट होने लगी और तभी आरोपी दोस्त ने अरुण का तौलिये से गला घोंट दिया। इससे उसकी मौत हो गई। यह देखकर आरोपी भाग निकला। सूचना पर पूरामुफ्ती पुलिस पहुंच गई। जांच पड़ताल व परिजनों को सूचना देने के बाद शव मर्चरी भेजवा दिया गया। पूरामुफ्ती प्रभारी मनोज कुमार सिंह देर रात तक आरोपी की तलाश में पूरामुफ्ती से लेकर कौशाम्बी तक अलग-अलग स्थानों पर दबिश देते रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## धान कूटनी मशीन के पट्टे में फसने से महिला की मौत



**बेरुआरबारी (बलिया)** सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर में शुक्रवार की सांय 7 बजे के करीब एक 40 वर्षीय महिला की धान कूटनी मशीन के चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेने के साथ ही पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। जानकारी के अनुसार शिवपुर निवासनी चंद्रावती देवी पत्नी शोभनाथ कश्यप शुक्रवार को सांय 6 बजे के करीब धान कूटवाने के लिए ट्रेक्टर बुलाई थी। धान कुटाई का काम अभी चल ही रहा था। इसी दौरान उक्त महिला के साड़ी का पल्लू अचानक पट्टे में फस गया अभी लोग कुछ समझ पाते तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी तथा गंभीर रूप से चोट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जिससे वहाँ कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गया। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

## सीएमओ ने किया प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण



**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने केराकत ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले तीन विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय केराकत पश्चिम, कन्या उच्च विद्यालय केराकत एवं प्राथमिक विद्यालय खेपतपुर का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विद्यालय पर बच्चों के लिए बनाए गए मिड डे मील की गुणवत्ता की परख किया। सभी विद्यालयों पर मिड डे मील मानक के अनुरूप मेनू के अनुसार बनाया गया था। विद्यालयों पर साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी थी। उन्होंने विद्यालय के बच्चों के साथ शैक्षिक वार्तालाप किया तथा बच्चों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया एवं हाथ धुलने के विषय में भी जानकारी दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय खेपतपुर पर आयोजित वी0एच0एन0डी0 सेशन एवं बी0एस0पी0एम0 के तहत बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाए जाने का भी निरीक्षण किया। सत्र पर विटामिन ए एवं अन्य टीके, दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थे। उन्होंने एएनएम एवं सत्र पर उपस्थित अन्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत के अधीक्षक डॉ0 अरुण कन्नौजिया उपस्थित रहे।

## जादूगर जे कुमार शो का आज से होगा शुभारंभ




**जौनपुर।** जादूगर जे कुमार कार्यक्रम को लेकर राजकमल टाकीज़ रूहट्टा में शनिवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम के माध्यम से अंधविश्वास एवं सामाजिक कूरूतीयों जैसे कन्या भ्रूण हत्या एवं दहेज प्रथा एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति अभियान,जल ही जीवन है आदि कार्यक्रम दिखाया जाएगा।इस अवसर पर जे कुमार प्रबंधक प्रमेधनराज, सहायक उमाकांत यादव, विनीत कुमार वर्मा, बबलू सिंह आदि लोग रहें।

## यंगस्टर्स क्लब की चेयरपर्सन की मां के निधन पर शोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद सेवन-ए-साइड फुटबाल एसोसिएशन एवं यंगस्टर्स फुटबाल क्लब की शोक सभा अध्यक्ष नरायनजी गोपाल के निवास पर उन्हीं की अध्यक्षता में हुई जिसमें क्लब की वूमेन विंग की चेयरपर्सन रीता चंद्रा की मां शेफाली सेन गुप्ता के निधन दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा अध्यक्ष नरायनजी गोपाल, केसी जायसवाल, संजीव चंदा, सोनाली चन्दा, विजय बाबू, रविन्द्र यादव, अभिनव, संदीप चंदा, स्मृति शाही, दयानन्द यादव, दिनेश उपाध्याय, डॉ. जूली ओझा, आलोक सरकार, जहीर हसन, अमित बैजल तथा एके मिश्रा, अनुपम चक्रवर्ती, अंकिता, अनिल गौड़, विक्की राहूल, मो. आसिफ उपस्थित रहे। इसके अलावा आरपी भटनागर, प्रमोद सिंह, संजय कमल, शैलेंद्र सिंह, डीएफए के सचिव मकबूल अहमद ने फोन पर शोक व्यक्त किया।

# लगातार चोरी से क्षुब्द शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बेसिक विभाग खुटहन के प्राथमिक विद्यालयों में लगातार हो रही चोरी की घटना से क्षुब्द होकर ब्लॉक के शिक्षक तथा संगठन के पदाधिकारी ने शनिवार को खुटहन थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष को दिया ज्ञापन और आरोप लगाया कि विगत दिनों प्राथमिक विद्यालय सधनपुर प्राथमिक विद्यालय डिहिया द्वितीय प्राथमिक विद्यालय रुस्तमपुर प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शहाबुद्दीनपुर प्राथमिक विद्यालय मोजीपुर प्राथमिक विद्यालय परसादपुर आदि विद्यालयों में चोरी हो गई जिसका पुलिस विभाग ने ना तो स्नढ्ढक्रदर्ज किया ना तो किसी प्रकार की तफसीस की जिसके कारण शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत पीएम पोषण योजना मध्यान भोजन बंद है साथ ही विद्यालय व्यवस्था में अनेक कठिनाइयों का सामना शिक्षक कर रहा है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान तथा अध्यापकों द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में अध्यापकों ने आरोप लगाया कि पुलिस विभाग द्वारा बिल्कुल अनदेखा किया जा रहा है जिसके कारण सभी ब्लॉक के शिक्षक प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजकुमार यादव के नेतृत्व में थाने पर जाकर थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा और मांग किया कि लगातार हो रही चोरी पर अंकुश लगाकर की हुई चोरी में सम्मिलित अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करें। जिससे विद्यालय व्यवस्था में हुए व्यवधान को समाप्त कर पुनः विद्यालय का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। उक्त समय मेवा लाल यादव संरक्षक प्राथमिक शिक्षक संघ आलोक यादव मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ सुभाष चंद्र यादव प्रधान बेचन रजक प्रधान रामचंद्र यादव रमेश चंद्र यादव नवीन शर्मा विवेकानंद यादव आशीष कुमार यादव वीरेंद्र कुमार बघेल शिव शंकर यादव अशोक कुमार सिंह मनोज कुमार सिंह अनिल कुमार सिंह देवी प्रसाद गौतम चंद्र चक्रपाणि तिवारी हौसिला यादव दिनेश यादव लाल बिहारी यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को बांटे कपड़े व अन्य सामग्री



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सी. एम. पी. डिग्री कॉलेज (सहायता समिति) एवं हरे राम सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पुराने कपड़े एवं अन्य सामग्री का कचहरी रोड प्रयागराज में निःशुल्क वितरण किया गया। हरे राम सेवा संस्थान के मुख्य ट्रस्टी अनंत सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर सी. एम. पी. पी. जी. कॉलेज ने इस पुनीत कार्य को अंजाम तक पहुंचाया। अनंत सिंह ने बताया कि हरे राम सेवा संस्थान और सीएमपी डिग्री कॉलेज का उद्देश्य संकट की किसी भी घड़ी में जरूरत मदो को राहत पहुंचाना है। इसी के तहत इस संस्था ने कचहरी रोड,प्रयागराज में राहत सामग्री का वितरण किया। यह संस्था हमेशा समाजसेवा के कार्यो में अग्रणी रहा है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पीड़ित तक आवश्यक सामग्री पहुंचे। आने वाले दिनों में और भी क्षेत्रों में राहत कार्यो का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था के सैकड़ों स्वयंसेवक लगातार प्जरूरतमंदों के लिए सहयोग का कार्य कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी असहाय और जरूरतमंद को परेशान नहीं होना पड़े। इस कार्य में सी. एम. पी. पी. जी. कॉलेज के प्रोफेसर डॉ अनील पण्डित और छात्र मितेश यादव, अवनीश कुमार, अनुराग मौर्य, सचिन राय, दीपक यादव, हर्ष, अमित, अजय, राहुल, अजीत, समीर और अन्य लोगो ने सहयोग प्रदान किया।

# डीएम ने किया कम्बल और खतौनी का वितरण

## तहसील केराकत के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के साथ ही ''सुशासन सप्ताह'' (गुडगर्वर्नेंस वीक) प्रशासन गांव की ओर का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता



**शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक निस्तारण करें अधिकारी : जिलाधिकारी**

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम मे पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलब्ध में लोक शिकायतों के निस्तारण एंव सेवा वितरण में सुधार के उददेश्य से 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील केराकत के सभागार में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के साथ ही ''सुशासन सप्ताह'' (गुडगर्वर्नेंस वीक) प्रशासन गांव की ओर का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सुशासन सप्ताह मनाने का उददेश्य है गांव स्तर पर भी शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना तथा लोक शिकायतों का निस्तारण करते हुए आनलाईन सर्विस डिलीवरी तथा सुशासन के क्षेत्र में नवाचार लाना जिससे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की सुशासन की संकल्पना को साकार किया जा सके। इस दौरान उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि आईजीआरएस के शिकायतों के सन्दर्भ में मौके पर जाकर निस्तारण कराये और मौके पर उपस्थित लोगो का हस्ताक्षर और फोटो भी अवश्य लें और शिकायतकर्ता का फीडबैक भी अवश्य लें। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 215 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 17 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गरीब असहायो को कम्बल वितरित किया साथ ही खतौनी वितरित करते हुए निर्देश दिया कि मृतको के उत्तराधिकार का नाम वरासत में अवश्य दर्ज करा दिया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में बन रहे अनावासीय भवन के प्रगति कार्य का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि निर्धारित समयावधि की भीतर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो निर्माण सामाग्री का प्रयोग किया जाए वे उच्च गुणवत्ता तथा मानक के अनुरुप होने चाहिए। तहसील बदलापुर में अपर जिलाधिकारी वि/रा0 रामअक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन हुआ तथा सुशासन सप्ताह को मनाया गया तथा शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण तथा आमजन उपस्थित रहे।

# भारतीय जीवन बीमा कंपनियों ने नवंबर 2024 में नए कारोबारी आंकड़े में दर्ज की रिकॉर्ड वृद्धि

**लखनऊ।** लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल (जीवन बीमा परिषद्) ने नवंबर 2024 के लिए अपने कारोबारी आंकड़े जारी किए हैं, जो बीमा क्षेत्र में बदलती स्थितियों पर प्रकाश डालते हैं। इस साल अब तक प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कारोबार में 15.67% की बढ़ोतरी हुई है। यह सकारात्मक रुझान विभिन्न बाजार चुनौतियों के बावजूद जीवन बीमा उद्योग के लचीलेपन और इसमें हो रहे निरंतर विस्तार को दिखाते हैं। नवंबर 2024 में, वायटीडी (ईयर टिल डेट) कलेक्शन में मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिली है जो पिछले साल के 2,11,690.65 करोड़ से बढ़कर इस साल 2,44,868.20 करोड़ हो गई है। यह बीमा उत्पादों की मजबूत मांग का संकेत है क्योंकि उपभोक्ता और कॉर्पोरेट ग्राहक बेहतर सुरक्षा चाहते हैं।

लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, जीवन बीमा उद्योग में व्यक्तिगत एकल प्रीमियम में सालाना आधार पर 10.44% की वृद्धि देखने को मिली है, जो नवंबर 2024 में 3669.44 करोड़ था। जबकि इसमें चालू कैलेंडर ईयर में अब तक 13.7% की ग्रोथ हुई है। व्यक्तिगत नॉन-सिंगल प्रीमियम 8,153 करोड़ रहा और नवंबर 2024 में इसमें 6.46% की बढ़त हुई। जबकि इसका वायटीडी कलेक्शन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 16.63% अधिक रहा। इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इस बात को दिया जा सकता है कि जीवन बीमा कंपनियां पहली बार जीवन बीमा खरीदारों को आवश्यक जीवन बीमा समाधान खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं, जिसने नवंबर 2024 में कम्बाइंड व्यक्तिगत प्रीमियम प्रीमियम कलेक्शन में 7.66% की वृद्धि और वायटीडी आधार पर 15.68 फीसदी की बढ़ोतरी में योगदान दिया। ग्रुप पॉलिसी सेगमेंट में, नई पॉलिसी जारी करने की दर में सालाना आधार पर 2.31 फीसदी की वृद्धि हुई है।

भारत में जीवन बीमा उद्योग बीमा तक पहुंच का विस्तार करके तथा देश की आबादी के उन क्षेत्रों और वर्गों तक पहुंचने का प्रयास करके महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, जो पहले अपनी बीमा जरूरतों के मामले में उपेक्षित थे। इस दिशा में, जीवन बीमा कंपनियों ने 6,54,682 से अधिक व्यक्तिगत जीवन बीमा एजेंट जोड़े हैं, जिससे कुल एजेंट संख्या में 2.63% की बढ़ोतरी हुई है। एजेंटों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी के साथ ही जीवन बीमा कंपनियां तेजी से डिजिटलीकरण कर रही है जिससे बीमा कारोबार में तेजी से विस्तार करने में अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। इससे वित्त वर्ष 2025 और उसके बाद नए बिजनेस से मिलने वाले प्रीमियम अच्छी तेजी देखने को मिलेगी।

# हंगामा के नए थ्रिलर 'पिरामिड' में देखिए क्रिप्टो करंसी से जुड़े गहरे राज़ और अपराध की कहानी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बेहतरीन डिजिटल एंटरटेन्मेंट प्लैटफॉर्म में शुमार 'हंगामा' अपनी ओरिजनल सीरीज 'पिरामिड' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। यह एक ऐसी कहानी है जो क्रिप्टोकरंसी की अंधेरी दुनिया और अपराध से आपको रूबरू कराएगी। इसे सिर्फ हंगामा ओटीटी पर देखा जा सकता है। इस सीरीज में राज़, सस्पेंस और रोमांच है। इस कहानी में बहुत सारे रोमांचक मोड़ हैं, और हर किरदार का बहुत कुछ दांव पर भी लगा है। यह कहानी दर्शकों को पूरे समय बांधकर रखने की खूबी रखती है। हंगामा डिजिटल मीडिया के फाउंडर और मैनेजिंग डाइरेक्टर नीरज रॉय ने इस सीरीज के बारे में कहा, ÷हंगामा के ओरिजनल कॉन्टेंट की लिस्ट में 'पिरामिड' एक अहम नाम है। यह एक ऐसी कहानी है जो इस समय के हिसाब से मौजूं है और इसे दिलचस्प तरीके से पेश किया गया है। इस समय जबकि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में

**जौहर दिखाया**

**इस सीरीज में हेली शाह, रोहन मेहरा, हर्षद अरोरा, करन शर्मा और कृष्णन बरेटो ने अपनी एक्टिंग का जौहर दिखाया है।**

क्रिप्टोकरंसी की चर्चा है तो ऐसे माहौल में यह सीरीज उसके अंधेरों से रूबरू कराती है और एक सस्पेंसभरी कहानी आपके सामने लाती है। हम इस फेस्टिव सीजन में पिरामिड को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करते हुए रोमांचित हैं और हमें खुशी है कि हम दर्शकों के लिए ऐसी कहानी लेकर आए हैं जो उन्हें रोमांचित करेगी और हमसे जोड़ेगी।÷ हंगामा ओटीटी अपने मासिक सब्सक्रिप्शन पर 25त्न की छूट दे रहा है और इस तरह दर्शकों



के लिए यह एक ख़ास मौका है कि वे कम कीमत चुकाकर भी शानदार कॉन्टेंट का ऐक्सेस पा सकते हैं। यह सीरीज हंगामा और उसके पार्टनर प्लैटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। पार्टनर प्लैटफॉर्म में टाटा प्ले बिंज, वॉचो, बीएसएनएल, प्लेबॉक्स टीवी, रेलवायर ब्रॉडबैंड, अलायंस ब्रॉडबैंड, मेघबेला ब्रॉडबैंड, ऐसीटी फायबरनेट, एयरटेल एक्सट्रीम प्ले और डोर टीवी शामिल हैं।

इस सीरीज में हेली शाह, रोहन मेहरा, हर्षद अरोरा, करन शर्मा और कृष्णन बरेटो ने अपनी एक्टिंग का जौहर दिखाया है। सीरीज की कहानी शुरू होती है जबकि 'पिरामिड' नाम के अपनी तरह के पहले क्रिप्टोकरंसी प्लैटफॉर्म को बनाने वाले विजनरी अर्जुन बनर्जी का मर्डर हो जाता है। उनकी हत्या से पूरा देश सदमे में डूब जाता है तो कई लोग ऐसे भी होते हैं जो जिनका अकाउंट ब्लॉक हो जाता है और उन्हें समझ नहीं आता है कि ऐसे में क्या किया जाए।

## हज़रतगंज सोशल में एक क्रिसमस पार्टी जिसे आप मिस नहीं कर सकते!

**लखनऊ।** हज़रतगंज सोशल में एक अविस्मरणीय क्रिसमस ईव सेलिब्रेशन के लिए तैयार हो जाइए! इस साल, 24 दिसंबर 2024, मंगलवार को, रात 8:00 बजे से, हम एक उच्च-ऊर्जा वातावरण और अविश्वसनीय डीजे SHALABH द्वारा लाइव प्रदर्शन के साथ उत्सव की खुशी ला रहे हैं।

अपने कैलेंडर को चिह्नित करें और हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम वाइब्स को चालू करते हैं और इस क्रिसमस ईव को यादगार बनाते हैं! हज़रतगंज सोशल संगीत के लिए आएं , यादों के लिए रुकें!

## टाटा मोटर्स की मदद से विष्णु गोंड ने बंजर जमीन को बनाया हरियाली का खजाना

**पुणे।** महाराष्ट्र के किसान विष्णु गोंड की कहानी संघर्ष से सफलता तक का सफर है। 52 वर्षीय विष्णु कभी चार एकड़ जमीन के मालिक होते हुए भी सिर्फ दो एकड़ पर खेती कर पाते थे। उनकी बाकी जमीन बंजर थी, और परिवार का पेट पालने के लिए उन्हें नासिक या ठाणे जाकर मजदूरी करनी पड़ती थी। न उनकी जिंदगी में स्थिरता थी और न ही कोई भविष्य की उम्मीद। लेकिन टाटा मोटर्स के सहयोग और उनके खुद के दृढ़ निश्चय ने उनकी ज़िंदगी को पूरी तरह बदल दिया।

विष्णु ने टाटा मोटर्स केवाडी प्रोजेक्टसे जुड़ने का फैसला लिया। इस प्रोग्राम को बीएआईएफ के साथ मिलकर तैयार किया गया है, जिसमें खेती के लिए पेड़ों को केंद्र में रखकर पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों का उपयोग किया जाता है। प्रोजेक्ट के तहत विष्णु को खेती के नए संसाधन और प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने पूरी लगन से प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया, डेमो प्लॉट्स देखे, और खेती की आधुनिक तकनीकों को अपनाया।आज, विष्णु न केवल अपनी पूरी जमीन पर खेती कर रहे हैं बल्कि उनके खेत में पेड़ों और फसलों का सुंदर संगम है। उनकी मेहनत और टाटा मोटर्स की पहल ने उनकी किस्मत बदल दी, और अब वह एक सफल किसान के रूप में जीवन जी रहे हैं। उनकी कहानी उन किसानों के लिए प्रेरणा है, जो मेहनत और सही मार्गदर्शन के साथ अपने हालात बदल सकते हैं।

अपनी मेहनत और नए अवसरों से प्रेरित होकर, विष्णु ने टाटा मोटर्स केइंटीग्रेटेड विलेज डेवलपमेंट प्रोग्रामका हिस्सा बनकर अपनी खेती को और भी बेहतर बनाया। इस प्रोग्राम के तहत उन्होंने खेत तक पानी पहुंचाने के लिए तालाब का निर्माण करवाया और ड्रिप इरिगेशन किट का उपयोग किया, जिससे उनकी जमीन पर सब्जियाँ उगाना संभव हो गया। इतना ही नहीं, उन्होंने रोहू और कतला जैसी लगभग 1000 मछलियों का पालन शुरू किया।

## एवरेस्ट बीकेसीसी सीजन 6 ने लखनऊ में पाक कला का जुनून जगाया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए बहुप्रतीक्षित एवरेस्ट बेटर किचन कलिनरी चैलेंज सीजन 6 का सेमीफाइनल राउंड नवाबों के शहर लखनऊ में पंकज भदौरिया कलिनरी अकादमी में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राज्य की महत्वाकांक्षी पाक प्रतिभाओं को एक साथ लेकर आया, जिन्होंने खाना पकाने के प्रति अपनी रचनात्मकता, नवीनता और जुनून का प्रदर्शन किया। एवरेस्टबीकेसीसी की थीम ष्भारत के स्वादष् है, जो भारत की समृद्ध पाक विरासत का जश्न मनाने और क्षेत्रीय व्यंजनों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। चुनौती निम्न को समर्पित हैरू क्षेत्रीय व्यंजनों का संरक्षण एवं संवर्धन, युवा पीढ़ी को स्वस्थ भोजन के विकल्पों से परिचित कराना, पूरे भारत में पाक पर्यटन को प्रोत्साहित करना। इस आयोजन को अतुल्य भारत (पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार), उत्तर प्रदेश पर्यटन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, विजडम करियर एजुकेशन और मायमेनू365 का समर्थन प्राप्त है। बेटर किचन की प्रकाशक एकता भार्गव ने कार्यक्रम के मिशन पर प्रकाश डाला हमारा लक्ष्य छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना और वैश्विक व्यंजनों में स्थानीय सामग्रियों को शामिल करके भारतीय क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना है।

# एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने आने वाले एकेडमिक ईयर के लिए एमबीए और पीएचडी कार्यक्रमों में की प्रवेश की घोषणा

**पटियाला, पंजाब।** भारत के प्रमुख इंस्टीट्यूशन में से एक थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने अपने बिजनेस स्कूल, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की घोषणा की है। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, रिसर्च में योगदान और इंडस्ट्री से मजबूत जुड़ाव के लिए प्रसिद्ध है। यह संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। डॉ. गुर्बिंदर सिंह, निदेशक, डेरा बस्सी कैंपस (पंजाब), एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट और थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने कहा एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में हम भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपने चुने हुए क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। हमारे कार्यक्रम शैक्षणिक कठोरता को प्रैक्टिकल इनसाइट के साथ जोड़ने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे छात्रों को तेजी से बदलती दुनिया में नेविगेट और नेतृत्व करने के टूल्स मिलें। इस वर्ष, हम उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों के एक डाइवर्स ग्रुप का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं, जो खुद को चुनौती देने और समाज में योगदान करने के लिए उत्सुक हैं। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का हिस्सा होने के नाते, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एकेडमिक एक्सीलेंस और इनोवेटिव रिसर्च के लिए प्रतिबद्ध है। इसके एमबीए और पीएचडी कार्यक्रम छात्रों को ज्ञान, कौशल और अवसरों से लैस करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं ताकि वे आज के कॉम्पिटेटिव ग्लोबल एनवायरमेंट में सफल हो सकें। यह स्कूल भविष्य के नेताओं को तैयार करने की अपनी परंपरा को कायम रखे हुए है, जो अलग अलग इंडस्ट्री और कम्युनिटीज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। एमबीए कार्यक्रम में किसी भी विषय में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत कुल अंक या समकक्ष सीजीपीए हो। पीएचडी कार्यक्रम के लिए, पोस्टग्रेजुएट डिग्री या समकक्ष योग्यता वाले उम्मीदवार जिनके पास 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 6.00 सीजीपीए या 55 प्रतिशत कुल अंक हैं, आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता, स्टैंडर्टाइज टेस्ट के स्कोर, इंटरव्यू और रिलेवेंट वर्क एक्सपीरियंस का मूल्यांकन शामिल है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट https://lmtsm.thapar.edu के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्रोग्राम्स को जाने माने शिक्षकों द्वारा सपोर्ट किया जाता है, जिनमें विश्व प्रसिद्ध संस्थानों के विद्वान, उद्योग विशेषज्ञ और प्रैक्टिशनर्स शामिल हैं। संकाय एकेडमिक नॉलेज और प्रैक्टिकल इनसाइट को कंबाइन करके एक इंगेजिंग डायनेमिक लर्निंग एनवायरमेंट बनाता है। कैंपस मॉर्डन क्लासेज, अत्याधुनिक रिसर्च लैब और डिजिटल और फिजिकल रिसोर्सेज के साथ एक व्यापक पुस्तकालय से सुसज्जित है।

कॉलेब्रेटिव स्पेसेस को इनोवेशन और पीयर टू पीयर लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे एक वेल राउंड एजुकेशनल एक्सपीरियंस मिलता है।

इन रिसोर्सेज के अलावा, एलएमटीएसएम एमबीए कोर्स के लिए 90 मेरिट-आधारित छात्रवृत्तियों की पेशकश करके प्रतिभाशाली छात्रों का सपोर्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये छात्रवृत्तियां शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देती हैं और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, यह सुनिश्चित करती हैं कि योग्य छात्र बिना किसी वित्तीय बाधा के अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# सेनहाइज़र ने लॉन्च किया प्रोफ़ाइल वायरलेस: क्रिएटर का ऑडियो मल्टीटूल

**नई दिल्ली।** कंटेंट बनाते समय, तैयारी और लचीलेपन के साथ साथ एक बहुमुखी वायरलेस ऑडियो सिस्टम भी ज़रूरी है जो ऑडियो क्वालिटी से समझौता किए बिना आसानी से और तेज़ी से ध्वनि कैप्चर करने में आपकी मदद करता है। क्रिएटर्स और वीडियोग्राफर्स के लिए, सेनहाइज़र ने प्रोफाइल वायरलेस लॉन्च किया, जोकि दो-चैनल, 2.4 गीगाहट्र्ज वायरलेस माइक्रोफ़ोन सिस्टम है जो मोबाइल फ़ोन, कैमरा या कंप्यूटर से कनेक्ट होता है, और इसे क्लिप-ऑन माइक, हैंडहेल्ड माइक या टेबल-टॉप माइक्रोफ़ोन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जो भी स्थिति की मांग हो।

प्रोफाइल वायरलेस में अभूतपूर्व आसानी से उपयोग के साथ उच्च-गुणवत्ता वाले ऑडियो को कैप्चर करने के लिए सब कुछ शामिल है। इसमें एक मल्टीफ़ंक्शनल चार्जिंग बार है जो सिस्टम के प्रमुख कंपोनेंट्स को संग्रहीत और चार्ज करता है और हैंडहेल्ड या डेस्कटॉप माइक के रूप में भी काम करता है। चार्जिंग बार सुरक्षित रूप से OLED टच डिस्प्ले के साथ दो-चैनल मिनी-रिसीवर, दो प्री-पेयर्ड क्लिप-ऑन माइक्रोफ़ोन रखता है जो ऑटोमेटिकली रिसीवर से कनेक्ट होते हैं, नाजुक कपड़ों से जुड़े माइक्रोफोन को संलग्न करने के लिए चुंबकीय क्लिप्स होते हैं, और रिसीवर को मोबाइल फोन या कैमरे के कोल्ड शू माउंट से जोड़ने के लिए एडाप्टर्स होते हैं।

प्रोडक्ट्स के बारे में बात करते हुए, सेनहाइज़र इंडिया में कंट्री मैनेजर और डायरेक्टर-सेल्स प्रो ऑडियो, श्री विपिन पुंगलिया ने कहा, आज के डिजिटल मीडिया के युग में, भारत में लाखों कंटेंट क्रिएटर और सक्रिय कंटेंट उपभोक्ता हैं। सेनहाइज़र का बहुमुखी मल्टी-टूल सभी स्तरों के क्रिएटर्स को सशक्त बनाने, उनके वर्कफ़्लो को सरल बनाने और उनकी ऑडियो गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हमारे लिए यह महत्वपूर्ण था कि प्रोफाइल वायरलेस यथासंभव कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल होने के साथ-साथ रिकॉर्डिंग आवश्यकताओं के विविध सेट में महारत हासिल कर सके। प्रोफाइल वायरलेस के उपयोग के मामलों की रेंज प्रभावशाली है।

विश्वसनीयता जहाँ आपको इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है

245 मीटर तक की प्रभावशाली वायरलेस रेंज के साथ, यह सिस्टम लंबी दूरी पर भी स्पष्ट ऑडियो सुनिश्चित करता है। प्रत्येक क्लिप-ऑन वायरलेस माइक्रोफ़ोन में 16GB की ऑनबोर्ड मेमोरी है, जो 24-बिट / 48kH5 रिज़ॉल्यूशन पर 30 घंटे तक ऑडियो रिकॉर्ड करने में सक्षम है। ऑडियो हानि से बचाने के लिए, प्रोफाइल वायरलेस में एक बैकअप रिकॉर्डिंग मोड है जो वायरलेस सिग्नल कमजोर होने पर स्वचालित रूप से आंतरिक रिकॉर्डिंग को सक्रिय करता है। इसके अतिरिक्त, सेफ्टी चैनल मोड क्लिपिंग को रोकने के लिए कम वॉल्यूम पर बैकअप ऑडियो रिकॉर्ड करता है। दो अलग-अलग ऑडियो स्तरों पर एक साथ रिकॉर्डिंग करके, प्रोफाइल वायरलेस न केवल क्लिप्ड ऑडियो के जोखिम को कम करता है

प्रोफाइल वायरलेस एक अनूठा कॉम्पैक्ट 2.4 गीगाहट्र्ज वायरलेस सिस्टम है जिसमें एक एकीकृत हैंडहेल्ड विकल्प है जो प्रभावशाली 15+ घंटे का रनटाइम प्रदान करता है। अन्य सिस्टम के विपरीत, प्रोफाइल वायरलेस रिचार्ज करते समय भी माइक्रोफोन का उपयोग करने की अनुमति देता है।

रचनाकारों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया, इसमें ऑटो-रोटेटिंग रिसीवर डिस्प्ले, कोई ऐप आवश्यकता नहीं और विविध माउंटिंग विकल्प जैसी उपयोगिता सुविधाएँ हैं।

सेनहाइज़र के लिए अद्वितीय, घटकों पर थ्रेड माउंट सामग्री निर्माण में सुचारू वर्कफ़्लो सुनिश्चित करते हैं, जिससे प्रोफाइल वायरलेस निर्बाध और कुशल ऑडियो रिकॉर्डिंग के लिए अंतिम विकल्प बन जाता है।

## एफपीआई ने बेचे 977 करोड़ रुपये के शेयर, नकारात्मक हुआ शुद्ध निवेश

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में विदेश पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस हफ्ते 977 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जिससे उनका कुल निवेश नकारात्मक हो गया। नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिट लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, इस पूरे महीने उनका निवेश अभी भी सकारात्मक है, जो भारत की आर्थिक वृद्धि में उनके भरोसे को दिखाता है।

इस हफ्ते 16 से 20 दिसंबर के बीच एफपीआई ने शुरुआत में 3,126 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। पहले दो दिन उनकी ओर से की गई शेयरों की खरीद काफी मजबूत रही। लेकिन इसके बाद अगले तीन दिनों में एफपीआई ने 4,103 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए, जिससे उनका कुल निवेश नकारात्मक हुआ। इस बिकवाली के बावजूद दिसंबर में महीने में अब तक एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 21,789 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह दिखाता है कि भारत के आर्थिक विकास में एफपीआई का भरोसा बरकरार है।

विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजार में हुई कुछ घटनाओं की वजह से यह बिकवाली हुई। जैसे अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी और अमेरिकी डॉलर की ताकत बढ़ने के कारण कई निवेशकों ने अपने पैसे निकाल लिए। इसके अलावा, बाजार में हाल ही में आई तेजी के बाद लाभ की बुकिंग (प्रोफिट बुकिंग) भी एक वजह हो सकती है। बैंकिंग और बाजार विशेषज्ञ अजय बग्गा ने कहा, इस हफ्ते वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने का माहौल था। अमेरिका में डॉलर की ताकत और ब्याज दरें बढ़ने से भारत जैसे उभरते बाजारों से एफपीआई ने पैसे निकाले। एफपीआई ने नवंबर में 21,612 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे, जो अक्तूबर में कई गई 94,017 करोड़ रुपये की बिकवाली से काफी कम था।

# ZEE5 के 'डिस्पैच' में अपराध पत्रकार का किरदार निभाने पर मनोज बाजपेयी ने कहा, 'सभी पत्रकारों को सलाम'

ZEE5 पर मनोज बाजपेयी की फिल्म डिस्पैच में उन्हें एक नए अवतार में जांचकर्ता पत्रकार के किरदार में दिखाया गया है। यह फिल्म अपराध जाँच पत्रकारिता की दुनिया में एक बड़ी ब्रेकिंग स्टोरी ढूंढ रहे जोय बाग की जन्दिगी के बारे में है। मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव भारत और जगरण फिल्म महोत्सव में पत्रकारों, आलोचकों और सिनेप्रेमियों से जबरदस्त सराहना प्राप्त करने के बाद, ZEE5 पर डिस्पैच ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। जश्न की इस लिस्ट में, फिल्म ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पहले हफ्ते में 200 मिलियन से ज्यादा वॉच मिनट्स का रिकॉर्ड भी बना लिया है!





कानू बहल द्वारा निर्देशित डिस्पैच जोय बाग की कहानी है, जो एक दृढ़ नायक अपराध पत्रकार के रूप में मनोज बाजपेयी द्वारा निभाया गया है, जो 2G स्पेक्ट्रम घोटाले की खतरनाक जांच करता है। जैसे-जैसे वह शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़े भ्रष्टाचार के जाल को उजागर करता है, तो जॉय को जल्द ही समझ आ जाता है कि सत्य की खोज उसकी जान ले सकती है। वह एक ब्रेकिंग स्टोरी पाने के लिए संघर्ष करता है, वहीं उसकी निजी जन्दिगी में एक बड़ा तूफान आ जाता है क्योंकि उसका विवाह टूटने के कगार पर होता है और वह एक अफेयर में उलझा होता है। लेकिन डिस्पैच सिर्फ एक अपराध पत्रकार की कहानी नहीं है; यह संकट के समय में मानव मस्तिष्क की गहरी पड़ताल है।

हाल ही में एक चर्चा के दौरान, मनोज बाजपेयी ने जाँच करने वाले पत्रकारों के साथ बातचीत की और पत्रकारिता के भावनात्मक और मानसिक प्रभाव के बारे में खुलकर बात की, कि पत्रकार किस प्रकार आंतरिक संघर्षों का सामना करते हैंलाल च, डर, बुनियादी जरूरतें, परिवार इस तरह के पत्रकार को किस तरह के संघर्षों का सामना करना पड़ता है। एक पत्रकार भी इंसान होता है और वह बहुत से व्यक्तिगत संघर्षों से गुजरता है। किसी भी क्षेत्र में, एक व्यक्ति को लालच, डर, बुनियादी जरूरतें और परिवार से जूझना पड़ता है। एक पत्रकार जिस तरह के संघर्षों का सामना करता है, वह दिन-प्रतिदिन बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह एक ऐसा विषय है जिस पर हमें चर्चा करनी चाहिए और इसे सामने लाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, फिल्म में एक क्राइम जर्नलिस्ट की भूमिका निभाते हुए, मुझे एहसास हुआ कि नौकरी करना एक बात है।

# डलास पहुंचे ग्लोबल स्टार रामचरण हुआ फ़िल्म गेम चेंजर का मेगा प्री-रिलीज इवेंट



ग्लोबल स्टार राम चरण की गेम चेंजर शनिवार को यूएसए के डलास के कर्टिस कलवेल सेंटर में अपना भव्य प्री-रिलीज इवेंट हुआ। वहीं सुपरस्टार तीन साल बाद एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करेंगे।

फिल्म की ओवरसीज बुकिंग शुरू हो चुकी है।तीन साल के इंतजार के बाद, राम चरण की मुख्य भूमिका में सिल्वर स्क्रीन पर एक बार फिर अपनी फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज के साथ वापसी करेंगे। वहीं इसके इवेंट के लिए एक्टर पहले से डलास पहुंच चुके हैं।

**डलास में आयोजित हुआ ये धमाकेदार इवेंट**

दरअसल, यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसका निर्देशन एस शंकर ने किया है और इसमें कियारा आडवाणी, एसजे सूर्या, नासर, सुनील प्रकाश राज और जयराम प्रमुख भूमिकाओं में हैं। निर्माताओं और राम चरण ने गाने और पोस्टर रिलीज और प्री-रिलीज इवेंट के जरिए फिल्म का प्रमोशन शुरू कर दिया है।

इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर राम चरण ने यूएसए के डलास में प्री-रिलीज इवेंट की तारीख और स्थान की घोषणा की है। सामने आए इस वीडियो में राम चरण ने सफेद शर्ट और जैकेट पहने हुए नजर आ रहे हैं और अपने लुक को कंप्लीट करन के लिए उन्होंने चश्मा लगाया हुआ है। उन्होंने घोषणा की कि यह कार्यक्रम 21 दिसंबर को डलास के कर्टिस कुलवेल सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

आपको बता दें, संयुक्त राज्य अमेरिका में भी गेम चेंजर को लेकर चर्चा उतनी ही तीव्र है, जहां प्रशंसक बेसब्री से राम चरण के आने का इंतजार कर रहे हैं। उनकी शानदार उपस्थिति और ऑस्कर विजेता ऋऋऋ जैसी फिल्मों में अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, गेम चेंजर से वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर भारी हंगामा मचाने की उम्मीद है। फिल्म का टीज़र लखनऊ में एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया गया, जिसमें कियारा और निर्देशक एस शंकर सहित 'गेम चेंजर' की टीम शामिल हुई।

# आइस मेक रेफ्रिजरेशन ने अपनी रणनीतिक विकास योजना के तहत नए कमर्शियल फ्रीजर्स और विसी कूलर्स का अनावरण किया



**लखनऊ।** भारत के रेफ्रिजेरेशन उद्योग में एक प्रमुख नाम, आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड, ने अपनी नवीनतम उत्पाद कमर्शियल फ्रीजर्स श्रेणियों का अनावरण किया है, जिसमें चेस्ट फ्रीजर्स, कूलर्स और विसी कूलर्स शामिल हैं, और यह कंपनी की रणनीति का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो नवाचार को बढ़ावा देने, बाजार में पहुंच को बढ़ाने और विभिन्न उद्योगों के लिए ऊर्जा-कुशल समाधान प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

चेस्ट फ्रीजर्स और कूलर्स का उत्पादन 1 जनवरी 2025 से कंपनी की पूरी तरह से स्वचालित निर्माण सुविधा में गुजरात में शुरू होने जा रहा है, जिसकी दैनिक क्षमता 200 यूनिट्स है, जो वार्षिक रूप से 72,000 यूनिट्स तक पहुंच जाएगी। ये उत्पाद 100 लीटर से लेकर 900 लीटर तक की क्षमता में उपलब्ध होंगे, जिनमें हार्डटॉप फ्रीजर्स (कन्वर्टिबल), ग्लास टॉप फ्रीजर्स, और कॉम्बी कूलर और फ्रीजर्स जैसी उन्नत विशेषताएँ शामिल हैं, जो विभिन्न ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, चंद्रकांत पटेल ने आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि हमारी नई उत्पाद श्रेणियों का लॉन्च आइस मेक की नवाचार और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। निर्माण में रणनीतिक निवेश और ग्राहक की जरूरतों पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, हम रेफ्रिजेरेशन क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने और FY2028 तक 1,000 करोड़ का राजस्व लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करेंगे। आइस मेक ने अपनी पूंजी व्यय योजनाओं को 250 करोड़ तक संशोधित किया है, जिसमें से 100 करोड़ पहले ही निर्माण क्षमताओं के विस्तार में निवेश किए जा चुके हैं। शेष 150 करोड़ अगले 1-2 वर्षों में राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवंटित किए जाएंगे। कंपनी की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता अब 1.25 लाख यूनिट्स है, जिसमें 72,000 चेस्ट फ्रीजर्स और 8,000 विसी कूलर्स शामिल हैं।

नवीनतम विसी कूलर्स की प्रारंभिक उत्पादन क्षमता 25 यूनिट्स प्रति दिन होगी, जो वार्षिक रूप से लगभग 8,000 यूनिट्स तक पहुंचेगी। जबकि उत्पादन प्रारंभ में मैन्युअल होगा, कंपनी भविष्य में पूर्ण स्वचालन की दिशा में संक्रमण करने की योजना बना रही है, जिससे दक्षता और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। विसी कूलर्स की रेंज 300 लीटर से लेकर 1,000 लीटर तक होगी, जो खाद्य, पेय, और रिटेल क्षेत्रों को लक्षित करेगी। ये उत्पाद खाद्य प्रसंस्करण, रिटेल, फार्मास्युटिकल्स, हॉस्पिटैलिटी, और डेयरी जैसे विभिन्न उद्योगों की रेफ्रिजेरेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। उनकी ऊर्जा दक्षता, अनुकूलन योग्य क्षमताओं, और मजबूत प्रदर्शन के साथ, ये उत्पाद नष्ट होने वाली वस्तुओं को संरक्षित करने, उत्पाद दृश्यता बढ़ाने और परिचालन निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए विश्वसनीय समाधान प्रदान करते हैं। हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुसार नवाचारी और सतत शीतलन समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सपा का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

- दलित विरोधी है भाजपा : शुकुरुल्लाह
- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते सपा के कार्यकर्ता

**कुशीनगर।** गृह मंत्री अमित शाह के डॉ. अम्बेडकर पर दिए गए बयान से नाराज सपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर धरना दिया। उनकी मांग है कि गृह मंत्री इस्तीफा दें और जिले में प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं को तत्काल छोड़ा जाए। पार्टी के जिलाध्यक्ष शुकरुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट तक हाथों में बाबा साहब की फोटो व सिर पर लाल टोपी पहने समाजवादियों ने भाजपा और अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

धरने को सम्बोधित करते हुए सपा नेताओं ने कहा कि भाजपा दलित विरोधी है। उसका उदहारण अमित शाह के बयान में साफ दिख रहा है। गृह मंत्री द्वारा आंबेडकर को लेकर जिस तरह से बातें कही गई हैं, यह लोकतंत्र व संविधान के खिलाफ है। बाबा साहेब ही पिछड़ों, दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषित के भगवान हैं। भगवान की तरह लोग उन्हें पूजते हैं। आज भी आप गांव-गांव जाएंगे तो बाबा साहेब की घरों में तस्वीर होगी उन्हें लोग पूजते हैं। वह आमजन के दिल मे बसते है, उनके ऊपर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जबतक गृह मंत्री अमित शाह देश के सामने आकर माफी नही मांगेंगे तबतक लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेंगी। ज्ञापन में लिखा गया है कि अमित शाह के बयाना पर देश व प्रदेश में दलित, पिछड़ों एवं वंचित समाज के भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। गृहमंत्री की इस टिप्पणी से दलित पिछड़ों के प्रति भाजपा की संविधान विरोधी मानसिकता प्रकट होती है। समाजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश लोकतंत्र और संविधान को मजबूत बनाना है जिससे दलित, पिछड़े समाज के जीवन में खुशहाली आए। भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के विरूद्ध की गई टिप्पणी अति खेदजनक है, गृह मंत्री अमित शाह इस्तीफा दें।

# प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में तहसील खड्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा ब्यूरो


खड्डा तहसील दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार को तहसील खड्डा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील खड्डा परिसर में ही शीतलहर के दृष्टिगत ठंड से बचाव हेतु गरीब/असहाय एवं दिव्यांग पुरुषों तथा महिलाओं में कंबल का वितरण जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया।

**64 मामलों में मात्र 5 का निस्तारण–** सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 64 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 19 में से 03 को तत्काल निस्तारित किया गया, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त मामलों से संबंधित 06, पुलिस विभाग से संबंधित 12, विकास विभाग से संबंधित 12 तथा अन्य विभाग के 15 में से 2 को तत्काल निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 64 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 59 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

## हाईकोर्ट के आदेश पर मथौली स्थित राम जानकी मंदिर से हटेंगे रिसीवर

- कई वर्षों से मंदिर का रिसीवर तैनात थे हाटा के तहसीलदार
- महंथ को लेकर दो साधुओं के बीच चल रहा था विवाद

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के विवाद पर अब पूर्ण विराम लगने वाला है। यहां तैनात रिसीवर को हाईकोर्ट ने हटने का आदेश दे दिया है। बताया जा रहा है कि मथौली नगर पंचायत स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में पिछले 6 मई 2021 को मंदिर के महंत हरिदास का निधन होने जाने बाद मंदिर के दो पुजारी शम्भू दास व सियाराम दास के द्वारा मंदिर का उत्तराधिकारी को लेकर विवाद चल रहा था जबकि 12-5-2020 को मंदिर के तत्कालीन महंत हरिदास के द्वारा उनके शिष्य शंभू दास को रजिस्टर्ड वसीयत कर दिया गया था फिर भी मंदिर के दूसरे पुजारी सियाराम दास स्वयं को उत्तराधिकारी बताया जाता रहा था। जिसको लेकर दोनों पक्षों द्वारा जिला न्यायालय से हाईकोर्ट तक दावेदारी किया। इस विवाद के क्रम में हाटा तहसील प्रशासन द्वारा मंदिर का रिसीवर हाटा तहसीलदार को नियुक्त कर दिया साथ ही मंदिर में दोनों पुजारी को मंदिर में पूजा पाठ के लिए निर्देशित कर दिया था लेकिन इसी बीच 29 नवम्बर 2024 को हाईकोर्ट ने रिसीवर हो हटाते हुए रजिस्टर्ड वसीयत के अनुसार अनुपालन करने का निर्देश दे दिया गया है। साथ ही शम्भू दास के द्वारा एसडीएम हाटा को हाईकोर्ट के आदेश के फैसले को पालन कराने के लिए एक प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। जिसपर उपजिलाधिकारी हाटा ने पत्र का संज्ञान लेकर कोर्ट के आदेश का पालन कराने हेतु नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# जिले में सात केंद्रों पर होगी पीसीएस की परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। आज रविवार को जिले के सात केंद्रों पर परीक्षा सम्पन्न होगी। परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए डीएम विशाल भारद्वाज व एसपी संतोष कुमार मिश्र ने


परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम

- तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा
- एकएक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती

केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापको से दोनों पालियों में होने वाली परीक्षाओं में छात्राओं की संख्या, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत, पानी, कैमरे तथा शौचालय आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आयोग के निर्देश के क्रम में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा है परीक्षार्थियों के लिए आयोग के निर्देश के क्रम में बैठने की व्यवस्था की जाए। सारी व्यवस्थाएं आयोग के निर्देश के क्रम में तथा सुरक्षा मानकों के दृष्टिगत की जाए। हम सभी को टीम वर्क की भांति कार्य कर परीक्षा को शांतिपूर्ण, सकुशल, कदाचार मुक्त तथा सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करानी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी परीक्षा के केंद्रों पर पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी परीक्षा केन्द्र एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर वाह्य सह केन्द्र व्यवस्थापक, सहयोगी अन्तरीक्षक तथा 50 वाह्य अन्तरीक्षक की तैनाती की गई है। सभी केंद्रों पर तथा बस स्टेशनों तथा रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा हेतु सकुशल शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है किसी प्रकार की लापरवाही किसी के स्तर पर क्षम्य नही होगी।

### केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा संचालित सम्मिलित/ राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा 2024 दिनांक 22-12-2024 दिनांक रविवार को दो सत्रों में (प्रथम सत्र पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे एवं द्वितीय सत्र अपरान्ह 02:30 से 04:30 बजे तक जनपद कुशीनगर में उक्त परीक्षा सम्पन्न होनी है। इसके लिए केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों, वाह्य सह केन्द्र व्यवस्थापक, सहयोगी अन्तरीक्षक की तैनाती की गई।

### परीक्षा के लिए बनाए गए है सात केन्द्र

1- गोस्वामी तुलसी दास इंटर कालेज रामकोला, कुशीनगर।
2- किसान इंटर कालेज साखोपार, कुशीनगर।
3- कृषक इण्टर कालेज मल्लूडीह, कुशीनगर।
4- उदित नारायण पीजी कालेज पडरौना, कुशीनगर।
5- उदित नारायण इण्टर कालेज पडरौना, कुशीनगर।
6- श्री भगवान महाबीर पीजी कालेज फाजिलनगर।
7- बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का मिला शव

**हाटा, कुशीनगर।** शनिवार की सुबह करीब सात बजे हाटा कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका वार्ड नंबर एक बाघनाथ में एक 20 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर एक निवासी ज्युत पुत्र चुन्नू उम्र लगभग 20 वर्ष का शव लिटिल फ्लावर स्कूल के सामने कस्बा हाटा में एक टीन शेड के मकान में शनिवार की सुबह करीब सात बजे आसपास के लोगों ने देखा। इसकी सूचन स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। प्रकरण में सभी तथ्यों की गहनता से जांच कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि युवक नशे का आदि था। शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे। इस संबंध कोतवाल हाटा सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# गन्ना मूल्य भुगतान में पिपराइच चीनी मिल का टूटा पुराना रिकॉर्ड

अवधनामा संवाददाता


प्रधान जीएम अरविंद कुमार

- 22 दिनों के पेराई में तीसरी बार हुआ भुगतान

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** पिपराइच चीनी मिल के पेराई सत्र 2024-25 में सात - सात दिनों के भीतर गन्ना मूल्य भुगतान कर रहा है। चालू सत्र के 22 दिनों में तीसरी बार में शनिवार को करीब साढ़े 12 करोड़ गन्ना मूल्य का एडवाइज बैंक खाते में भुगतान हेतु भेज दिया गया है।

सात सात दिन में भुगतान कर चीनी मिल अपने ही पूराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उक्त जानकारी देते हुए चीनी मिल के प्रधान प्रबन्धक अरविन्द कुमार ने बताया कि 28 नवंबर से पेराई सत्र शुरू हुआ। लेकिन वास्तविक पेराई का काम गत 31 नवम्बर से पूरे क्षमता के साथ शुरू हुआ है। पिछले साल 15 दिन में गन्ना मूल्यों का भुगतान किया जाता था। लेकिन इस साल किसानों के मांग पर उनसे किए गए वादे के मुताबिक चालू सत्र में सात दिन में आपूर्ति किए गए गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। इस गन्ना मूल्य भुगतान व्यवस्था में शासन के प्रबन्ध निदेशक प्रभु नाथ सिंह का बड़ा योगदान है।

प्रधान प्रबंधक अरविन्द कुमार ने यह भी बताया कि अब तक तीन किस्तों में सात सात दिन पर किए गए भुगतान को मिलाकर कुल करीब 27 करोड़ रूपए से अधिक के धनराशि का भुगतान किया गया है। इससे गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर जिले के करीब के साढ़े तेरह हजार से अधिक किसानों को लाभ मिला है।जिससे रबी बुआई तथा शादी आदि दैनिक खर्च में काफी लाभकारी साबित होगा। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि चीनी मिल अपना वादा पूरा कर रहा है। आगे भी चीनी मिल सात दिन में ही गन्ना मूल्य भुगतान करता रहेगा। अब किसानों की बारी है किसान चीनी मिल के हित में अधिकाधिक गन्ने की बुआई करें तथा चालू सत्र में साफ सुथरा जड़ रहित ताजा गन्ना आपूर्ति करें। जिससे चीनी रिकवरी बेहतर मिलने से समय से गन्ना मूल्य भुगतान करने में सहायता मिलेगी।

# आज जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी पीसीएस परीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा कल 22 दिसंबर को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को जनपद में नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत ने शनिवार को कई परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में लगे अधिकारियों व केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रविवार को जनपद में 12 परीक्षा केंद्रों पर पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा आयोजित कराई जाएगी जिसको सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा पार्किंग की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था सीटिंग प्लान कंट्रोल रूम स्ट्रांग रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जा रहा है जिसको लेकर आज जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्र श्री रणवीर इंटर कॉलेज अमेठी पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी तथा श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कंट्रोल रूम स्ट्रांग रूम परीक्षा कक्षों में सीटिंग प्लान पीने हेतु पानी शौचालय प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था आदि सुविधाओं को बारीकी से देखा गया एवं जो भी कमियां पाई गई उनको शीघ्र अति शीघ्र सुधारने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पीसीएस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिन पर सभी जगह पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल उपलब्ध रहेगा इसके साथ ही परीक्षार्थियों की जांच करने के उपरांत ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों द्वारा घड़ी मोबाइल कैल्क्युलेटर तथा अन्य किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को लेकर जाना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।

# पोल्ट्री विकास के लिए जिले में स्थापित होंगी 200 इकाईयां

### बढ़ेगा अण्डा उत्पादन और कुक्कुट पालन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रवीन्द्र प्रसाद ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के 14 विकास खण्डो में चयनित 200 अनुसूचित जाति के महिला लाभार्थियों को बैकयार्ड पोल्ट्री विकास कार्यकम के अन्तर्गत 200 इकाईयां स्थापित कराएं जाने का लक्ष्य आवंटित था।

उक्त योजना में प्रति लाभार्थी 50 एक दिवसीय ड्यूल परपज स्टेट रन लो इनपुट टेक्नोलॉजी के चिक्स के साथ पोल्ट्री आहार, दवा निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। जनपद को दिनांक 23-12-2024 को चूजे की खेप प्राप्त होने की सूचना मिली है। पोल्ट्री चिक्स राशन की आपूर्ति केन्द्रीय भण्डार सदर पडरौना को हो चुकी है। जनपद के 14 विकास खण्डवार चयनित 200 महिला लाभार्थियों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण विकास खण्ड स्तरीय पशु चिकित्सालयो पर दिया जा रहा है। उक्त योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओ को कुक्कुट पालन व्यवस्था को अपनाने एवं विस्तारित करने मे काफी सहायक होगा। 200 इकाईयों को स्थापित करने के फलस्वरूप जनपद मे अण्डा उत्पादन तथा कुक्कुट मांस उत्पादन मे भी वृद्धि होगी।

## पत्रकार को पितृ शोक पत्रकारों व शुभ चिंतकों ने दी श्रद्धांजलि

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज विकास खण्ड के ग्राम पकड़ी निवासी एक दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता संतोष चौधरी के पिता का शनिवार को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया है। पत्रकार चौधरी के पिता के निधन की खबर आम होते ही पत्रकारों व शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई है। विकास खंड कप्तानगंज के पकड़ी ग्राम सभा निवासी पत्रकार चौधरी के सेवानिवृत शिक्षक पिता विश्वनाथ चौधरी उम्र लगभग 88 वर्ष के निधन की सूचना पर परिजनों तथा शुभ चिंतकों ने शोक संवेदना प्रकट कर श्रद्धांजलि दी है। कल सुबह कप्तानगंज के राम जानकी घाट स्थित गंडक नदी तट पर स्व चौधरी का अन्तिम संस्कार किया जायेगा।

## बीजेपी सरकार में 4 वर्षों से बंद पड़ा शिव मंदिर पूजा-पाठ की मांग



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विश्व हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी ने शहर के डूडा ऑफिस के पास विगत चार वर्षों से बन्द पड़े शिव मंदिर को खोलने व उसमें पूजा-पाठ शुरु कराए जाने की मांग की है। श्री तिवारी ने शुक्रवार को मंदिर के पास पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि डूडा ऑफिस के पास स्थित शिव मंदिर को चार वर्षों पहले बन्द कर दिया गया। तभी से उस मंदिर में दरवाजा बंद रहता है और वहां पूजा-पाठ भी बन्द है। जबकि वहां डूडा कार्यालय में नगर पालिका के तमाम अधिकारी व कर्मचारी अक्सर आते रहते हैं। लेकिन किसी की निगाहें इस बन्द मंदिर पर नहीं पड़ रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश की मुखिया योगी आदित्यनाथ का फरमान है कि किसी भी मंदिर को बंद नहीं होना चाहिए और पूजा अर्चना नियमित चलनी चाहिए।लेकिन जिले के किसी भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का ध्यान इस शिव मंदिर पर नहीं पड़ रहा है। अतः इस बन्द पड़े मंदिर को अविलंब खोलवाया जाना चाहिए।

## समाधान दिवस 23 मामलों में तीन का निस्तारण

**रुद्रपुर देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सी आर ओ जल राजन चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी नदारत दिखे,मौके पर 23 मामले आए जिसमें से राजस्व के 10 मामले छाए रहे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी सुश्री श्रुति शर्मा ने रुचि दिखाते हुए तीन मामलों का मौके पर है निस्तारण कर दिया। कई विभागों के अधिकारियों के लेट लतीफ और ना आने के चलते संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या दिनों दिन घटती जा रही है जिससे सरकार की मनसा पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

# विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम प्रधान तथा प्रधानाध्यापक के बीच समन्वय आवश्यक

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भटनी के बीआरसी प्रांगण में ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष तथा प्रधानाध्यापक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त, विशिष्ट अतिथि जिलापंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर इसकी शुरुआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय कुमार गुप्त ने कहा कि विद्यालय विकास के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार प्रबंध समिति, ग्राम प्रधान तथा प्रधानाध्यापकों के बीच समन्वय का होना आवश्यक है। 19 पैरामीटरर्स पर संतृप्त होने के साथ विद्यालय में पठन पाठन के लिए भी सभी समितियों का सक्रिय होना जरुरी है। जिलापंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कायाकल्प, कम्पोजिटग्रांट, एमडीएम, डीबीटी जैसी योजनाएं बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए शासन स्तर से लगातार जारी है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए शासन हर तरह से लगातार प्रयासरत है। विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक तथा शासन स्तर से इसके लिए तैयार की गयीं इकाईयों को सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। कार्यक्रम को ग्राम प्रधान अखिलेश यादव, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री अवनीश कुमार दीक्षित, ब्लाक अध्यक्ष ओपी शुक्ल, आशुतोष पति त्रिपाठी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक मिश्र, हितेन्द्र तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। एआरपी जेपी चौरसिया, प्रमोद कुमार ओझा, बृजेश कुमार यादव, विशाल सिंह , अरविन्द कुमार आदि ने भी शासन की योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में हतवा बाजार के भीम ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा स्वागत गीत अजय कुमार दीक्षित ने प्रस्तुत किया। कम्पोजिट विद्यालय कुरमौटा घुरी के बच्चों ने शानदार योग नृत्य प्रस्तुत किया। केंद्र के विद्यालय हतवा बाजार के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत बीईओ राजेश कुमार यादव ने अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र यादव ने किया। इस दौरान प्रमुख रुप से सभासद पूनम देवी, कुन्दन सिंह, हितेन्द्र तिवारी, गुड्डू दीक्षित, दीपू मिश्र, अशोक यादव, विनय कुमार, जनार्दन यादव, बिन्दू राय, राजा राम प्रसाद, अनिल तिवारी, सुधांशु राय, मधु मल्ल, गीता राय, प्रेमशीला यादव, पूजा गुप्ता, कृपानारायण मिश्र, ब्रजराज गौतम, कुंवर अजीत, रवि चौधरी, ज्योति, शुभम पाण्डेय, रीना वर्मा, संध्या सैनी आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

## प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शासन के निर्देशानुसार जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील अमेठी में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल तहसील मुसाफिरखाना में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तहसील तिलोई में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा तथा तहसील गौरीगंज में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 12 शिकायतें में प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।तहसील अमेठी में 17 शिकायत में प्राप्त हुई जिनमें जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तहसील तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 35 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें क्षेत्र में भेजी गई।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 22 दिसम्बर, 2024



# पीसीएस प्री परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 22 दिसम्बर 2024 को (दो पालियों/सत्रों में पूर्वान्ह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक व अपरान्ह 02.30 बजे से 04.30 बजे) तक आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, शुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महाराज सिंह इण्टर कालेज, महिला महाविद्यालय, किसान डिग्री कालेज व महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बहराइच का निरीक्षण कर उपस्थित केन्द्र व्यवस्थापकों, स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेटों से विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी ने सीसीटीवी व्यवस्था, छात्र-छात्राओं के लिए सिटिंग प्लान, प्रसाधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति के वैकल्पिक व्यवस्था, कैम्पस की साफ-सफाई, कन्ट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम इत्यादि का जायज़ा लिया। परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज के निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रकाश व्यवस्था कम पाये जाने पर और बेहतर करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर कक्षों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। मेडिकल कालेज में कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी सीसीटीवी कैमरों का फोकस इस तरह सेट किया जाय कि कक्ष में एक भी सीट रेंज से बाहर न हो। डीएम ने परीक्षा केन्द्र पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रश्न-पत्र की प्राप्ति, ट्रंक में सुरक्षित रखने, ट्रंक को खोलने तथा उत्तर पुस्तिकाओं इत्यादि को सील्ड करने इत्यादि महत्वपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराते समय पूरी सावधानी बरती जाय।

डीएम मोनिका रानी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर प्रसाधन एवं पेयजल इत्यादि को इंगित करते हुए संकेतकं भी लगवाये जायें। जिससे बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने सभी उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी लोग पूर्ण मनोयोग से कार्य को इस तरह सम्पादित करें कि आने वाले परीक्षार्थी जनपद के लिए अपने मन में अच्छा सन्देश लेकर जायें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को भी इस आशय के निर्देश दिये कि परीक्षा सम्बन्धी सभी व्यवस्थाओं जैसे विद्युत, स्वास्थ्य, सुरक्षा, साफ-सफाई आदि की समस्त व्यवस्था सुचारू रखी जायें। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि सभी 15 परीक्षा केन्द्रों के आसपास ऐम्बुलेन्स की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय।

## चांदा थाना क्षेत्र के दरबरपुर गांव में दबंगों के हौसले बुलंद

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले के चांदा थाना क्षेत्र दरबरपुर गांव में दबंगई के जरिए एसडीएम के आदेश पर हुई पैमाइश के बावजूद मिट्टी डालकर कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित बुजुर्ग महिला निर्मला तिवारी पत्नी स्व राम कुमार तिवारी का आरोप है कि एसडीएम के आदेश पर जमीन की पैमाइश लेखपाल व कानूनगो के द्वारा हो चुकी है।परंतु गांव के गंगा प्रसाद तिवारी एवं विमल तिवारी तथा उनके पुत्र गण मेरी जमीन पर मिट्टी डालकर कब्जा रहे हैं। बुजुर्ग महिला ने बताया कि मना करने पर मारपीट करने को तैयार हैं।जबकि हमारे दोनों बेटे लखनऊ में है।कई बार उक्त लोगों से कहा गया है कि जब नाप जोक हो चुकी है तो उसे पर मिट्टी क्यों पाठ कर कब्जा कर रहे हैं। परन्तु एक भी बात मानने को तैयार नहीं है। किसी भी समय अनहोनी की घटना होने की संभावना है। पीड़ित बुजुर्ग महिला ने चांदा थाना प्रभारी से मदद की गुहार लगाई है।

# परीक्षा केन्द्रों के आस-पास की दुकानों पर रहेगी खुफिया नजरः जिलाधिकारी

**परीक्षा की सुचिता को भंग करने की चेष्टा करने वालों को भुगतने होंगे गंभीर परिणाम, प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने के किये हैं मुकम्मल इंतजाम : अंजनी कुमार**

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने नेशनल डिग्री कॉलेज, नेशनल इंटर कॉलेज भोगांव, देवनागरी इंटर कॉलेज, मलिखान सिंह इंटर कॉलेज कुरावली में दि. 22 दिसम्बर को आयोजित होने वाली उ.प्र. सम्मिलित राज्य, प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 को शांतिपूर्ण, नकल विहीन, विघ्न रहित सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के साथ परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए की गयी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों से कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान गलती से भी कोई गलती न हो, परीक्षा की सुचिता प्रत्येक दशा में बनाये रखी जाये, प्रत्येक कक्ष निरीक्षक को अपने कर्तव्यों, दायित्वों की भली-भांति जानकारी हो यदि परीक्षा के दौरान कोई संशय हो तो तत्काल उच्चाधिकारियों, आयोग से आये प्रतिनिधि के संज्ञान में लायें, बेवजह पैनिक न फैले सुनिश्चित किया जाये। श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान पाया कि भोगांव नगर में स्थित दोनों परीक्षा केन्द्रों पर 384-384 परीक्षार्थी पी.सी.एस. प्रारम्भिक परीक्षा में सम्मिलित होंगे, दोनों विद्यालयों के 16-16 कक्षों में प्रत्येक कमरे में 24-24 छात्र परीक्षा हेतु बिठाये जाएंगे, सीटिंग प्लान तैयार हो चुका है उक्त दोनों विद्यालय में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे हुए पाए गए। उन्होने देवनागरी इंटर कॉलेज, मलिखान सिंह इंटर कॉलेज कुरावली के निरीक्षण के दौरान पाया कि कुरावली स्थित दोनों विद्यालयों में भी 384-384 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे, परीक्षार्थियों हेतु उक्त दोनों विद्यालयों में 16-16 कक्ष आवंटित किये गये हैं, प्रत्येक कक्ष में 24 परीक्षार्थी बैठेंगे, परीक्षार्थियों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान तैयार हो चुका है। उन्होने निरीक्षण के दौरान पाया कि देवनागरी इंटर कॉलेज प्रत्येक कमरों में 02-02 कैमरे लगे हुए हैं, 01 विद्यालय का कैमरा एवं 01 संस्था द्वारा लगाया गया है जबकि मलिखान सिंह इंटर कॉलेज में विद्यालय की ओर से लगने वाले सी.सी.टी.वी. कैमरे सभी कक्षों में लगे हुए हैं लेकिन संस्था द्वारा 16 कक्षों के सापेक्ष मात्र 07 कक्षों में ही सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये गये हैं।

# प्रक्षेत्र भ्रमण कर डीएम ने स्ट्राबेरी, ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स की फसलों का किया अवलोकन

**नवाचार के लिए कृषक द्वारा किये गये प्रयासों को बताया सराहनीय**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोहली में कृषक श्रवण कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह के प्रक्षेत्र का भ्रमण कर नवाचार के रूप में कृषक द्वारा की जा रही स्ट्राबेरी, ब्रोकली, फ्रेंच बीन्स व शिमला मिर्च की फसल का अवलोकन करते हुए कृषक द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। डीएम ने कृषक को सुझाव दिया कि जिले के दूसरे कृषकों को भी नवाचार के लिए प्रेरित कर अपने अनुभव उनके साथ साझा करें। डीएम ने कृषक को यह भी सुझाव दिया कि इन फसलों के साथ-साथ जरबेरा की खेती को भी अपनायें तथा समूह का गठन कर महिलाओं को बुके तैयार करने का प्रशिक्षण दिलाये ताकि ग्रामीण परिवेश की महिलाएं भी स्वावलम्बी बनकर परिवार को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने में सहयोग कर सकें।

स्ट्राबेरी, ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स के पौध, बीज व नर्सरी इत्यादि के बारे में पूछने पर कृषक श्री सिंह ने डीएम को बताया कि स्ट्राबेरी के पौध पुणे महाराष्ट्र से मंगाये जाते हैं। स्ट्राबेरी पौध की रोपाई का उपयुक्त समय सितम्बर से अक्टूबर तक होता है। कृषक ने बताया कि वर्तमान में 01 एकड़ क्षेत्रफल में स्ट्राबेरी की फसल लगी हुई है जो 45 दिन में तैयार हो जाती है। फसल पर लगभग 04 लाख की लागत आई है। गुणवत्तायुक्त तैयार फसल की बिक्री से उसे लगभग 15 लाख रूपये प्राप्त होने का अनुमान है। कृषक श्री सिंह ने बताया कि चारों फसलो की खेती स्वायल बेड पर मल्चिंग बनाकर की जा रही है। कृषक ने बताया कि उत्पादित फसल का बड़ा भाग वह लखनऊ मण्डी में बिक्री करता है।

कृषक ने बताया कि वर्तमान में उसके द्वारा 0.5 एकड़ भू-भाग पर ब्रोकली व फ्रेंच बीन्स की फसल लगा रखी है। ब्रोकली के लिए उसके द्वारा नर्सरी तैयार की जाती है जबकि फ्रेंच बीन्स के बीजों की बुआई की गई है। श्री सिंह ने बताया कि 65 से 70 दिवस में तैयार होने वाली फसले भी काफी लाभकारी हैं।

# चैतन्य टेक्नो स्कूल में जू पार्टी का किया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** चैतन्य टेक्नो स्कूल फिरोजाबाद में जू पार्टी मनायी गयी। जू पार्टी में छात्रों ने जानवरों के वेश में शिरकत की तथा प्री-प्राइमरी के छात्रों ने स्कूल में जू पार्टी का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों ने जानवरों के वेश में आकर अपने सपनों को साकार किया। छात्रों ने विभिन्न जानवरों के वेश में आकर पार्टी में शिरकत की, जैसे कि शेर, बाघ, हाथी, भालू , और कई अन्य। उन्होंने जानवरों की तरह व्यवहार किया और उनके बारे में जानने का अवसर प्राप्त किया। इस पार्टी का उद्देश्य छात्रों को जानवरों के बारे में जानने और उनके प्रति सहानुभूति और प्यार की भावना विकसित करने का था। इस पार्टी ने छात्रों को जानवरों के साथ जुड़ने और उनके बारे में जानने का अवसर प्रदान किया। स्कूल के प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानाग रानी ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को जानवरों के बारे में जानने और उनके प्रति सहानुभूति और प्यार की भावना विकसित करने का था। हमें उम्मीद है कि यह पार्टी छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव होगी। इस पार्टी में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया। सभी ने इस पार्टी का आनंद लिया और जानवरों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त किया।

## पीसीएस-प्री परीक्षा आज



**फिरोजाबाद।** 22 दिसम्बर को होने वाली पीसीएस-प्री परीक्षा-2024 के मद्देनजर सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटो, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, पुलिस बलों और व्यवस्थापकों की उपस्थिति में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने महत्वपूर्ण निर्देश निर्गत किए, जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि अपने जनपद में इस महत्वपूर्ण परीक्षा के आयोजन हेतु कुल 13 केंद्र बनाए गए हैं, आयोग के निर्देशानुसार सभी की ड्यूटी लगाई जा चुकी है, पुलिस और प्रशासन की टीमें परीक्षा के संचालन हेतु लगाई जा चुकी है, सीसीटीवी कैमरों से सभी क्लास रूम की निगरानी की जा रही है, साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा संपन्न होने के उपरांत ही परीक्षार्थी कक्ष से बाहर निकलेगा, इसको सभी परीक्षा में लगे अधिकारी सुनिश्चित कर लें, साथ ही आप सब हमेशा गतिशील रहेंगे और इस बात को भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी भ्रामक सूचना प्रसारित न करने पाए। इस परीक्षा में लगे केंद्र व्यवस्थापक और प्रिंसिपल यह सुनिश्चित कर लें की परीक्षा के दौरान कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ऐसा होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगातार गतिशील रहेंगे, कंट्रोल रूम में लगे कैमरा को एक बार जरूर चेक कर लेंगे, जिलाधिकारी ने कहा कोई गलत परीक्षार्थी किसी अन्य के स्थान पर परीक्षा देते हुए पाया गया तो उसे तुरंत जेल भेजा जाएगा, इसलिए ऐसा कोई कार्य न करें जो आपके जीवन को बर्बाद कर दे, मेडिकल की टीम हर जगह उपलब्ध रहेगी, इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** सिरसागंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने अपने समक्ष आई हुई जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए, उनमें से कुछ का मौके पर समाधान किया और कुछ का पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गठित कर सामान्य जन समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश दिए, इस दौरान आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग एवं चकबंदी विभाग से संबंधित जिलाधिकारी के समक्ष समस्याएं आई। प्रार्थी निवासी धरमई सुनील कुमार ने शिकायत की की दबंगों द्वारा उसकी गाटा संख्या 109 के रास्ते पर कब्जा कर लिया गया है और दीवार खड़ी कर दी है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिरसागंज को निर्देशित किया कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर उसकी तुरंत जांच कराऐं, जिससे प्रार्थी की समस्या का समाधान हो सके। इसी प्रकार प्रार्थी मुकेश कुमार ने शिकायत की की प्रार्थी के हिस्से की भूमि पर सह खातेदार द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को इस मामले की सच्चाई का पता लगाने हेतु निर्देशित किया, उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपके विभाग से संबंधित जो भी समस्याएं समाधान दिवस में आपके समक्ष आती हैं, उन समस्याओं को निस्तारण आप द्वारा गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, जिससे सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का समाधान हो सके, और शासन की जो मंशा है, उसके पीछे वह उद्देश्य भी सफलीभूत हो सके, इस दौरान 53 समस्याएं आई और मौके पर 05 का समाधान किया गया और 8 के लिए टीम मौके पर गठित करके भेजी गयी, जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई हुई शिकायतों को लेकर अगर किसी प्रकार की कोई लापरवाही, शिथिलता सामने आई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी, इस दौरान उप जिलाधिकारी, परियोजना निरीक्षक सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## चोरी की बिजली से चल रहा था स्पेलर

**शिकोहाबाद।** बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग द्वारा गुरुवार को डिस्काम, प्रवर्तन दल एटा, प्रवर्तन दल आगरा एवं विद्युत विभाग शिकोहाबाद की टीम ने संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम को एक स्पेलर चोरी की बिजली से चलता हुआ मिला। जिसकी प्राथमिकी विद्युत चोरी निरोधक थाना में दर्ज कराई गई है। टीम ने गुरुवार ने एटा रोड पर चेकिंग की थी। इस दौरान दीपू निवासी सैययद वाली गली एटा रोड औद्योगिक विधा में आयल स्पेलर का संचालन करते हुए मिले। वह अवैध रूप से 9.493 किलो वाट विद्युत भार की चोरी करते हुए पाये गये। जिसके खिलाफ विद्युत चोरी निरोधक थाना फिरोजाबाद में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उप खंड अधिकारी ने बताया कि चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। एसडीओ हरी सिंह ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विभागीय कार्यवाही से बचने हेतु ईमानदारी से ही विद्युत का प्रयोग करें।

# के.एन.आई.सी.ई. करौंदिया में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** करौंदिया (विवेकनगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टिट्यूट चाइल्ड एजुकेशन में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कक्षा-10 की छात्रा आर्या गर्गवंशी ने श्रीनिवास रामानुजन और गणित विषय पर अपना वक्तव्य दिया।राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में जूनियर तथा सीनियर वर्ग में चैरिटी, होप, ज्वाय तथा पीस हाउस के विद्यार्थियों के इंटर हाउस गणित तथा विज्ञान विषय की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई।

जूनियर वर्ग में ज्वाय हाउस के विद्यार्थी आदित्य सिंह, रुद्र प्रताप पांडेय तथा मेधा त्रिपाठी विजयी रहीं।सीनियर वर्ग में पीस हाउस के विद्यार्थी वर्चस श्रीवास्तव, आराध्या बरनवाल, सुनैना श्रीवास्तव तथा संख्या पांडेय विजयी रहीं। आज की प्रार्थना सभा गणित के जादूगर रामानुजन पर आधारित रही।

कक्षा-4 का छात्र आद्विक पाल ने आज का सुविचार कहा। प्रार्थना सभा का संचालन कक्षा-7 की छात्रा आराध्या सिंह ने किया। कक्षा-1से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने गणित व विज्ञान विषय से संबंधित मॉडल ज्यामिति आकार, जैविक खेती, मिनी मिसाइल, ऊंचाई और दूरी, समुच्चय, अम्लीय वर्षा पर आधारित इत्यादि माडल अलंकृता गर्गवंशी, आलोक, जान्हवी सिंह, आदित्य राठी आदि विद्यार्थियों तथा उनकी टीम द्वारा बनाए गए। जिसकी तैयारी गणित शिक्षक-शिक्षिकाएं विश्वास मणि त्रिपाठी, अंकित सोनी, मो. हसानात, अमरदीप कौर, दीप्ति श्रीवास्तव व शुभांजलि शर्मा तथा विज्ञान शिक्षक अस्मित गुप्ता, सिद्धांत कुमार सिंह व सौरभ मिश्र ने कराई। प्रधानाचार्य तथा सी.बी. सिंह ने सभी मॉडलों का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से उनके माडल से संबंधित प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों ने अपने-अपने माडल से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यार्थियों का प्रस्तुतीकरण अति उत्तम रहा। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य डॉ.एन.डी.सिंह ने बताया कि भारत देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के इरोड में एक तमिल अयंगर ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी। वर्ष 1912 में उन्होंने मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क के पद पर कार्य करना शुरू कर दिया।उनकी गणित की प्रतिभा को पहचान कर उनके साथियों ने उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी, ट्रिनिटी कॉलेज में रेफर कर दिया। वर्ष 1916 में उन्होंने बैचलर इन साइंस की डिग्री ली। लंदन की मैथमेटिकल सोसायटी में 1917 में उनका चुनाव कर लिया गया। सन् 1918 में श्रीनिवास रामानुजन को कैंब्रिज फिलोसॉफिकल सोसायटी, रॉयल सोसाइटी तथा ट्रिनिटी कॉलेज तीनों का फेलो चुना गया। इनका देहावसान 32 वर्ष की अल्पायु में 26 अप्रैल 1920 को हुआ।


## उत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | PFM-Food-Van3 |
| कार्य का विवरण | Creation, operation and maintenance of Food Van (Serving Customers 24X7) at Phaphamau railway station over Lucknow Division for a period of 5 year, as per site plan attached. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.12.2024 at 10:00 Hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.12.2024 at 10:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

विशेष नोट : In the above work license is responsible for arrangement of van (or similar) that to be converted into food van. Entire cost of procurement, conversion creation, operation and maintenance lie with the licensee to whom work is allotted.

3908/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# श्री अन्न महोत्सव उद्यान नर्सरी में हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** श्री अन्न महोत्सव का भव्य आयोजन उद्यान नर्सरी दबरई में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री अन्य भारतीय परंपरा एवं संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हम सभी को अपने जीवन शैली में पुनः मोटे अनाजों को शामिल करना होगा जिससे कि एक स्वस्थ समाज एवं संपन्न राष्ट्र का निर्माण हो सके। श्री अन्न महोत्सव कार्यक्रम के आयोजक उप कृषि निदेशक फिरोजाबाद सत्येंद्र प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि श्री अन्न को खाने से मधुमेह उच्च रक्तचाप एवं मोटापे जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार संभव है। वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया है। इसी इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा आगामी 5 वर्षों के लिए मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसमें किसानों को ज्वार, बाजरा, रागी, सावा, कोदो के निशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही इस वर्ष 2100 हेक्टेयर में बाजार प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया है। इसके साथ ही उनके द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद लक्ष्मी नारायण यादव द्वारा बताया गया कि सरकार के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ उन्हें कृषि विभाग के माध्यम से दिया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत ने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दो दिवसीय मेले में भाग ले। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने रबी फसलों जैसे गेहूं, सरसों, जौ, चना, आलू की खेती के विषय में नवीनतम तकनीकी जानकारी प्रदान की। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान के द्वारा श्री अन्य फसलों की खेती के विषय में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में कस्टम हायरिंग सेंटर के लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाबी एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के स्मॉल गोदाम लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# न्यायालय ने अपराधियों की जमानत अर्जी किया खारिज

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर/अमेठी।** सुलतानपुर जिले के दो बहुचर्चित मर्डर केस एवं अमेठी जिले से जुड़े धर्म परिवर्तन के मामले मे जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दिया। तीनो मामलों से जुड़े पांच आरोपियों को कोर्ट से झटका लगा है। जेल की सलाखों के पीछे आरोपियों की जिंदगी कट रही है।कोतवाली नगर थाना क्षेत्र स्थित राहुल चौराहा इलाके से जुड़े पहले मामले में अभियोगी मो. शकील ने कक्षा-4 के 11 वर्षीय छात्र रहे अपने बेटे उसामा के अचानक गायब होने के सम्बंध में बीते 25 नवम्बर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बच्चे के लापता होने के बाद आरोपी के जरिये मोबाइल से फोन कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगने का भी मामला सामने आया था। फिलहाल कोतवाली नगर पुलिस व बच्चे की खोजबीन में लगी निष्क्रिय टीम कई घण्टो तक आने वाले मोबाइल फोन की लोकेशन व फोन करने व्यक्ति को ट्रेस नहीं कर सकी। नतीजतन अपहरणकर्ता ने बच्चे की हत्या कर उसके शव को करीब तीन दिन तक अपने बेड के नीचे ही छिपाए रखा। कई घण्टो बाद अभियोगी के पड़ोस के ही युवक आसिफ उर्फ सोनी की ही घटना में अहम भूमिका सामने आई।जांच में सामने आए तथ्यों के मुताबिक बच्चे का अपहरण करने के बाद दूसरों की मोबाइल छीनकर फिरौती आरोपी युवक आसिफ उर्फ सोनी मांगता रहा। आसिफ के जरिये छीनी गई मोबाइल के बावत सुनील कुमार निवासी लौहर दक्षिण के जरिये कोतवाली देहात थाने में बीते 26 नवम्बर को एफ आई आर दर्ज कराई गई थी। घटना में बच्चे की हत्या कर घर मे बेड के नीचे शव छिपाने के चलते घर मे मौजूद अन्य सदस्यों की भी घटना में संलिप्तता मानी गई।जिसके चलते इन लोगो ने एकराय होकर कोई सूचना नहीं लीक आउट होने दी। नतीजतन सभी को जेल भेजा गया है। इसी मामले में आरोपी बनी रिजवाना पत्नी मो.सलीम की तरफ से कोर्ट में जमानत अर्जी पड़ी थी। आरोपी रिजवाना के अधिवक्ता ने उसके एक नवजात शिशु समेत तीन बच्चों का कोई देखभाल करने वाला व कोई सहारा न होने व उसे निर्दोष होने सम्बन्धी कई तर्क रखे थे।किंतु कोर्ट ने जमानत के लिए आधार न पाते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दिया।वहीं कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित पयागीपुर इलाके से दूसरा मामला जुड़ा है। जहां पर मिश्रा ढाबा के पास बीते तीन सितम्बर की शाम गोली मारकर अभियोगी राम अभिलाख सिंह के भतीजे अभय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में शामिल बताए गए साहिल तिवारी, मुकेश यादव और प्रदीप यादव की जमानत पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। मामले में आरोपी आकाश सिंह उर्फ बादल निवासी सोनबरसा कोतवाली देहात की तरफ से भी जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में अर्जी पेश की गई थी।जिसे अदालत ने खारिज कर दी।वहीं अमेठी जिले के रामगंज थाने से जुड़े धर्म परिवर्तन मामले में अभियोगी गोविंद ने रामगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में अभियोगी ने आरोपी ओमप्रकाश निवासी अग्रेसर-रामगंज, राजलाल निवासी बरवारीपुर-अमेठी व संदीप कोरी निवासी टीकरमाफी-संग्रामपुर के खिलाफ लोगो को बहलाकर व तरह-तरह के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप है। इस मामले में कोर्ट ने तीनों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दिया।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता

## जोन-6, जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक- 677/EE-6/LJS/2024-25 दि0- 21/12/2024

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 28/12/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 28/12/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying & interconnection of P.V.C pipe line 90mm Dia 180 mtr at different lanes of Ahiri Tola, Mali Khan Sarai, Acharya Narendra Dev Ward, Lko. | 7200.00 | Rs. 400 | 07 दिवस |
| 2 | Reboring of 1.5 HP Submersible Pump 02 Nos Hariyan Basti Mehboob Ganj And Near Ayyusi Masjid | 6600.00 | Rs. 400 | 07 दिवस |
| 3 | Reparing of 04 Nos Submersible pump at different places of Amberganj Ward. | 2200.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |
| 4 | Laying & interconnection of P.V.C pipe line 90 mm Dia 70 mtr at Belu ka Hata Lane Near Mehndi Shah Majaar, Gadhi Peer Kha Ward, Lko. | 2200.00 | Rs. 150 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का सेंल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6
जलकल विभाग, लखनऊ

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**प्राप्त शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 03 शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ग्राम खरौंज के कन्हैया पुत्र सुधा के वारिस सावित्री पुत्री कन्हैया पत्नी विनय कुमार निवासी इछौली रेवना, सीमा पत्नी धर्मेन्द्र पुत्री कन्हैया निवासी जल्ला सजेती घाटमपुर रामचरन पुत्र शिवदैला, बलवीर पुत्र रामचरन को खतौनी प्रदान की गयी, ग्राम शंकरपुर सहित 03 फरियादियों को खतौनी का वितरण किया गया, तथा अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी द्वारा संशोधित खतौनी गीता पत्नी रामप्रसाद निवासी बांक को प्रदान की गयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान/ स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार.बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, उपजिलाधिकारी (सदर) पवन प्रकाश पाठक सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए सपा नें किया प्रदर्शन किया



**हमीरपुर।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए सपा ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया। ज्ञापन के माध्यम से गृहमंत्री से माफी मांगने और मंत्रिमंडल से बर्खास्तगी की मांग की। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष इदरीस खान की अगुवाई में बाबा साहब अमर रहें व गृहमंत्री माफी मांगों के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के गृहमंत्री ने गलत टिप्पणी करते हुए दलित और पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता का प्रमाण दिया है। राज्यसभा में दिए गए वक्तव्य के लिए गृहमंत्री अमित शाह जनता के सामने सार्वजनिक माफी मांगें और उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए। इस अवसर घनश्याम साहू प्रदेश सचिव व्यापार सभा, बीरबल सिंह चौधरी, ओमकार सोनकर, सासंद प्रतिनिधि शादाब हुसैन बिट्टू आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित ट्रक ने बकरी चरा रही महिला को रौंदा, मौत



**नेशनल हाईवे 34 में बड़े पावर हाउस के सामने घटना**

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे से मौदहा की तरफ जा रहे अनियंत्रित ट्रक ने हाईवे में बड़े पावर हाउस के सामने पटरी किनारे बैठी महिला को रौंदता हुआ हाईवे के नीचे पड़े लोहे के विद्युत पोलों से टकराकर रुक गया। इस घटना में महिला की ट्रक के पहियों के नीचे दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला बकरी चरा रही थी। घटना के बाद चालक हेल्पर के साथ मौके से फरार हो गया।

कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड संख्या 2 के निवासी बाबूलाल कुटार की पत्नी राजरानी 55 वर्ष शनिवार को बकरियां लेकर चराने गई थी। हाईवे किनारे पटरी पर यह बड़े पावर हाउस के समीप बाउंड्री वॉल के किनारे बकरियां चरा रही थी और खुद पटरी किनारे बैठी हुई थी। शाम करीब 4 बजे कस्बे की तरफ से जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर इसको रौंदता हुआ हाईवे के नीचे जा घुसा। इससे पहियों के नीचे दबकर महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना होते ही चालक हेल्पर के साथ ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह कस्बा इंचार्ज राजवीर सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रक के पहियों के नीचे दबी मृतका को निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मृतका अपने पीछे पति, दो पुत्रों व एक अविवाहित पुत्री के साथ तीन विवाहित पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गई है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतका की तीन पुत्रियों का विवाह हो चुका है। दो पुत्र व एक पुत्री अविवाहित है। पूरा परिवार मजदूरी करता है।

## नगर पंचायत ने रातोंरात उखाड़ दिया कांशीराम कालोनी का बोर्ड

अवधनामा संवाददाता

**बसपा सहित दलित संगठनों ने जताया रोष**

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात नगर पंचायत की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से नेहा चौराहा में लगे काशीराम कॉलोनी के भारी भरकम बोर्ड को उखाड़ दिया। अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि उन्होंने डूडा से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर इसे हटवाया है। जल्द ही इसको पुनः लगाया जाएगा। रातों-रात मान्यवर कांशीराम कालोनी का बोर्ड हटाने पर बसपा सहित दलित संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। पूरे देश में इस समय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति गृहमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी से जहां आक्रोश व्याप्त है। वही शुक्रवार की रात नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य के आदेश पर नगर पंचायत की टीम ने जेसीबी से बांकी मार्ग में बनी कांशीराम कालोनी के लिए संकेतक के लिए हाईवे किनारे नेहा चौराहा पर लगे भारी भरकम बोर्ड को खुदवा कर हटवा दिया है। रात के अंधेरे में की गई कार्रवाई से बसपा सहित दलित संगठनों में आक्रोश पनप गया है। बसपा के पूर्व जिला महासचिव सीताराम वर्मा, रामनारायण वर्मा, अखिलेश वर्मा,बौद्ध महासभा के डॉ. रघुवर प्रसाद आदि ने कहा कि दलित महापुरुषों का घोर अपमान। प्रदेश सरकार के इशारे पर दलित महापुरुषों की स्मृतियों को सरकारी मशीनरी हटा रही है। उन्होंने कहा कि वह इस प्रकरण को लेकर आंदोलन कर अपने महापुरुषों को सम्मान दिलाने का कार्य करेंगे। अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि नेहा चौराहा के पास अतिक्रमण होने के कारण वाहनों के निकलने में समस्या होती थी।अक्सर जाम लगा रहता था जिससे इस सड़क का चौड़ीकरण के साथ सुंदरीकरण होना है। काशीराम कॉलोनी का बोर्ड सुंदरीकरण के में बाधक था। इस वजह से डूडा से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर इसे हटाया गया है। सुंदरीकरण के बाद इसे पुनः लगाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का अधिवेशन संपन्न

वहाज अली निहाल



**इटावा।** उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की इटावा यूनिट द्वारा प्रदर्शनी पंडाल में पत्रकार अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में देश के प्रख्यात पत्रकारों, विभिन्न जनपदों के वरिष्ठ पत्रकारों और जनपद इटावा के पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की इटावा यूनिट द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया, जो जनपद इटावा के दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम बनी। अधिवेशन के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत पत्रकारों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान पंडाल में उपस्थित सभी पत्रकारों ने एकजुटता और समर्पण का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिद्धार्थ कलहंस, विशेष संवाददाता, बिजनेस स्टैंडर्ड, लखनऊ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और इसकी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि हेमंत तिवारी, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति ने पत्रकारों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। विशेष अतिथि वीरेंद्र सिंह, सचिव प्रसार, यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन, लखनऊ ने संगठन की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। आचार्य अजय त्रिवेदी, ब्यूरो चीफ, आज समाज, लखनऊ ने पत्रकारिता में नैतिकता और सत्यता के महत्व को रेखांकित किया। राजेश मिश्रा, ब्यूरो चीफ, नवभारत, लखनऊ ने पत्रकारों की भूमिका को समाज में परिवर्तन लाने वाला बताया। डॉ.उत्कर्ष सिन्हा, संपादक, जुबली पोस्ट, लखनऊ ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना भी है। विजेंद्र चंद्र रायजादा, संपादक, नॉर्थ इंडिया टाइम्स और सुनील दिवाकर, वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ ने पत्रकारिता में तकनीकी विकास और डिजिटल युग की चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। डॉ.विद्या कांत तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी ने समाज और पत्रकारिता के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में इटावा यूनिट के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हेम कुमार शर्मा, अमित कुमार मिश्रा, अतुल वी एन चतुर्वेदी, आनंद स्वरुप त्रिपाठी, वेदव्रत गुप्ता और आशीष कुमार बाजपेयी समेत अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा। इन सभी ने मिलकर अधिवेशन को यादगार बनाने के लिए अथक प्रयास किया। गौरव भदौरिया, वी पी राजन, अमित कुमार वर्मा, मुजफ्फर अली और कुलदीप गुप्ता ने कार्यक्रम की व्यवस्था और प्रबंधन में सहयोग दिया। अजय बाथम, संजय चौहान, सौहार्द दीक्षित, विनय बाथम, राजीव शर्मा और अन्य सदस्यों ने अपने-अपने दायित्वों का कुशलता से निर्वहन किया। पल्लवी सिंह, दीपेश तिवारी, मधुर शर्मा, अदनान, वंदना यादव, राम नरेश यादव और सुनील यादव ने अधिवेशन के दौरान विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। इनके प्रयासों से कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह बना रहा। विवेक दुबे, शुशील सम्राट, शिवा भदौरिया, मोहम्मद फरमान, कुलदीप शर्मा, अभिनंदन जैन और विमल जैन ने अपने अनुभव और सहयोग से अधिवेशन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# सपाइयों ने अमित शाह के गलत बयान पर किया विरोध प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

**ज्ञापन देने के लिए सफाईयों का उमड़ा जन सैलाब**



**सोनभद्र।** शनिवार को समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार राष्ट्रपति भारत, राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली के नाम द्वारा जिलाधिकारी सोनभद्र को दो सूत्री ज्ञापन दिया गया जिसकी अध्यक्षता जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने कहा कि भारत की संसद में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान निर्माता करोड़ों दलितों पिछड़ों वंचितों के भगवान भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई जिसे समाजवादी पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा ने कहा कि भारत की सदन में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भारतीय संविधान निर्माता करोड़ों दलितों पिछड़ों वंचितों के भगवान भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिससे देश व प्रदेश में दलित पिछड़ों एवं वंचित समाज की भावनाओं को अघात पहुंचा है। गृह मंत्री जी की टिप्पणी से दलित व पिछड़े के प्रति भाजपा की संविधान विरोधी मानसिकता प्रकट होती है। समाजवादी पार्टी का उद्देश्य है कि लोकतंत्र और संविधान को मजबूत बनाना है जिससे दलित पिछड़े समाज के जीवन में खुशहाली आए। भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के विरूद्ध की गई टिप्पणी अति खेद जनक है। समाजवादी पार्टी जनपद सोनभद्र इकाई भारत के राष्ट्रपति महोदया से निम्न मांग करती है।भारत के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए अति शीघ्र जनता से माफी मांगे और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर गृह मंत्री को मंत्रिमंडल से अतिशीघ्र हटाया जाए नहीं तो समाजवादी पार्टी जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि बाबा साहब देश और प्रदेश में दलित और पिछड़ों एवं वंचित समाज के भगवान थे। संविधान का ही देन है कि आज सभी वर्ग के गरीबों को अपने हक का अधिकार मिल रहा है जिसे यह भाजपा सरकार खत्म करना चाहती है। ज्ञापन देने वाले में मुख्य रूप से पुर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव विजय यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार यादव पूर्व विधायक सुनील सिंह यादव अनिल प्रधान जिला उपाध्यक्ष वेदमणी शुक्ला सुरेश यादव रामप्यारे सिंह पटेल रामाशंकर यादव डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल रमेश कुमार वर्मा प्रकाश यादव परमेश्वर यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर सुनील गौड़ हिदायत उल्ला खान बबलू धनगर ज्यूतेष गौतम पवन पटेल सत्यम पांडे फारूक अली जिलानी कृपा शंकर चौहान गुलाब यासमीन मनीष विष्णु कुशवाहा नीतीश पटेल जितेंद्र कुमार मुकेश यादव अजीत कनौजिया शिव शंकर खरवार अंकित मिश्रा पंडित मिश्रा पीयूष यादव मदन मोहन मिश्रा सुरेंद्र यादव अमित कुशवाहा परशुराम यादव रामसेवक अमृत लाल यादव बाबुंदर सूरज मिश्रा रविंद्र यादव अर्जुन विनीत पांडे सबी बानो इमरान जेपी भारती शारदा प्रसाद भारती सुशील राय जाकिर हुसैन महेंद्र निषाद के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला जज व जिलाधिकारी नें किया जिला कारागार का निरीक्षण।



**हमीरपुर।** जिला कारागार का मासिक निरीक्षण जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें जेल के अन्दर बन्द कैदियों की समस्याऐं सुन कर संबंधित को निस्तारित करने के निर्देश दिए, तथा जेल के सभी विभिन्न बैरिकों सहित रसोई घर,शौचालय की सफाई आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री नही प्राप्त हुई। इस अवसर पर अपर जिला जज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला वकीलों की टीम ने बेसिक की टीचर्स की पहली टीम को नौ विकेट से हराया



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** जनपद प्रदर्शनी इटावा के तत्वावधान में आयोजित प्रथम महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को श्वेता मिश्रा उपजिलाधिकारी ने किया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यापिकाओं की दो टीम एसएमजीआई की तीन टीम स्टेडियम इटावा की एक टीम सेंट मेरी की एक टीम और महिला वकीलों की एक टीम ने प्रतिभाग किया। शनिवार के मैचों में पहले मैच में स्टेडियम की टीम ने एसएमजीआई सुपर क्वीन की टीम को 75 रन से हराया दूसरे मैच में महिला वकीलों की टीम ने बेसिक की अध्यापिकाओं की पहली टीम को नौ विकेट से हराया। तीसरे मैच में सैंटमैरी ने एसएमजीआई डेयर डेविल्स को हराया, चौथे मैच में बेसिक शिक्षिकाओं ने एसएमजीआई नाइट एंजिल को पंद्रह रन से हराया। 22 दिसंबर को सेमीफाइनल में स्टेडियम और सैंट मैरी के बीच तथा दूसरा मैच महिला वकीलों तथा बेसिक शिक्षिकाओं के मध्य होगा। प्रतियोगिता में आए सभी खिलाड़ियों का संयोजक सौरभ पाठक ने आभार व्यक्त किया।

### गालिब जयन्ती समारोह 27 को

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** शायरी का जिक्र होते ही लोगों को याद आने वाले ''गालिब'' के 227 वें जन्म जयन्ती 27 दिसम्बर 2024 को मित्र मंच फाउण्डेशन सोनभद्र द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम गालिब जयन्ती समारोह का सालाना बाइसवां संस्करण महफिले मुशायरा- कवि सम्मेलन का आयोजन गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी होटल अरिहन्त हाल में 27 दिसम्बर शुक्रवार रात्रि 9 बजे से आयोजित होगा। मित्र मंच फाउण्डेशन के निदेशक विजय कुमार जैन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र और अध्यक्ष विकास वर्मा 'बाबा' एड0/पत्रकार ने एक संयुक्त बयान में बताया कि विगत इक्कीस वर्षो से लगातार सजती चली आ रही गालिब जयन्ती की महफिल में इस बार पंडित प्रेम बरेलवी (बरेली), अफजल इलाहाबादी (प्रयागराज), मनमोहन मिश्र (देवरिया), हसन सोनभद्री (दिल्ली), मनोज मधुर (चन्दौली), दानिश जैदी (मिर्जापुर), सुहेल आतिर (देवबन्द), स्वाति शर्मा (दिल्ली), प्रतिभा यादव (बलिया) समेत अन्य कवि, कवयित्रि, शायर-शायरा अपना रंग जमायेगें। स्थानीय लोगों से अनुरोध है कि वे साहित्य और अदब की इस महफिल में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इसकी खूबसूरती बढ़ायें और आनन्द उठायें।

### डीएम एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं-



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सदर पर जन शिकायतों को सुना गया तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा तहसील ओबरा पर व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने सर्किल में पड़ने वाले तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्यओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### बिल्लीमारकुंडी में खनन कर्ताओं की मनमानी, लिखित शर्तों का उलंघन निजी अधिकार

**डाला/सोनभद्र।** स्थानीय बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र के डाला बारी में संचालित पट्टा धारक- संतोष कुमार पुत्र माता प्रसाद के खदान में विभागीय मिलीभगत से खनन कर्ताओं द्वारा रात के अंधेरे में कम्प्रेसर चलावते हुए बड़े पैमाने पर हैवी ब्लास्टिंग होने से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। वहीं देर शाम तक सैकड़ों टीपरो से बोल्डर लोड कर परिवहन जोरो पर जारी है जिसमें राजस्व का बड़े पैमाने खनन कर्ता द्वारा चुना लगाया जा रहा है जहा खनन कर्ताओं द्वारा मानक के विपरीत मनमानी रवैये से अवैध खनन जारी है वहीं शासन ,प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। बात करें तो विभाग का शिकायतों को बाद खानापूर्ति कर वसूली करते हुए पारदर्शिता के साथ कार्य कराया बताया जाता है लेकिन हकीकत कुछ और ही है।

## सीडीओ ने सीएम डैशबोर्ड से की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार सी.एम. डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी.एम. डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने सी.एम. डैशबोर्ड के माध्यम से डी.सी. एन.आर.एल.एम. विभाग द्वारा समूह की महिलाओं को बैंकों द्वारा ऋण वितरण की प्र्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने डी.सी. एन.आर.एल.एम. को कार्य पद्धति में सुधार लाने व ऋण वितरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दियें, इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत धनराशि भुगतान की प्रगति की समीक्षा की, तो भुगतान की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने निर्देश दियें, समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यो को पूर्ण किया जाये, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के विभिन्न विभागों की सी.एम. डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल देव पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## फायर विभाग के एस एफ ओ का किया सम्मान


अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** देहाती बीज भंडार रामलीला रोड स्थित टाइल्स शोरूम में तिकोनिया कपड़ा मार्केट में फायर विभाग की सक्रियता से जनहानि बचाने को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान के नेतृत्व में शनिवार को फायर विभाग के तहसील प्रभारी सनत कुमार पटेल का फूल मालाओं से लाद कर सम्मानित किया। इस अवसर पर फायर विभाग की तहसील प्रभारी सनत कुमार पटेल ने कहा कि 2021 से जब से इटावा में चार्ज लिया है उनका यह प्रयास रहा है की आग लगने पर किसी भी प्रकार की जननी ना होने पाए जिसके लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को प्रशिक्षण भी दिया गया जिससे आम जनमानस मैं जागरूकता बड़ी है और घटनाओं में कमी आई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष ने फायर विभाग को दी गई अपनी मांग का भी संज्ञान दिलाया जिसमें नवीन मंडी परिसर में फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी उपलब्ध कराई जाने की मांग उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल निरंतर करता चला आ रहा है जिस पर प्रभारी संत कुमार पटेल ने बताया कि आपकी मांग को विभाग के मुख्यालय प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है शीघ्र ही स्वीकृति मिलने के बाद इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि वह सभी लोग घरों में छोटे सिलेंडर अवश्य रखें प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कनौजिया अभिषेक दिक्षित जिला महामंत्री रमेश यादव जिला संगठन मंत्री रमेश जैन करनल विष्णु देवकीनंदन अनुराग वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें: डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

अवधनामा संवाददाता



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील ताखा में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें 07 प्रार्थना पत्रों का टीम गठित कर मौके पर निस्तारित कराया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने पिछले संपूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुलकान्त शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.गीता राम, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एसआरएलएम द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था और इसके सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों का सीएम ने किया लोकार्पण

# हर महिला में है सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य : सीएम

अवधनामा ब्यूरो

- आधी आबादी की उपेक्षा करके सशक्त और समर्थ नहीं हो सकता समाज : मुख्यमंत्री
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बीसी सखियों, लखपति दीदियों, नमो ड्रोन दीदियों और बैंक सखियों को मुख्यमंत्री के हाथों मिला प्रमाण पत्र
- मुख्यमंत्री ने किया 7405 महिला स्वयं सहायता समूहों को 242.30 करोड़ रुपये की सहायता राशि का हस्तांतरण



**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर महिला में सफलता की नई कहानी लिखने का सामर्थ्य है। महिलाओं के लिए काम की भी कोई कमी नहीं है। जरूरत एक फील्ड का चयन कर उसके अनुरूप प्रशिक्षण लेकर खुद को तैयार करने और परिश्रम व पूरी तन्मयता से आगे बढ़ने की है।

सीएम योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) द्वारा संचालित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक संस्था और इस संस्था द्वारा गोरखपुर मंडल के अंतर्गत सात दुग्ध अवशीतन केंद्रों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्युत सखियों, बीसी सखियों, लखपति दीदियों, नमो ड्रोन दीदियों और बैंक सखियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के अलावा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी 7405 महिला स्वयं सहायता समूहों को 242.30 करोड़ रुपये की सहायता राशि का हस्तांतरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी की उपेक्षा करके कोई भी समाज सशक्त और समर्थ नहीं हो सकता है। देश और समाज के विकास तथा इसे सशक्त और शक्तिशाली बनाने के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में कार्य करना ही होगा। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता की सभी जय जयकार करते हैं और विफलता को दुत्कारते हैं। जन्म सफलता के लिए हुआ है, दुत्कारने के लिए नहीं। जब हम सही दिशा में अच्छा कार्य करेंगे तो सफलता के साथ सराहना भी मिलेगी। इसलिए सही दिशा में बढ़ें और कभी असफलता मिले तो उसकी समीक्षा कर कमियों को दूर करें। याद रखना होगा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। सही दिशा में किए गए परिश्रम से ही सफलतम कहानियां लिखीं जाती हैं।

### पीएम मोदी की प्रेरणा से शुरू हुआ नारी सशक्तिकरण का नया दौर

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन यानी नारी सशक्तिकरण का नया दौर शुरू हुआ है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना हो, नारी वंदन, या फिर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मातृ वंदना योजना, ये सभी महिला सशक्तिकरण के लिए ही हैं। पहली बार स्वतंत्र भारत मे महिलाओं को यह अनुभव हुआ कि उनके नाम पर योजनाएं बनी हैं और इसका लाभ भी उन्हें प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर बने शौचालय नारी गरिमा के प्रतीक हैं तो मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन नारी सम्मान और समर्थ नारी का अभियान।

### 27 दिसंबर को 40 लाख परिवारों को घरौनी का वितरण करेंगे प्रधानमंत्री

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि आगामी 27 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के 40 लाख परिवारों को पीएम स्वामित्व योजना के तहत घरौनी प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके पहले प्रदेश के 60 लाख परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र दिया जा चुका है।

### बलिनी की तर्ज पर सफलता हासिल कर सकती है श्री बाबा गोरखनाथ कृपा दुग्ध उत्पादक कम्पनी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आज लोकार्पित श्री बाबा गोरखनाथ दुग्ध उत्पादक संस्था से जुड़ी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए खास तौर पर प्रेरित किया। सीएम योगी ने इसके लिए बुंदेलखंड की बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में बुंदलेखंड जैसे सूखे क्षेत्र में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी को सिर्फ पांच महिलाओं ने शुरू किया था। आज इसके 71 हजार शेयरहोल्डर हैं और इसके जरिये प्रतिदिन 2.5 लाख लीटर दूध का कलेक्शन होता है। इस कम्पनी ने 1225 करोड़ रुपये का टर्नओवर करके 24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी तो पूर्वांचल के हरियाली जैसे क्षेत्र में है। अभी इसके 12926 शेयरहोल्डर हैं और प्रतिदिन 33 हजार लीटर दूध का कलेक्शन हो रहा है। मेहनत करें, शेयरहोल्डर बढ़ाएं, लोगों को पशुपालन के लिए प्रेरित करें, गांव-गांव दुग्ध संग्रह समितियां बनाएं। ऐसा करेंगे तो श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का सामर्थ्य प्रतिदिन 3 लाख लीटर दूध के कलेक्शन का होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एनआरएलएम की मिशन निदेशक को निर्देशित किया कि श्री बाबा गोरखनाथ मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी से जुड़ी महिलाओं को बलिनी का दौरा कराकर प्रशिक्षण दिलाया जाए।

# ग्राम चौपालों में समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

- अब तक 01 लाख 16हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन
- शुक्रवार को 1412 ग्राम पंचायतों में किया गया, ग्राम चौपालों का आयोजन

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल ,(गांव की समस्या -गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1412 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4002 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3455 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 6400 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 80 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 01 लाख 16 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 79 लाख 86 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 04 लाख 46 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने पर मौलाना रज़ा हुसैन रिज़वी का स्पष्टीकरण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** शिया वक़्फ़ बोर्ड के सदस्य मौलाना रज़ा हुसैन रिज़वी ने वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने पर अपना स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मैंने एक शिया आलिम के रूप में संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में भाग लिया था, इसका मजलिसे उलेमा-ए-हिंद से कोई संबंध नहीं था। मौलाना ने कहा कि मैंने संयुक्त संसदीय समिति के सामने अपना पक्ष रखा और कहा कि वक़्फ़ संशोधन विधेयक अस्वीकार्य है। वक़्फ़ को वाक़िफ़ की मंशा के मुताबिक़ और मिल्लत के फायदे के लिए होना चाहिए। औक़ाफ़ अल्लाह और इमाम की संपत्ति है जिस पर सरकार का कोई अधिकार नहीं है, इसलिए वक़्फ़ संशोधन विधेयक इसी संदर्भ में तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर इस मंशा के खिलाफ वक़्फ़ संशोधन विधेयक पारित किया गया तो हम इसका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक़्फ़ संशोधन बिल हमें किसी भी सूरत में मंजूर नहीं है,यही बात मैंने संयुक्त संसदीय समिति के सामने रखी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष मैंने व्यक्तिगत तौर पर भाग लिया था, इसका मजलिसे उलेमा-ए-हिंद से कोई संबंध नहीं था। ज्ञात रहे कि 19 दिसंबर को मौलाना रज़ा हुसैन रिज़वी ने वक़्फ़ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष अन्य प्रतिभागियों के साथ अपना पक्ष रखा था। जिसके बाद कुछ अखबारों ने उनके बयान को बिल के प्रति समर्थन जताने के तौर पर गलत तरीके से पेश किया था।

### महाकुंभ 2025 का आमंत्रण देने त्रिपुरा जाएंगे मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल और व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल आगामी 22-23 दिसंबर को त्रिपुरा का दौरा करेंगे। इस विशेष दौरे का उद्देश्य प्रयागराज महाकुंभ 2025 के महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करना और त्रिपुरा के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने का निमंत्रण देना है।

कार्यक्रम के तहत दोनों मंत्री 22 दिसंबर 2024 को अपराह्न में त्रिपुरा के अगरतला स्थित राज्य अतिथि गृह पहुंचेंगे। वहां वे त्रिपुरा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे प्रयागराज महाकुंभ 2025 के महत्व पर चर्चा करते हुए उन्हें औपचारिक रूप से इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में भाग लेने का निमंत्रण सौंपेंगे।

# गन्ना का आच्छादन बढ़ाने हेतु आगे आयें चीनी मिलें

अवधनामा ब्यूरो



- गन्ना किस्म को.0238 में डी. जनरेशन उपज में आ रही गिरावट एवं रोग कीटों से अधिक प्रभावित होने के कारण इसके विस्थापन का लिया गया निर्णय
- गन्ना किस्म के बदलाव तथा रोग कीटों के प्रभावी नियंत्रण के समुचित योजना के क्रियान्वयन हेतु ब्रेन स्टार्मिंग सेशन संपन्न
- समीक्षा बैठक में गन्ना विभाग के अधिकारियों, गन्ना शोध केन्द्र के वैज्ञानिकों, चीनी मिलों तथा गन्ना किसानों ने किया प्रतिभाग

**लखनऊ।** सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, उ.प्र. वीना कुमारी के कुशल नेतृत्व में गन्ना किसानों के व्यापक हितों के दृष्टिगत आगामी बसन्तकालीन बुवाई एवं रोगों से प्रभावी प्रजाति बदलाव विषय पर प्रदेश के गन्ना किसानों, वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों व चीनी मिल प्रबन्धन के साथ विस्तृत चर्चा हुई सम्पन्न। इस बैठक में आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र. ने निर्देश दिया कि विभागीय अधिकारीचीनी मिलवार जलवायु एवं भौगोलिक दशाओं के अनुसार 25 दिसम्बर, 2024 तकतैयार करें माइक्रो प्लान तथा क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करें। आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र.ने बताया कि गन्ना किस्म को.0238 में डी. जनरेशन उपज में आ रही गिरावट एवं रोग कीटों से अधिक प्रभावित होने के कारण इसके विस्थापन का निर्णय लिया गया है। इसी के दृष्टिगत गन्ना किस्म के बदलाव तथा रोग कीटों के प्रभावी नियंत्रण के समुचित योजना के क्रियान्वयन हेतु ब्रेन स्टार्मिंग सेशन आयोजित की गयी थी। बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं चीनी मिलों को गन्ना किस्म को. 15023, को.0118, को.लख. 14201, को.लख. 16202, को.शा.13235, को.शा.17231, को.शा.18231 के बीज आरक्षित कर को.0238 को विस्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि गन्ने की सम्भावित कमी के दृष्टिगत फील्ड में खड़ी नर्सरी एवं अन्य प्लाटों में खड़ी फसल का बीज में चयन करते हुए बीज को आरक्षित करायें तथा प्रचार-प्रसार के माध्यमों से पोस्टर, बैनर एवं वाहनों से मुनादि द्वारा गन्ना किस्म को.0238 से होने वाले नुकसान एवं इसके विस्थापन के संबंध में किसानों को जागरूक करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं चीनी मिलों को निर्देश दिये कि गन्ना बुवाई के समय बीज व भूमि उपचार तथा ट्राइकोडर्मा के उपयोग द्वारा लाल सड़न एवं बील्ट के पैथोजन का उचित नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस बैठक में संयुक्त प्रबन्ध निदेशक नवनीत सेहारा, अपर गन्ना आयुक्त(विकास) वी.के शुक्ल, अपर गन्ना आयुक्त(समितियां) डा. वी.बी. सिंह, अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) विश्वेश कनौजिया, समस्त परिक्षेत्रीय अधिकारी, वैज्ञानिक एवं चीन मिलों के प्रतिनिधि के साथ-साथ जनपदों से वर्चुअल जुड़े प्रगतिशील गन्ना किसान उपस्थित रहे।

### तहसील डलमऊ में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन




**रायबरेली/लखनऊ।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील डलमऊ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 07 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

# भारत में रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव देने के लिए तीन गुना अधिक ध्यान दें : केंद्रीय मंत्री

अवधनामा ब्यूरो



- अश्विनी वैष्णव ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में 101 रेलवे अधिकारियों को 69वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 22 जोन को शील्ड प्रदान

**नई दिल्ली/लखनऊ।** केंद्रीय रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में 101 रेलवे अधिकारियों को 69वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 22 जोन को शील्ड प्रदान किए। दिल्ली। इस समारोह में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य तथा विभिन्न रेलवे जोन और उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक उपस्थित थे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने, पुरस्कार और शील्ड प्रदान करने के बाद उपस्थित सम्मानित लोगों को संबोधित करते हुए, सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण कार्य और प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में हुई परिवर्तनकारी प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने निर्माण की तीव्र गति, कश्मीर से कन्याकुमारी रेल लिंक जैसी परियोजनाओं को पूरा करने और पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी पहलों का उल्लेख किया। 2025 तक 100त्न विद्युतीकरण के लक्ष्य के साथ विद्युतीकरण के प्रयासों में तेजी आई है, जबकि वंदे भारत, नमो भारत और माल ढुलाई गलियारों जैसी परियोजनाओं ने गति पकड़ी है। कवच सुरक्षा प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। वैष्णव ने स्टेशन पुनर्विकास में उल्लेखनीय प्रगति, परिणामी दुर्घटनाओं में पर्याप्त कमी (345 से 90 तक) और शिकायतों से मुक्त कुशल भर्ती प्रक्रिया, 1.5 लाख पदों को भरने का उल्लेख किया। उन्होने बताया कि रेलवे में स्वच्छता पहलों की प्रशंसा की गई है, जिसमें विपक्षी नेताओं की प्रशंसा भी शामिल है, और एक नया सुपर ऐप जल्द ही यात्रियों के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। वैष्णव ने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए सुरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण में प्रयासों को तीन गुना करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### हिन्दू महासभा त्रिदंडी का प्रतिनिधि मंडल 23 दिसंबर को संभल जायेगा



**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी का एक प्रतिनिधि मंडल 23 दिसंबर को संभल जायेगा। जो उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा एवं डिप्टी एसपी अनुज चौधरी को सनातन धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया जाएगा। पार्टी मुख्यालय के प्रभारी प्रमोद त्रिवेदी के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के निर्देश पर बदायूं जिला अध्यक्ष शिवम शर्मा के नेतृत्व में अखिल भारत हिन्दू महासभा (त्रिदंडी) की टीम सम्भल जाएगी। टीम में पश्चिमांचल अध्यक्ष सौरभ कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री विपिन कुमार सिंह, पश्चिमांचल उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, विधि परामर्शदाता एडवोकेट विकास उपाध्याय, नगर अध्यक्ष उझानी ऋषभ गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष बहिन रोशनी शंखवार आदि सदस्यगण रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री त्रिवेदी ने बताया कि संभल के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में जिस तरह से सनातन हितों की रक्षा करते हुए कदम उठाए हैं वह बेहद सराहनीय है और इसके लिए वह सम्मान पाने के प्रबल दावेदार है।

# शहर में कहीं पर भी मलवा, कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ न दिखाई दे: शर्मा

अवधनामा ब्यूरो



- महाकुंभ-2025 के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें
- अगले 10 दिनों में कुंभ मेला क्षेत्र सहित प्रयागराज शहर के सभी 100 वार्डों में साफ-सफाई, स्वच्छता, सुंदरीकरण व व्यवस्थापन के कार्यों को पूरा करा लिया जाए
- मैनपॉवर और मशीन का पूरी क्षमता के साथ प्रयोग कर व कार्मिकों की टीम बनाकर कार्य करें
- पूरे शहर तथा मेला क्षेत्र में विद्युत दुर्घटना न हो, सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए
- तीर्थराज प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 को दिव्य, भव्य, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाने में दोनों विभागों के कार्मिक अपना योगदान दें
- इस बार के महाकुंभ में नया प्रयागराज दिखे, प्रयागराज वैश्विक स्तर का नगर दिखे, इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएं : नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारियों एवं व्यवस्थापन को अंतिम स्वरूप देने के लिए शनिवार को नगर आयुक्त प्रयागराज, मुख्य अभियंता विद्युत प्रयागराज तथा जल निगम के अधिकारियों के साथ कराये जा रहे कार्यों को लेकर जरूरी निर्देश दिए तथा महापौर प्रयागराज से व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों में कुंभ मेला क्षेत्र सहित प्रयागराज शहर के सभी 100 वार्डों में साफ-सफाई, स्वच्छता, सुंदरीकरण व व्यवस्थापन के कार्यों को पूरा करा लिया जाए, कहीं पर भी मलवा, कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ दिखाई न दे। मैनपॉवर और मशीन का पूरी क्षमता के साथ प्रयोग कर तथा कार्मिकों की टीम बनाकर कार्य करें। इसी प्रकार विद्युत विभाग के अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण तन्मयता से निभाएं और जहां कहीं पर भी प्रकाश की जरूरत हो, उसे रोशन करें। पूरे शहर तथा मेला क्षेत्र में विद्युत दुर्घटना न हो, सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। खुले ट्रांसफार्मर की जाल से सेफगार्डिंग करायें। ट्रांसफार्मर के आसपास होर्डिंग और पेड़ों की शाखाएं न हो। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के कार्मिकों की जिम्मेदारी है कि वह तीर्थराज प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 को दिव्य, भव्य, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। ए0के0 शर्मा शनिवार को जल निगम फील्ड हॉस्टल 'संगम' लखनऊ में महाकुंभ की तैयारियों को लेकर विद्युत, नगर विकास, जल निगम, नगर निगम प्रयागराज के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ पर्व का पूण्य फल प्राप्त करने के लिए अब ज्यादा समय नहीं बचा है। दोनों विभागों के अधिकारी युद्ध स्तर पर लगकर अपने कार्यों को 31 दिसंबर तक पूरा करायें।

उन्होंने कहा कि कार्यों में तेजी लाने के लिए मैनपॉवर, सामग्री व मशीन की कमी न पड़े।

### मानस मंदिर डालीगंज में कन्या दान उत्सव आज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राधा सखी सेवा परिवार समिति की ओर से छठा कन्यादान उत्सव 22 दिसम्बर दिन रविवार को डालीगंज स्थित मानस मंदिर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर आज एक बैठक मानस मन्दिर मे समिति की अध्यक्ष व संस्थापिका सुषमा अग्रवाल व मौसमगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्यामदास अग्रवाल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। सुषमा अग्रवाल ने बताया कि इस बार भी पांच कन्याओं का कल्याण मंडप होगा। सुषमा ने बताया कि विवाह से पूर्व 22 को पूर्वाह्न 11 बजे नयागंज डालीगंज से पांचों दूल्हे बरात लेकर आयेगी। 11:30 बजे द्वारचार, साढ़े 12 बजे जयमाल और शाम साढ़े चार बजे डोली में गोधुली बेला में विदाई कार्यक्रम होगा। शाम को साढ़े पांच बजे यहां भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अंजलि बंसल, गीता गुप्ता, कविता, बीना जैन, उर्मिला अग्रवाल, निरुपमा, विधि बंसल शीला सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया कानपुर में पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित कॉन्क्लेव का शुभारंभ

# महाकुंभ- 2025 आतिथ्य सत्कार और पर्यटन विकास का बड़ा अवसर: जयवीर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महाकुंभ- 2025 आतिथ्य-सत्कार व पर्यटन क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर है। इससे करोड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा, जिससे देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इन्हीं बिंदुओं पर मंथन के लिए पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ नार्दर्न इंडिया की ओर से कानपुर में शनिवार को कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा, होटल इंडस्ट्री में आतिथ्य से जुड़े हर पहलू पर ध्यान देने की आवश्यकता है। छोटी-छोटी बातें भी आगंतुकों को प्रभावित करती हैं। हर अवसर हमारे लिए महत्वपूर्ण है। महाकुंभ- 2025 हमारे लिए ऐसा ही एक अवसर लेकर आया है। महाकुंभ हमारी संस्कृति, एकता, संस्कार का महापर्व है। हमारे लिए 'अर्ध' नाम की कोई चीज नहीं है। कुंभ ही महाकुंभ है। महाकुंभ के लिए आने वाले हर वर्ग के लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं दी जानी चाहिए। महाना ने कहा कि टेंट सिटी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विभिन्न स्नान पर्वो में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। सभी की सुविधा का ख्याल रखना भी अहम है। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने होटल व्यवसायियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि महाकुंभ के दौरान आप व्यापार के साथ अपने संस्कारों को भी समाहित करते हुए बेहतर आतिथ्य का आदर्श प्रस्तुत करेंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, यह हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का प्रतीक है। महाकुंभ में डुबकी लगाना न केवल आत्मिक शुद्धि का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे समाज के विविध रंगों को एक सूत्र में पिरोता है।